फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 12, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - सुचेता : दृढ़, लेकिन दयामयी नेत्री

अन्दर : पुजारा ने पिछले एक दशक में कई अहम पारियां खेलीं : द्रविड़



डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

CUET CHS
BHU / DU / AU
ENTRANCE EXAM - 2023
6, 9 & 11
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
B.Sc, B.Com, B.A, B.Ed
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक CLAT & BLAT
9335418689, 9335720660

# त्रिपुरा में 81 फीसदी मतदान

## चुनाव आयोग ने भेजा भाजपा व कांग्रेस को नोटिस

**अगरतला।** त्रिपुरा की 60 विधानसभा सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग अब खत्म हो गई है। शाम 5 बजे तक 81% मतदान हुआ। हालांकि ये डेटा अभी अपडेट हो सकता है। चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आएंगे। इससे पहले 2018 में त्रिपुरा में 90% मतदान हुआ था और सरकार भाजपा ने बनाई थी।

इस बार राज्य में कुल 3,337 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सिंगल फेज में हुए चुनाव में राज्य की 28.13 लाख जनता ने 259 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। यह चुनाव 2023 का पहला चुनाव है। उधर, भाजपा-कांग्रेस को ट्विटर पर वोटिंग अपील करना भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने दोनों दलों को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस भेजा है। भाजपा महासचिव दिलीप सैकिया को भी इस मामले में नोटिस भेजा गया है।

**विधानसभा चुनाव**

**पश्चिम त्रिपुरा, उत्तरी त्रिपुरा और धलाई में अगरतला, टाउन बोरदोवाली, सूरमा और जुबराजनगर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर डराने-धमकाने और संघर्ष की खबरें**

पूर्व सीएम मनिक सरकार ने आरोप लगाया कि जिन लोगों को वोट नहीं डालने दिया गया, उन्होंने दूसरों को भी वोटिंग से रोका। साउथ त्रिपुरा के 36-शांतिर बाजार में कलाचेरा बूथ के बाहर एक सीपीआई समर्थक की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। हरिपुर गांव के (दासपारा) ऋषिमुख में हमला कर मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वोटिंग शुरू होने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने युवाओं से रिकॉर्ड मतदान करने की अपील की।



ब्रू प्रवासियों ने 26 साल बाद पहली बार वोट दिया। इन्हें 1997 में जातीय हिंसा के कारण मिजोरम छोड़ना पड़ा था। इन्हें त्रिपुरा में पुनर्वास दिया गया था। भारत-बांग्लादेश सीमा के जॉयनगर में फेंसिंग एरिया के मतदाता वोट डालने पहुंचे। यहां कई भारतीयों के घर फेंसिंग के अंदर हैं। भारत बांग्लादेश के साथ 856 किमी की बॉर्डर शेयर करता है। उधर मतदान के बीच टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा का बयान सुर्खियों में आ गया है। प्रद्योत ने कहा है कि अगर उनकी पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाती है तो वे भाजपा विधायकों को खरीदने के बारे में सोच रहे हैं। चुनाव के बाद गठबंधन और खरीद-फरोख्त के सवाल पर देबबर्मा बोले- मैं अपने महल के कुछ हिस्से को बेचकर भाजपा के 25-30 विधायकों को खरीदने के बारे में सोच रहा था। मेरे पास पैसा ही पैसा है।

### अज्ञात बदमाशों ने की कांस्टेबल की हत्या

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अगरतला विधानसभा क्षेत्र के उजान अभयनगर में अज्ञात बदमाशों ने पुलिस कांस्टेबल समीर साहा की चाकू मारकर हत्या कर दी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती साहा के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा के गुंडों ने उन पर हमला किया। एक अन्य घटना में, राजधानी के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति नहर में गिर गया, जब एक राजनीतिक दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने उस पर हमला करने की कोशिश की। आपदा प्रतिक्रिया बल अब उसका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# गोरखपुर में हाथी ने बच्चे सहित तीन को कुचला, मौत

**गोरखपुर।** सीएम सिटी गोरखपुर से एक दर्दनाक मामला सामने आया है जहां पर यज्ञ समारोह के दौरान एक हाथी भड़क गया। जिस वजह से कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। गुस्साए हाथी ने कई लोगों को रौंद दिया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। घटना पर सीएम योगी गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक तिवारीपुर इलाके के जगतबेला स्थित मोहम्मदपुर माफी गांव में एक यज्ञ समारोह का आयोजित किया गया था। कलश यात्रा के दौरान हाथी को भी बुलाया गया था। इस दौरान काफी शोर हो रहा था जिस वजह से हाथी भड़क गया। हालांकि भगदड़ के बाद मामले की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। काफी मशक्कत के बाद हाथी को ट्रैंकुलाइज कर पकड़ लिया गया।

**दर्दनाक मंजर**

**सीएम योगी ने घटना पर जताया दुख**

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नहीं ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्चा कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नहीं खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
MAKE IN INDIA
वितरक जैन एजेंसीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

# गौतम अडाणी को लगा एक और तगड़ा झटका



**हाथ से निकली बड़ी डील**

**नई दिल्ली।** अडाणी पावर लिमिटेड 7,017 करोड़ रुपये में डीबी पावर की ताप बिजली परिसंपत्तियों को खरीदने का सौदा पूरा करने में विफल रही है। अडाणी पावर ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि हम सूचित करना चाहते हैं कि 18 अगस्त 2022 को हुए सहमति पत्र के तहत अंतिम तारीख बीत गई है। अडाणी पावर ने इससे पहले अगस्त 2022 में बताया था कि उसने डीबी पावर लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए समझौता किया है। कंपनी के पास छत्तीसगढ़ में 1200 मेगावाट क्षमता का एक ताप बिजली संयंत्र है। सौदे की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछे गए सवालों का खबर लिखे जाने तक अडाणी पावर ने कोई जवाब नहीं दिया था।गौरतलब है कि अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया, और संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट हुई। डीबी पावर के अधिग्रहण के लिए शुरूआती एमओयू 31 अक्टूबर 2022 में हुआ था। इसके बाद सौदा पूरा करने की अंतिम तारीख को चार बार बढ़ाया जा चुका है।

# यूपी नगर निकाय चुनाव अप्रैल में होने के आसार




**लखनऊ।** यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। नगर निकाय चुनाव अप्रैल में कराए जा सकते हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग फरवरी के आखिरी में और मार्च के पहले हफ्ते में रिपोर्ट सौंप सकता है। आयोग ने 46 जिलों का भ्रमण कार्य पूरा कर लिया है। इसी आधार पर रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू हो गया है। आयोग जल्द शासन को रिपोर्ट सौंप सकता है। कोर्ट की समयसीमा के मुताबिक आयोग को 31 मार्च 2023 तक ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट देनी थी।जानकारी के मुताबिक, आयोग द्वारा रिपोर्ट सौंपने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग उसी आधार पर आरक्षण को निर्धारित कर नई लिस्ट जारी कर सकता है। साथ ही जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान भी हो सकता है। आरक्षण घोषित करने के पहले नगर विकास विभाग अनंतिम आरक्षण सूची जारी करेगा और इस पर हफ्ते 10 दिन के भीतर आपत्तियां मांगी जाएंगी। इन आपत्तियों के निस्तारण के साथ ही अंतिम आरक्षण सूची जारी की जाएगी। गौरतलब है कि जनवरी महीने में सदमिख्सा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संकेत दिए थे कि सरकार हर हाल में अप्रैल-मई तक नगर निकाय चुनाव को संपन्न कराएगी। साथ ही उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए कमर कसने की भी बात कही थी। अब जब आयोग का सर्वे का काम पूरा हो गया है, तो कहा जा रहा है कि शासन को रिपोर्ट मिलते ही चुनाव आयोग नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाएगा।

ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति भवन भदोही की तरफ से
87वीं त्रिमुर्ति शिवजयंति पर्व की हार्दिक बधाई






अगर हम सच्चे मन से निराकार परमात्मा शिव जो कि पवित्रता-ज्ञान-शांति के सागर हैं, को याद करते हैं तो हमारे मन की स्थिति उनके साथ जुड़ जाती है और हमारे व्यवहार में दिव्यता आने लगती है। जो आत्माएं सिर्फ परमात्मा को याद करती है तो उनके अंदर परमात्मा की दिव्यता, उनका प्यार और उनकी सर्व शक्तियां समाने लगती है। मानो, उनकी मन की स्थिति भी वैसी बन जाती है। और उन्हीं आत्माओं को देवी-देवता कहते हैं। वही आत्माएं सोलह कला सम्पन्न, सम्पूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम बन जाती है। जिनका संबंध परमात्मा से जुड़ जाता है वह कभी भी किसी से कुछ मांगेगा ही नहीं। वह तो सिर्फ देंगे और देते ही रहेंगे। और देते-देते वो ही आत्माएं देवी-देवता बन जाते हैं और यह सृष्टि कलियुग से बदल सतयुग बन जाती है।

**ब्रह्म तत्व है परमात्मा शिव का निवास स्थान**

इस मनुष्य सृष्टि के सूर्य, तारागण और आकाश तत्व के भी पार एक और लोक है। जहां ब्रह्मा, विष्णु और शंकर निवास करते हैं। इस लोक को देवताओं की दुनिया कहा जाता है। यहां देवताएं प्रकाश के शरीर में विराजमान होते हैं। सूक्ष्म देवलोक के पार भी एक अन्य लोक है। जहां सूक्ष्म शरीर नहीं होता है वहां तो शांति ही शांति है। जिसे परमधाम, ब्रह्मलोक, परलोक, शांतिधाम, मुक्तिधाम या निर्वाणधाम के नाम भी जाना जाता है। यहां एक ज्योति तत्व व्याप्त है जिसे ब्रह्म कहा जाता है। यह ब्रह्म तत्व चेतन नहीं है बल्कि प्रकृति का छठा तत्व है जो सत, रज और तमो गुण से न्यारा है। इस अखण्ड ज्योति ब्रह्म तत्व में आत्माएं, संकल्प-विकल्प से रहित, सुख-दुख तथा जन्म-मरण से न्यारी मुक्ति की अवस्था में रहती है। यहां से ही आत्माएं इस सृष्टि रंगमंच पर अपना-अपना पार्ट बजाने आती है और शरीर धारण करती है। जैसे आकाश से कोई तारा टूटकर पृथ्वी पर गिरता है वैसे ही आत्माएं मुक्तिधाम को छोड़कर माता के गर्भ में प्रवेश करती है और स्थूल शरीर धारण करती है।

**शिवलिंग की तीन रेखाओं में है ब्रह्माण्ड का रहस्य**

हम देखते हैं कि शिवलिंग पर सदा तीन रेखाएं अंकित की जाती है। जो कि उनके तीनों लोकों का स्वामी होने का प्रतीक है। फिर रेखाओं के बीच में एक आंख दिखाया जाता है। जो कि परमात्मा के त्रिनेत्री होने का प्रतीक है। इसके साथ ही शिवलिंग पर तीन पत्तों वाला बेलपत्र चढ़ाया जाता है। जो कि ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के रचयिता होने का प्रतीक है। वे प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा नई सृष्टि की स्थापना, विष्णु द्वारा दैवी सतयुगी सृष्टि की पालना और शंकर द्वारा कलियुगी सृष्टि का विनाश कराते हैं। जब परमात्मा का अवतरण होता है तब साथ ही इन तीनों देवताओं का भी कार्य भी सूक्ष्मलोक में प्रारंभ हो जाता है।



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व ब्रह्माकुमारीज अत्यंत धूमधाम से मना रही है। इस वर्ष ब्रह्माकुमारीज भदोही में द्वादश ज्योतिर्लिंगम की झांकी सजाई गई है एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जो प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगी। सभी नगरवासियों को निराकार परमात्मा शिव की झांकी एवं आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी देखने के लिए सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

राजयोग मेडिटेशन द्वारा गहन शांति की अनुभूति करने के लिए ब्रह्माकुमारीज, विश्व शांति भवन, रजपुरा चौराहा, भदोही अवश्य पधारें।

संपर्क सूत्र -
भदोही -विश्व शांति भवन, रजपुरा चौराहा,
मो. - 9451913056

**शिव और शंकर में अंतर**

आज प्रायः लोग शिव और शंकर को एक ही मानते हैं। जबकि शिव का अर्थ होता है कल्याणकारी और शंकर का अर्थ होता है विनाशकारी। वास्तव में शिव और शंकर एक के ही दो नाम नहीं है, बल्कि दोनों अलग-अलग है। परमपिता परमात्मा जिन्हें निराकार व ज्योतिर्बिन्दु कहा जाता है का प्रतीक शिवलिंग है। शिव के मंदिरों में हम देखते हैं कि शिव की प्रतिमा अंगुष्ठाकार जैसी होती है जिसका कोई आकार नहीं होता है उसे हम शिवलिंग के नाम से जानते हैं। दूसरी तरफ, शारीरिक रूपों वाली महादेव शंकर की मूर्ति होती है जो कि प्रकाशमय आकारी देवता है। शिवलिंग निराकार ज्योतिस्वरूप, परमधाम के निवासी परमात्मा शिव की प्रतिमा है और दूसरी तरफ एक सूक्ष्म शरीर वाले शंकर की प्रतिमा है जो कि शंकरपुरी के निवासी है। परमात्मा शिव - ब्रह्मा, विष्णु और शंकर (त्रिमुर्ति देवताएं) के रचयिता हैं। इसलिए उन्हें देवों के भी देव महादेव कहा जाता है। शिव को पापकटेश्वर, मुक्तेश्वर, महाकाल, विश्वनाथ, त्रिभुवनेश्वर, पशुपतिनाथ, नागेश्वर, बैद्यनाथ आदि नामों से जाना जाता है। आज जो भी शंकर के चित्र मिलते हैं उसमें यही दिखाया जाता है कि शंकर तपस्या में लीन है और उनके आगे शिवलिंग रखा हुआ है माना शिव उनके भी आराध्य हैं। शिव योगेश्वर हैं जबकि शंकर योगी की मूर्ति है। हम शिवरात्रि मनाते हैं न कि शंकर रात्रि। त्रुटि केवल दोनों के नाम को एक मान लेने से हुई है।





**शिवरात्रि का संदेश**

जीवन में जब भी कोई छोटी या बड़ी बात आ जाए तो उस समय चेक करना कि सबसे पहले आपको कौन याद आता है? कई बार हम सबसे राय लेते हैं। जब कहीं से समाधान नहीं मिलता है तब अंत में हम भगवान को याद करते हैं और कहते हैं अब तो तुम्हीं एक सहारा हो। यानी ईश्वर हमारे रिश्तों की सूची में थोड़ा पीछे चला गया है। लेकिन जब हमारा उनके साथ एक बहुत समीप का घनिष्ठ रिश्ता होता है तो सारा दिन हर बात में सबसे पहले वही याद आता है।

गीता पाठशाला
ज्ञानपुर - पटेल नगर, केनरा बैंक के सामने, मो. 9889641336,
गोपीगंज - खड्डही मोहाल, मो. 9936895548, उमरी - उमरी रवां, भदोही,
मो. 9451774107 रायपुर - कठौतीया रोड, धमुहां, रायपुर मो. -

AWAKENING TV Channel is available on
TATA PLAY 1084 | airtel 1060 | DTPL 578 | hathway 839 | 996 | 984
AWAKENING
Peace of Mind CHANNEL

ईश्वरीय निमंत्रण

18/02/23 को प्रातः 8:00 बजे सेवाकेंद्र पर शिव ध्वजारोहण और मुख्य अतिथि द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का उद्घाटन समारोह
संध्या - 4:00 से 6:00 बजे सेवाकेंद्र पर स्नेह-मिलन कार्यक्रम का आयोजन

नोट : महाशिवरात्रि के इस उद्घाटन कार्यक्रम में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

**दुखद**

### बाल-बाल बचे पति और बच्चा, मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**जनसंदेश न्यूज**



मृतका की फाइल फोटो



शोक में डूबे परिजन

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव के पास गुरुवार सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि पति और बच्चा बाल बाल बचा। महिला मायके आ रही थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रैक्टर सहित हिरासत में ले लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रूबी उर्फ तरुण जायसवाल पत्नी आशीष जायसवाल (30 साल) पति और बेटे यश जायसवाल (5 साल) के साथ बाइक से अपने ससुराल मुगलसराय चंदौली से अपने मायके जंसा के भाऊपू आ रही थी। जैसे ही हरसोस गांव पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे की जंसा से राजातालाब जा रहे टैक्टर की चपेट में आ गए। जिससे बाइक पर सवार विवाहिता रूबी उर्फ तरुण जायसवाल ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ गई। जिससे मौके पर ही विवाहिता की मौत हो गई जबकि पति आशीष तथा पुत्र यश दूर जा गिरे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने भाग रह ट्रैक्टर को ड्राइवर सहित हिरासत में ले लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल पति और बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी ले गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने चक्का जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। विवाहिता के परिजनों की तहरीर पर जंसा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

# पूर्व थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज समेत सात पर मुकदमा

### स्थगन आदेश के बाद भी विपक्षियों के निर्माण कार्य में की थी मदद

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना पुलिस ने अपने ही महकमे में निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि भटौली गांव में एक विवादित जमीन पर स्थगन आदेश होने के बावजूद आरोपी पुलिसकर्मियों ने विपक्षियों का सहयोग कर अवैध निर्माण कराने में ना केवल मदद की थी बल्कि पीड़ित पक्ष को धमकाया भी था। इस प्रकरण में पीड़ित ने कोर्ट में न्याय के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट के आदेश पर बड़ागांव थाने पर तैनात पर पूर्व में तैनात रहे इंस्पेक्टर जगदीश कुशवाहा, उप निरीक्षक प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह समेत विपक्ष के सात लोगों के खिलाफ रपट दर्ज की गयी।

वादी सदानंद राय ने मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी के अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मेरे तथा मेरे विपक्षी राकेश राय, विश्वजीत राय, नितिन राय, निशांत राय और पवन राय के बीच जमीन का विवाद है। उक्त जमीन पर कोर्ट ने यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया था। लेकिन विपक्षी अवैध निर्माण कार्य कराने लगे। जिसकी शिकायत पूर्व चौकी प्रभारी से किया गया तो निर्माण कार्य रोकने की जगह विपक्षियों का साथ देने लगे। इस बात की शिकायत पूर्व थानाध्यक्ष बड़ागांव से किया गया तो उन्होंने भी हीला हवाली की और विपक्षियों का मनोबल बढ़ाया।

11 दिसंबर 2021 को विपक्षियों ने मिलकर उन्हें मारापीटा था। एसपी ग्रामीण से आईजी तक इस मामले में शिकायत दर्ज करायी गयी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट का सहारा लेना पड़ा। कोर्ट के आदेश पर निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत सात लोगों के खिलाफ बड़ागांव थाने में रपट दर्ज हुआ।

# तस्करी के लिए बिहार जा रही 216 बोतल शराब बरामद

### चालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव के पास हाइवे किनारे पुलिस ने एक कार से 216 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की और चालक समेत कार को जब्त किया। आगे की कार्रवाई में आरोपी चालक को जेल भेजा गया।



पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर

थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया की बुधवार की रात वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रूपापुर गांव के सामने मंगल मोछू ढाबा के पास से सफेद रंग कार के अंदर से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चालक रंजीत ठाकुर निवासी हाउस नम्बर अ-78 नगली डेरी थाना नजफगढ़ दिल्ली को हिरासत में लेकर शराब के बारे में पूछताछ की गयी। सामने आया कि शराब हरियाणा से तस्करी के लिए बिहार जा रही थी। बिहार में शराब प्रतिबंधित है जिसके कारण वहां अच्छी कीमत मिल जाती है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई अतुल कुमार त्रिपाठी, एसआई हरिकेश यादव व कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी समेत आदि लोग रहे।

# किशोरी के यौन शोषण के आरोपी को दस साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट (प्रथम) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने नाबालिग से यौन शोषण करने के मामले में गंगापुर रोहनिया निवासी आरोपी मुकेश राजभर को दोषी पाते हुए दस साल की सजा सुनाई है और 20 हजार जुर्माना लगाया। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी आदित्य नारायण सिंह व वादी की ओर से अधिवक्ता गोपाल कृष्ण व पंकज श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार जंसा थाना निवासी वादी ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि 6 अगस्त 2014 को सुबह 5.30 बजे उसकी पोती शौच के लिए जा रही थी। अभियुक्त मुकेश राजभर ने उसकी पोती को अकेले देखकर कपड़े फाड़ दिये तथा विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। उसकी पोती किसी तरह से घर और आपबीती सुनाई। अदालत में अभियोजन की ओर से कुल 6 गवाह पेश किये गये थे। कोर्ट ने दोनो पक्षों के सुनने व साक्ष्य के अवलोकन करने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# दो कैंसर पीड़ित बच्चे प्रतीकात्मक आईपीएस बने

**सम्मान**

### सीपी ने अपनी कुर्सी पर बैठाया और सम्मानित किया

**जनसंदेश न्यूज**



सीपी ने कैंसर पीड़ित बालकों को बनाया आईपीएस

**वाराणसी।** ये जानते हुए कि मैं गंभीर बीमारी से जुझ रहा हूं, बावजूद अगर कोई हिम्मत दे और मनोबल को बढ़ाये तो वह काबिल ए तारीफ है। क्योंकि ये विश्वास अपनत्व और बीमारियों से लड़ने में ताकत प्रदान करती हैं। कुछ ऐसा ही देखते को मिला जब कैंसर जैसी घातक बीमारे से लड़ रहे दो बच्चों को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने ना केवल एक दिन का प्रतिकात्मक पुलिस अधिकारी बनाया बल्कि उन्हें ताकत प्रदान की। बच्चों को कुर्सी पर बैठाया गया और सम्मानित किया गया। बच्चे कमिश्नर की वर्दी में सीपी के साथ फोटो भी खींचवायी। और वहां मौजूद सिपाहियों और अन्य पुलिस अफसरों ने उन्हें सैल्यूट किया।

जिन दो बच्चों का सम्मान हुआ उनका नाम शिवानी (17) और शुभम (11) है। शिवानी कुशीनगर से हैं और शुभम बिहार के मुजफ्फरनगर से हैं। पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने कहा कि दोनों बच्चों का सपना था कि वे पुलिस अधिकारी बने।

भविष्य का तो नहीं पता, लेकिन कैंसर बीमारी ने उनके सपनों को धुंधला किया है। कमिश्नर ने कहा कि एक संस्था की तरफ से यह प्रस्ताव वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट को दिया गया था। संस्था के सीईओ दीपक भाटिया ने बताया कि बच्चों का इलाज टाटा कैंसर संस्थान में चल रहा है। बच्चे आईपीएस ऑफिसर बनना चाहते थे।

शिवानी क्लास 10वीं और शुभम 8वीं में पढ़ाई करते हैं। शिवानी के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं, माता एक अस्पताल में नर्स का काम करती हैं। वहीं, शुभम के पिता बिहार में किसान और माता गृहणी हैं। इस दौरान टाटा कैंसर हॉस्पिटल में इलाज करवाने वाली संस्था ने कमिश्नर का आभार जताया गया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट पर SANJIV KUMAR TRIPATHI S/o JAI SHANKAR TRIPATHI अंकित है जो गलत है। सही नाम SANJEEV TRIPATHI S/o JAI SHANKAR TRIPATHI निवासी-18/78 त्रिपाठी भवन, राममंदिर कालोनी, ओबरा जिला - सोनभद्र के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अंग्रेजी में पहले मेरा नाम RAJIV KUMAR MAURYA था अब हमने अपना नाम बदल कर RAJEEV KUMAR MAURYA कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। राजीव कुमार मौर्य पुत्र देवता दीन मौर्य, कस्बा-शनीचर बाजार, फूलपुर, आजमगढ़।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

सुग्रीव साहू रामनेश गुप्त महाविद्यालय, महिउद्दीनपुर, कोन, सोनभद्र, सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-01, शिक्षाशास्त्र-01, गृह विज्ञान-01, राजनीतिशास्त्र-01, एवं प्राचीन इतिहास-01 विषयों में प्रवक्ताओं की, योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/उ0 प्र0 शासन के मानक के अनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर दो फोटो एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों के साथ आवेदन करें।
**प्रबंधक**
मो0-9956585404, 9415617886

**आवश्यकता है**

जे0 डी0 महाविद्यालय, नसीरपुर, सलेमपुर, हंसराजपुर-गाजीपुर सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-1, समाजशास्त्र-1, राजनीतिशास्त्र-1, प्राचीन इतिहास-1, शिक्षाशास्त्र-1, भूगोल-1 एवं गृहविज्ञान-1 पदों में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0, एन0 सी0 टी0 ई0, उ0 प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो एवं आधार कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक**
मो0-9506691521

# युवक हत्या में आरोपी प्रेमी दंपति को उम्रकैद

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** अपर जिला जज पंचम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने युवक की हत्या के मामले में आरोपी प्रेमी दंपती सुजीत सिंह व दीप्ति सिंह और अनिल यादव को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।साथ ही आरोपितों पर दस दस हजार रुपया जुमार्ना लगाया है।

एडीजीसी ओंकारनाथ तिवारी के मुताबिक सजा पाए दीप्ती सिंह का मृतक संजीत सिंह पहले प्रेम संबंध था, किसी आपराधिक मामले में संजीत सिंह जेल चला गया तब कोहासी चोलापुर निवासी दीप्ती का संबंध कैथोर चोलापुर निवासी सुजीत सिंह से हो गया। जेल से आने के बाद जब मृतक संजीत को दीप्ती व सुजीत के संबंधो और विवाह करने की जानकारी मिली तब संजीत को रास्ते से हटाने के लिए सुजीत व दीप्ती ने एक अन्य युवक इंद्रपुर बड़ागांव निवासी अभियुक्त अनिल यादव को दो लाख में मृतक संजीत को रास्ते से हटाने का ठेका दे दिया,अनिल और संजीत दोनों मित्र थे घटना वाले दिन अनिल संजीत को 18 नवंबर 2009 को अपने साथ ले गया और उसकी गोली मारकर हत्या करने के बधाई शव को चोलापुर के मोहिनीडीह में सरसो के खेत में जमीन के अंदर गाड़ दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब गवाह बरखु चौहान खेत में गया तब देखा सरसो का पेड़ हटाकर ताजी मिट्टी में युवक का शव दफन किया गया था और हाथ बाहर निकला था, इस गवाह ने पुलिस को 21 नवंबर 2009 को सूचना दी अगले दिन अखबारों में खबर आने पर मृतक के भाई ने शिनाख्त की और एक प्राथिमिकी दर्ज कराई मृतक संजीत अभियुक्त अनिल के साथ अंतिम बार जाते हुए देखा गया था,जब अनिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया तब खुलासा किया कि दो लाख का ठेका दीप्ती व सुजीत ने दिया था और उसकी हत्या कर दी,अभियंक्त अनिल के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त असलहा भी बरामद किया था मामले के एक अन्य आरोपी संतोष की पत्रावली अभी भी विचाराधीन है। अदालत ने विचारण के बाद युवा दम्पत्ति और अनिल को दोषी पाया और सजा सुना दी।

# धनंजय सिंह पर हमले में गवाह का बयान दर्ज

**वाराणसी।** एमपी/एमएलए कोर्ट के प्रभारी अवनीश गौतम की अदालत में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में गवाह जितेंद्र बहादुर सिंह का बयान दर्ज किया गया। गवाह से आरोपी विधायक अभय सिंह की तरफ से अधिवक्ता अनुज यादव ने जिरह किया। कोर्ट ने जिरह के लिए अगली सुनवाई के लिए 27 फरवरी नियत कर दी। उधर अदालत में अभियोजन द्वारा गवाह को पक्षद्रोही घोषित किये जाने के अनुरोध के बाद जिरह की गई। अदालत में जिस समय गवाह का बयान दर्ज किया जा रहा था उस समय धनंजय सिंह भी मौजूद रहे। वरदात में घायल गवाह ने अदालत में दिए गए बयान में कहा कि 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक के साथ उनकी सफारी गाड़ी से एक मरीज को देखकर जौनपुर लौट रहा था तभी रास्ते में नदेसर स्थित टकसाल सिनेमाहल के पास शाम 6 बजे बोलेरो गाड़ी से अभय सिंह अपने 4-5 साथियों के साथ उतरा और ललकरते हुहए गोली चलाने लगे। इस घटना में विधायक, गनर, चालक समेत अन्य लोग घायल हो गए।

# घर में घुसकर गवाह को हिस्ट्रीशीटर ने दी धमकी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र में स्थित मारुति नगर कॉलोनी में रहने वाले फूलचंद दास की तहरीर पर हत्या के मामले में सुलह समझौता करने व पैरवी न करने के लिए 31 जनवरी को घर पर आकर धमकी देने वाले लंका थाने के हिस्ट्रीशीटर भंवर यादव के खिलाफ केस दर्ज किया। इस मामले की शिकायत पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी वाराणसी पुलिस के ट्विटर पर ट्वीट करके दी और कार्रवाई के लिए कहा। इंस्पेक्टर लंका ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस टीम लग गई है।

फूलचंद का आरोप है कि उनके बेटे शिव नारायण साहनी की हत्या वर्ष 2011 में कर दी गई। जिसको घटना का रूप दिखाने के लिए हत्या आरोपियों ने विश्व सुंदरीपुल से फेक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी अशोक यादव निवासी सीर गोवर्धनपुर केदार उर्फ बब्बू और बबलू साहनी को अभियुक्त बनाया। इस मामले में हत्यारोपी कुछ दिन पहले जेल से छूट कर आया और समझौता का दबाव बनाने लगा। आरोपियों ने हिस्ट्रीशीटर अशोक यादव के बड़े भाई भुवर यादव को फूलचंद के घर भेजा। भूवर फूलचंद के घर जाकर मुकदमा उठाने के लिए धमकी दिया था। पूरा घटनाक्रम घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### बाइक बचाने में बोलेरो पलटी

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कथौली स्थित एक पेट्रोल पंप से तेल भराकर निकल रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलोरो पलट गई। सुल्तानपुर निवासी तीन लोग एक बोलोरो से वाराणसी में आयोजित मित्र की शादी में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहा था, तभी पेट्रोल पंप से एक बाइक सवार अचानक सड़क पर आ गया । जिसके बचाने के चक्कर मे बोलोरो सड़क के किनारे पलट गई। लेकिन उसमे सवार नागेश मिश्रा, उपेंद्र व दिनेश पाल बाल बाल बच गए। वही घटना में बाइक सवार सुरक्षित रहे।

# संपत्ति कैंप में उपलब्ध कराई सुविधाएं



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) में गुरुवार को प्राधिकरण कार्यालय सभागार में साप्ताहिक संपत्ति कैंप का आयोजन किया जाता है। कैंप के अंतर्गत लोगों को एक ही स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

जिसमें पूर्व में विक्रय की गयी संपत्तियों की अवशेष धनराशि व किराये पर दी गयी विभिन्न सम्पत्तियों के बकाया भुगतान की सुविधा, संपत्ति रजिस्ट्री संपादित करने के लिए आवश्यक अभिलेखीय कार्यवाहियां, संपत्ति अनुभाग से संबंधित अन्य विभागीय कार्यवाहियों और संपत्ति नामांतरण, हस्तांतरण, एनओसी, फ्री होल्ड इत्यादि विभिन्न विभागीय कार्यवाहियों एवं आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य संपादित किये गये।

साथ ही संपत्ति अनुभाग से संबंधित समस्त जन शिकायतों एवं संदर्भों का निस्तारण किया गया।इसके अतिरिक्त लालपुर आवासीय योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के संबंध में वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा विस्तृत समीक्षा की गयी और प्रकरणों को तत्काल निस्तारण कर शिकायतकताओं व आवेदकों को मोबाईल पर सूचित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### वीडीए में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) में आन लाइन बिल्डिंग अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस) पर मानचित्र निस्तारण के लिए प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी संबंध में गुरुवार को कार्यालय में आन लाइन बिल्डिंग अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस) पर मानचित्र निस्तारण के लिए मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कैंप में उपाध्यक्ष, सचिव, प्रभारी अधिकारी (मानचित्र), सहायक अभियंता (मानचित्र), समस्त अवर अभियंता (मानचित्र), विन्यास लिपिक एवं कार्मिक के अतिरिक्त बड़ी संख्या में वास्तुविदों, अभियंताओं के साथ आम लोगों द्वारा भौतिक व जूम एप्प के माध्यम से वर्चुअली प्रतिभाग किया गया। तकनीकी प्रशिक्षण के अलावा ओबीपीएएस प्रणाली को उपयोग करने में आ रही समस्याओं व दिक्कतों का त्वरित समाधान किया गया। बड़ी संख्या में मानचित्र आवेदकों द्वारा अपने आवेदन में इंगित की गयी कमियों एवं अनापत्तियों को जमा करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए उपस्थित तकनीकी समूह से सहायता प्राप्त की गयी।

### वीडीए कराएगा दो दिन के लोन मेले का आयोजन

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से दो दिन के लोन मेले का अयोजन किया जाएगा। जो 21 और 28 फरवरी दो दिन के लिए वीडीए परिसर में आयोजित होगा। जो प्राधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों के आवंटियों को वित्तीय सविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**वाराणसी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नॉटीइमली शाखा का गुरुवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में एक भव्य सजीव झांकी निकाली गई जिसका नेतृत्व ब्रम्हाकुमारी चंदा बहन कर रही थीं। इस यात्रा में भारी संख्या में संस्था की महिलाएं श्वेत वस्त्र धारण किए हुए और माथे पर कलश लेकर चल रही थी तो यही लक्ष्मी नारायण की सजीव झांकी के साथ ही शिव और शंकर के अंतर को दर्शाती एक झांकी भी चल रही थी जिसमें भगवान शंकर जी परमपिता शिव की आराधना कर रहे थे। यात्रा के दौरान ब्रम्हा कुमार भाई एवं बहनों ने शिव के संदेश की पर्ची रास्ते में मिले वाले सभी लोगों को बांटते हुए चल रहे थे। यह भव्य यात्रा नॉटी इमली चोराहा है से शुरू होकर लहरावीर कबीरचोरा, लोहटिया ईश्वरगगी भरत मिलाप कालोनी का भ्रमण करते हुए पुनह नाटीईमली चौराहे पर आकर समाप्त हुई। यात्रा में बीके.मोहिनी, बीके.सोनम, साधना, कनक, सुनीता, मनीषा, प्रमोद जायसवाल, मनीष, विजय, दिनेश, प्रदीप चौबे आदि शामिल थे।



## संक्षेप

### तीन निरीक्षक समेत 17 को विशिष्ट सेवा पदक



**वाराणसी।** डीसीपी काशी जोन ने तीन निरीक्षक समेत 17 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में निरीक्षक शिवाकांत मिश्र, रमाकांत दुबे और राजेश कुमार सिंह वहीं उपनिरीक्षक में दुर्गा प्रसाद यादव, देवराज, जंग बहादुर यादव, राकेश कुमार सिंह और दुर्गेश सिंह समेत पुलिसकर्मी हैं। वहीं दूसरी तरफ वरुणा जोन के करीब दो सौ पुलिसकर्मियों को समयावधि पूर्ण होने पर स्थानांतरण किया गया।

### सीपी ने मार्कंडेय महादेव क्षेत्र का लिया जायजा



**चौबेपुर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन मातहतों संग बाबा के दरबार में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दर्शन पूजन और जलाभिषेक किया। निरीक्षण के लिए निकले तो महादेव घाट,संगम घाट,रैन बसेरा,दो दिवसीय मेले की तैयारियों को जांचा। सीपी के साथ सारनाथ एसीपी उन्हें ब्रीफ किया। सीपी ने कहा कि जलाभिषेक करने वाले शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए व्यापक इंतजाम होने चाहिए।

### शादी से लौट रहे युवक को ट्रेलर ने रौंदा



**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के कुआर बाजार में गुरुवार की रात शादी से पटाखा बजाकर घर लौट रहे युवक की ट्रेलर की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक पर बैठा दूसरा युवक बाल-बाल बच गया। फूलपुर के कठिरांव निवासी इम्तियाज अली उर्फ राजू शादी में पटाखा बजाने का काम करता है। गुरुवार को प्रेमनगर स्थित एक शादी में पटाखा बजाने के बाद अपने साथी अभिमन सरोज निवासी ढोरा फूलपुर के साथ घर लौट रहा था। कुआर बाजार में एक बारात लग रही थी। इस दौरान मध्यम गति से एक ट्रेलर जा रही थी। बाइक पर पीछे बैठा युवक अचानक उतर गया ऐसे में बाइक ने संतुलन खो दिया और चालक इम्यिाज ट्रेलर के नीचे आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।

### आईपीएस शिवा सिंह का कानपुर तबादला

**वाराणसी।** वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के चेतगंज की शिवा सिंह का स्थानांतरण कानपुर नगर कमिश्नरेट के लिए हुआ है। वहीं कानपुर से एसीपी श्रुति श्रीवास्तव वाराणसी के लिए स्थानांतरित की गई हैं। दोनों महिला अधिकारी 2020 बैच की आईपीएस अफसर हैं।

### वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**चोलापुर।** चोलापुर थाना क्षेत्र के कटहलगंज में गुरूवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 50 वर्षीय साइकिल सवार सदावृक्ष की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब की तलाशी ली तो उसका आधार कार्ड मिला। इसके बाद उसकी पहचान हुई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदावृक्ष चोलापुर क्षेत्र के ताला बभनियांव गांव का निवासी थे। पेशे से राजगीर मिस्त्री सदावृक्ष सुबह 8.30 बजे साइकिल से काम के लिए निकले। करीब नौ बजे कटहलगंज स्थित घुलेश्वरी मंदिर के समीप बाबतपुर की तरफ से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी और भाग निकला। आसपास के लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक की हार्ट अटैक से मौत

**वाराणसी।** गोला दिनानाथ स्थित जालपा देवी रोड निवासी युवक रोहित केशरी पुत्र संतोष केशरी उर्फ कल्लू सुबह रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक के मैदागिन स्थित कंपनी गार्डन गया था। तय समय से घर पहुंचा और सीने में दर्द की शिकायत की। परिजन उसे लेकर पास में स्थित एक क्लिनिक पर ले गए फिर मंडलीय अस्पताल पहुंचे।जहां चिकित्सक ने जांच के बाद रोहित को मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया गया। किसी को भरोसा नहीं कि 26 साल का रोहित अब उनके बीच नहीं है। तीन भाइयों से सबसे बड़ा रोहित जनरल स्टोर की दुकानों में सामान सप्लाई करने का काम करता था।

### एसीपी पिंडरा ने त्योहार के बाबत की बैठक

**पिंडरा।** आगामी पर्व पर साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाने कठिराँव चौकी परिसर में एसीपी पिंडरा अमित कुमार पांडेय ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। कहा कि त्यौहार को मिलजुलकर मनाना चाहिए। अगर अराजकतत्व इसमें दखल डालेंगे तो कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व और सबे बारात को सिद्दत के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार, समाजसेवी नंदलाल जायसवाल, भागीरथी यादव, संजय जायसवाल, बन्धु तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा नेता को लगाया 79 लाख का चूना

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर इलाके में स्थित प्रज्ञा नगर कॉलोनी में रहने वाले अविनाश उपाध्याय के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी कूट रचित करने के मामले में अपर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि सिगरा के रहने बीजेपी नेता व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक तिवारी को बीते साल अप्रैल में जमीन मिर्जामुराद में दिखाया। इसके एवज में अविनाश उपाध्याय ने उनसे दो किस्तों में 79 लाख दो किस्तों में लिया और जमीन भी रजिस्ट्री नहीं की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

### मोबाइल चोरी के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** चोरी की मोबाइल व रुपए बरामदगी के मामले में आरोपित को बड़ी राहत मिल गयी है। प्रभारी सत्र न्यायाधीश (अनिल कुमार श) की अदालत ने तारानगर, छित्तूपुर, नगवा, लंका निवासी आरोपित हिमांशु पटेल को 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रेयाजुद्दीन उर्फ बंटी खान ने पक्ष रखा।

### स्वामी प्रसाद पर स्याही फेंकने वालों पर कार्रवाई की मांग

**वाराणसी।** स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर स्याही फेंकने और रास्ता रोकने का प्रयास करने वालों पर कार्रवाई के बाबत अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय से मिला और ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता प्रेम प्रकाश यादव, नागेंद्र कुमार यादव, हरीश चंद्र मौर्य, रविशंकर, श्रीदत्त, राजेश कुमार ,एडवोकेट, वीरेंद्र कुमारसिंह शामिल रहे।

### पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

**वाराणसी।** दी बनारस कमिश्नरी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त प्रशासन विश्वभूषण मिश्र, सदस्य बार काउंसिल ऑफ इण्डिया, श्रीनाथ त्रिपाठी, विशिष्ठ अतिथि व सदस्य बार काउंसिल हरिशंकर सिंह और विनोद कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अनिल कुमार पाण्डेय अध्यक्ष, अजय कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बब्लू प्रसाद पटेल कोषाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खाते से निकाले 3. 60 लाख

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र के डॉक्टर कालोनी निवासी एक व्यक्ति के खाते से साइबर अपराधियों ने 3.60 लाख की जालसाजी कर पैसा निकाल लिया। पीड़ित सतेंद्र कुमार निवासी डॉक्टर कालोनी पांडेयपुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके खाते से अन्य जगहों पर पैसा ट्रांसफर कर लिया गया। पुलिस रपट दर्ज कर जांच में जुट गयी है।



# वाराणसी



# अपने ही विभाग से बेखबर डिप्टी सीवीओ, एडवर्स एंट्री

## मीटिंग में मांगी गयी कोई भी जानकारी नहीं दे सके उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** गौशालाओं और केयर टेकर के बारे में जानकारी उपलब्ध न कराने के आरोप में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक तिवारी को एडवर्स इंट्री देने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड यानि केसीसी मुहैया कराने के लिए निर्धारित लक्ष्य पूर्ण नहीं किया तो संबंधित सहायक पशु चिकित्साधिकारियों का वेतन जारी नहीं होगा। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्णय लेते हुए स्पष्ट कर दिया कि निराश्रित गोवंश आश्रय की देखरेख में अबतक चल रही मनमानी भविष्य में नहीं चलने देंगे।

विकास भवन सभागार में यह मीटिंग बुलायी गयी थी। इस मौके पर उन्होंने गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा की। उसमें कम से कम यह तो स्पष्ट हो ही गया कि पशुपालन विभाग की कार्यप्रणाली की स्थिति क्या है और शासन की प्राथमिकता में शामिल निराश्रित गोवंशों की देखभाल को लेकर जनपद में यह महकमा किस हद तक लापरवाह बना हुआ है। गौ आश्रय स्थलों पर मानक के अनुसार पशुओं की संख्या, किन-किन गौशालाओं में कितने पशु स्थानांतरित किए जाएंगे और शिफ्टिंग के बाद कितने गौशालाओं में अतिरिक्त शेड की जरूरत होगी, इस बारे में डिप्टी सीवीओ डॉ. अशोक तिवारी कोई जानकारी नहीं दे सके। इस अवसर पर डॉ. तिवारी न तो सहभागिता कार्यक्रम की सूचना पेश की और न ही यह बता सके कि गौशालाओं के केयरटेकर को किस माह तक का मानदेय दिया गया है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। बैठक में श्री नागपाल ने जानकारी तलब की कि प्रत्येक गौशाला पर पशु चिकित्सक सप्ताह में कितनी बार पहुंचते हैं। इस बारे में भी जिम्मेदार अफसर ब्योरा पेश नहीं कर सके। इस पर सीडीओ ने सीवीओ डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल को पशु चिकित्सकों का रोस्टर तैयार कर उसकी मॉनिटरिंग जिले से करने संबंधी सिस्टम बनाने के निर्देश दिये।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं में अब तक नेपियर ग्रास नहीं लगाई गई है, वहां संबंधित बीडीओ और एसडीएम से संपर्क कर यह लगवाने का कार्य आरंभ किया जाय। उन्होंने चेताया कि टारगेट के अनुसार केसीसी पूर्ण न होने पर जिम्मेदार सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों का वेतन रोक दिया जाएगा।

### यह है हाल

**सीडीओ ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में लिया कार्रवाई का यह फैसला**

**पता ही नहीं कि सप्ताह में कितनी बार गोशालाओं का दौरा करते हैं महकमे के डॉक्टर**

**चेताया: केसीसी का लक्ष्य पूर्ण न हुआ तो सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों का रोकेंगे वेतन**



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की


















# बाबा को लगी हल्दी, गौनहारिनों ने गाए गीत

### विवाहोत्सव

**बाबा को ठंडई, पान और मेवे का लगा भोग**



**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती विवाह के उत्सव का क्रम गुरूवार से विश्वनाथ मंदिर के महंत आवास पर भी आरंभ हो गया। टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर बाबा के रजत विग्रह का प्रतीक आगमन हुआ। संध्या बेला में शिव को हल्दी लगाई गई। बाबा को ठंडई, पान और मेवे का भोग लगाया गया। इसके पूर्व बसंत पंचमी पर बाबा श्री काशी विश्वनाथ की प्रतिमा तिलकोत्सव हुआ था। हल्दी की रस्म के लिए गौनहारिनों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पहुंची। सायंकाल बाबा का संजीवरत्न मिश्र ने विशेष राजसी-स्वरूप में श्रृंगार कर आरती व भोग लगाया। एक तरफ मंगल गीतों का गान हो रहा था दूसरी तरफ बाबा को हल्दी लगाई जा रही थी। बाबा के तेल-हल्दी की रस्म महंत डा. कुलपति तिवारी के सानिध्य में हुई। मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान हो रहा था। ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच शिव-पार्वती के मंगल दाम्पत्य की कामना पर आधारित गीत गाए गए। महंत आवास पर शिवांजलि की शुरूआत आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) ने बाबा के हल्दी के उत्सव के समय वृन्दावन से आकर बाबा के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। अपनी नृत्य की शुरूआत उन्होंने ₹अर्धांग भस्म भाभूत सोहे अर्ध मोहिनी रूप है₹ से की। इसके बाद भगवान शिव के भजन ₹हे शिव शंकर हे गंगा धर करुणा कर करतार हरे की प्रस्तुति दी। कथक नृत्य के साथ समापन होली से की जिसके बोल थे₹ ₹कैसी ये धूम मचाई बिरज में से की। लोकगीत में पागल बाबा ने 'पहिरे ला मुंडन क माला मगर दुल्हा लजाला..सुनाया। महिलाओं ने गीत गाकर भगवान शिव की रजत मूर्ति को चावल से चूमा। हल्दी-तेल पूजन पं.सुशील त्रिपाठी के आचार्यत्व में पॉच वैदिक ब्राह्मणों ने संपन्न कराया।







# राज्यपाल ने डीडी पर्यटन पर लगे आरोपों की जांच निदेशक को सौंपी

जनसंदेश न्यूज

**होगी पड़ताल**

**देवदीपावली के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विभागीय मंत्री और प्रमुख सचिव से की थी शिकायत**

**सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने दायित्वों में उदासीनता व सुस्ती के आरोपों की होगी जांच**

**वाराणसी।** जनपद में गत दिनों तक तैनात रहीं उप निदेशक पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव के खिलाफ लगे सरकारी कार्यों में लापरवाही, उदासीनता और शिथिलता के आरोपों की जांच होगी। इसके लिए राज्यपाल ने विभाग के निदेशक प्रखर मिश्र को जांच सौंपी है। बीते साल नवंबर माह में आयोजित देवदीपावली के दौरान कई स्तर पर समस्याएं उत्पन्न होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महकमे के मंत्री और प्रमुख सचिव से उनकी शिकायत की थी। गत वर्ष देवदीपावली के मौके पर सूबे के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डीडी पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव और पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव के विरुद्ध शिकायत की थी। जनप्रतिनिधियों ने उनसे कहा था कि दोनों अफसर दायित्वों के निर्वहन में रूचि नहीं ले रहे हैं। दोनों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में जुटे हैं। इस कारण वाराणसी के पर्यटन विकास के कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही विभाग की छवि धूमिल हो रही है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाये गये हैं कि देवदीपावली पर कार्यक्रमों के आयोजन में वित्तीय अनियमितता बरती गयी। वहीं, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम का आमंत्रण-पत्र नहीं दिया गया। जनप्रतिनिधियों के लिये निर्धारित व्यवस्था प्रशासनिक अफसरों को उपलब्ध कराते हुए जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा कर उन्होंने प्रोटोकाल के विपरीत कार्य कर हुए।

इन शिकायतों को देखते हुए राज्यपाल ने प्रीति श्रीवास्तव के विरुद्ध सरकारी कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं शिथिलता बरते के आरोपों की जांच निदेशक पर्यटन को सौंपी है। राज्यपाल ने उन्हें पदेन जांच अधिकारी नामित किया है। विभागीय आख्या के मुताबिक प्रीति और कीर्तिमान के बीच आपसी तालमेल नहीं था। फलस्वरूप देवदीपावली कार्यक्रम के आयोजन में असुविधाएं उत्पन्न हुईं। प्रकरण को लेकर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने अपने पत्र में लिखा है कि उप निदेशक पर्यटन में कुशल नेतृत्व का अभाव और अपने अधीनस्थ कार्मिक से जिस कुशल नेतृत्व व क्षमता के साथ सामंजस्य बनाकर कार्यक्रम संपन्न कराने की उम्मीद थी, उसमें प्रीति असफल रहीं। उनके इस कृत्य से सरकारी कार्यों में लापरवाही, उदासीनता और सुस्ती दिखती है। इस मामले में प्रयास के बावजूद प्रीति और कीर्तिमान की प्रतिक्रिया नहीं ली जा सकी।

## पर्यटन विकास के लिए निदेशक ने मांगा प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश पर्यटन के निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र ने प्रसाद स्कीम के तहत वाराणसी में समेकित टूरिज्म डेवलपमेंट के लिए यहां वर्तमान में तैनात महकमे के उपनिदेशक से तत्काल नये प्रस्ताव मांगे है। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रपोजल्स मंजूरी के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार को भेजेंगे। इस बारे में कई बार निर्देश दिये जाने के बावजूद अबतक संबंधित प्रस्ताव नहीं मिला है। श्री मिश्र ने प्रस्ताव तैयार करने के लिए कमिश्नर/डीएम की अध्यक्षता व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्टेक होल्डर कंसलटेशन की मीटिंग बुलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव बनाते वक्त ध्यान रखा जाय कि निःशुल्क निर्विवादित सरकारी जमीन की उपलब्धता हो। इसके अलावा प्रपोजल मूर्त स्वरूप लेने के बाद सृजित सुविधाओं के रख-रखाव तथा संचालन आदि पर होने वाले खर्च की स्थिति भी स्पष्ट रहे।

### कृषि भूमि बिक्री से मिला धन आयकर से मुक्त

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग एवं इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से संयुक्त रूप से चल रहे सात दिवसीय कार्यशाला में तीसरे दिन गुरुवार को आयकर संबंधी प्रावधानों पर चर्चा हुई। प्रथम सत्र में सीए मृदुला मालु ने कहा कि कृषि भूमि के विक्रय से प्राप्त धन आयकर से मुक्त होती है, इस दायरे में हाइवे किनारे जमीनों के अधिग्रहण से प्राप्त धन भी कर मुक्त होता है। वहीं विश्वनाथ कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित किये गये मकानों से प्राप्त धन पर भी कर योग्य है। दूसरे सत्र में सीए मीनाक्षी गुजराती ने कहा कि आयकर की धारा 80 सी के अंतर्गत डेढ़ लाख रुपए तक सुकन्या समृद्धि योजना, पांच वर्षीय फिक्स डिपॉजिट आदि योजनाओं में निवेश कर आयकर में छूट का लाभ लिया जा सकता है। स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय नाथ दुबे, संचालन शोध छात्रा आकृति राठी व शिवानी सिंह ने किया। इस अवसर पर उपाचार्य डॉ. राहुल, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. तरू सिंह, डॉ. प्रियंका बहल, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. ऋचा गुप्ता, डॉ. श्रुति अग्रवाल, डॉ. सत्यार्थ, डॉ. शांतनु सौरभ, मितिन आहूजा, डॉ. सोनल कपूर आदि सहित 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे।

## जगद्गुरु विश्वराध्य जयंती महोत्सव पर विद्वानों का सम्मान आज

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर जंगमबाड़ी मठ में दो दिवसीय जगद्गुरु विश्वराध्य जयंती का आयोजन 17 व 18 फरवरी को किया गया है। 17 को अपराह्न दो बजे से आयोजित विद्वत सभा में जगद्गुरु डा. चन्दशेखर शिवाचार्य महास्वामी प्रख्यात विद्वान प्रो. कृष्णकांत शर्मा को जगद्गुरु विश्वराध्य विश्व भारती पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इसी प्रकार आचार्य व्रज वल्लभ द्विवेदी शैव भारती सम्मानआचार्य शेषनारायण मिश्र व व्याकरण विभागाध्यक्ष को व ख्यातिलब्ध विद्वान प्रो.वागीश शर्मा दिनकर को शैव भारती शोध प्रतिष्ठान का नामित पुरस्कारतथा सिंधु सुभाष महमाने मातृशक्ति पुरस्कार विदुषी डा. मंजू कुमारी को प्रदान किया जायेगा। विनोदराव पाठक के अनुसार संस्कृत साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए नेपाल के मूर्धन्य विद्वान भरतमणि जंगम को क्टोडिमठ संस्कृत साहित्य पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इसके पूर्व दिन में 12 बजे से वेदांत विषय में शास्त्रार्थ होगा।

# अभद्र बर्ताव से नाराज डाक्टरों ने की हड़ताल

**शास्त्री चिकित्सालय**

**डाक्टर को धमकी देने वाले एक नामजद, दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**रामनगर।** रामनगर के लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के डाक्टर राजेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य कर्मियों को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं से मिल रही धमकी से भयभीत होकर गुरुवार को सुबह 11 बजे चिकित्सालय के सभी डाक्टर सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए। सभी डाक्टर एकजुट होकर शास्त्री चिकित्सालय के हड्डी के डॉक्टर राजेंद्र सिंह के समर्थन में डा संजय शर्मा,डा राबिन दुबे,डा सोनिया पडियार, डा मीनाक्षी दुबे, डा एनके यादव,जेपी वर्मा,डा पवन दुबे,पीके भारती,डा सीमा,डा नीलिमा समेत डेढ़ दर्जन डॉक्टर रामनगर थाना पहुंचे । अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपी प्रशांत पांडेय निवासी रामपुर के खिलाफ डा राजेंद्र सिंह ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। साथ ही प्रशांत पांडेय एवं दो अज्ञात के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज कराने के बाद सभी डॉक्टर शास्त्री अस्पताल वापस चलें गये। जानकारी के अनुसार 13 फरवरी को बंदर काटने की सुई लगवाने को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं अपने आपको विधार्थी परिषद का नेता बताने वाला रामपुर निवासी प्रशांत पांडेय और डॉक्टर राजेंद्र सिंह के बीच कहासुनी हो गई थी। बात बढ़ने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऐसी दुबे ने मामला समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। बुधवार को फिर आरोपी प्रशांत पांडेय अपने कुछ साथियों के साथ ओपीडी में डॉ राजेंद्र सिंह को ढूंढ रहा था। इस पर डॉक्टरों ने सीएमएस से कहा कि हम लोग खौफ के साए में मरीज के इलाज नहीं कर सकते। सभी डॉक्टर आपस में सलाह परामर्श करने के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर रामनगर थाने पहुंचकर युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे।

### बरेका में महिलाओं के लिए कैंसर पर जागरूकता सेमिनार एवं जांच

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में गुरुवार को अधिकारी क्लब में बरेका महिला कल्याण संगठन एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर (एमपीएमएमसीसी) के सौजन्य से महिलाओं के लिए ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्विकल कैंसर पर जागरूकता के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत में बरेका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रीना साहा को उपाध्यक्ष श्रीमती गौरी श्रीवास्तव ने एवं एमपीएमएमसीसी की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. रुचि पाठक एवं चिकित्सकों को संगठन की सचिव श्रीमती प्रिया राज ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया । सेमीनार के दौरान एमपीएमएमसीसी द्वारा महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं एवं बरेका में संगठन द्वारा संचालित सेंटरों पर कार्यरत महिला कर्मचारियों की कैंसर सम्बन्धी जांच भी की गई । डॉ. रुचि पाठक, गायनेकोलॉजिस्ट, एमपीएमएमसीसी, ने सेमीनार में बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्विकल कैंसर का खतरा बहुत ही कॉमन होता है, जिसकी विशेष सावधानी बरतनी अति आवश्यक है ।

## बिग बॉस' के शालीन भनोट ने बाबाधाम में टेका मत्था

**वाराणसी।** टीवी शो 'बिग बॉस 16' के फाइनलिस्ट में से एक शालीन भनोट ने गुरुवार को काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई। बाबा दरबार में दर्शन पूजन के बाद अन्य विग्रहों पर भी मत्था टेका। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की भव्यता देख अभिभूत हो गए।



मीडिया से बातचीत में कहा कि आज बाबा का दर्शन कर धन्य हो गया। मैंने उनकी पूजा कर एक अर्जी लगाई है। कहा कि 'बिग बॉस' शो के कारण मेरी पहचान बनी है। जिसे विश्व ने प्यार दिया उसे तो विश्वनाथ दरबार आना ही था। शालीन भनोट कहा कि अब विश्वनाथ धाम बहुत भव्य हो गया है। गंगा द्वार ललिता घाट पर सेल्फी के लिए शालीन भनोट के फैंस में होड़ मच गई। कहा कि बिग बॉस के घर में भी रोज प्रार्थना करता था कि यहां से बाहर होते सबसे पहले बाबा की नगरी काशी जाकर बाबा दरबार में हाजिरी लगाउंगा। आज मेरी मनोकामना पूरी हुई। कहा कि बिग बॉस के घर में रहना एक टास्क था। सलमान खान की डांट पर कहा कि वो उनका प्यार था। बिग बॉस में भाग लेने से हमें काफी सीख मिली। बिग बॉस 16 के विजेता एमसी स्टेन के बारे में कहा की जो जीता है वह उसका हकदार है। मैं बिग बॉस के फाइनल राउंड में पहुंचा। मैं इतने में ही अपने आप को विजेता मानता हूं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया बैंक मित्रों का सम्मान

**वाराणसी।** बैंक ऑफ बड़ोदा वाराणसी क्षेत्र ने गुरुवार को एक समारोह में बैंक मित्रों एवं बीसी सखी का सम्मान किया। मुख्य अतिथि लखनऊ अंचल के उप



महाप्रबंधक टीपी सिंह ने करीब 155 बैंक मित्रों एवं बीसी सखियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि जिस जगह बैंकिंग की पहुंच नहीं है, उन जगहों पर हमारे बैंक मित्र व बीसी सखी बैंकिंग सेवाओं को मुहैया करा रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है। इस दौरान बैंक मित्रों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। समारोह में क्षेत्रीय प्रमुख नीलमणि, उप क्षेत्रीय प्रमुख हरिशंकर प्रसाद, आरबीडीएम संजीव भास्कर, वरिष्ठ प्रबंधक शैलेंद्र शुक्ल, मनीष पाठक आदि उपस्थित थे।

## शिल्प बाजार में लगा रहा ग्राहकों का तांता



**वाराणसी।** अर्बन हाट मकबूल आलम रोड चौकाघाट में आयोजित दस दिवसीय क्राफ्ट बाजार में ग्राहकों का तांता लगा । इसमें विशेष रूप से मणिपुर, नगालैंड व असम से आये हस्तशिल्प उत्पाद आकर्षण के केन्द्र है। शिल्प बाजार में विनय कुमार सिंह हस्त शिल्प संवर्धन अधिकारी हस्तशिल्प विभाग ने 100 स्थानों का निरीक्षण किया। शिल्प बाजार में गुजरात से लेकर नागालैंड व कश्मीर से लेकर महाराष्ट्र व झारखंड तक के हस्त शिल्पी आये हैं। क्राफ्ट बाजार मेले का आयोजन जनता ग्रामीण सेवा संस्थान संत कबीर नगर द्वारा तथा प्रायोजक विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली के तहत किया जा रहा है। इसका समापन 19 फरवरी को होगा। इस दौरान पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर ने भी शिल्प बाजार का भ्रमण किया।

### ज्ञान, कर्म एवं इच्छा से सफलता संभव : डॉ. रोहित गुप्ता

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय दूसरे विशेष शिविर का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ, नगवा में हुआ। जिसमें सर्वप्रथम शिविर की स्थापना की गई, जिसके पश्चात योग विशेषज्ञ सुनीता सिंह ने स्वयं सेविकाओं को योग और ध्यान का महत्व बतलाते हुए अभ्यास कराया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज धनकड़, प्रो. नंदिनी सिंह एवं धन्यवाद डॉ अनीता ने किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मशहूर सर्जन डॉ. रोहित गुप्ता ने की, उन्होंने अपने उद्बोधन में जीवन की सफलता के मूल मंत्र दिए, बताया कि किस प्रकार मनुष्य तीन प्रमुख शक्तियां ज्ञान, कर्म एवं इच्छा के संतुलित रूप से जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता हैं। वक्ता के रूप में पूर्णिमा ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया।

# बुल्गारिया के लोग भारत को जानने के लिए इच्छुक

**बोले संजय राणा**

**बुल्गारिया में भारत के राजदूत ने कुलपति प्रो. सुधीर जैन से की मुलाकात**



बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर जैन के साथ बैठक करते बुल्गारिया में भारत के राजदूत संजय राणा

**वाराणसी।** बुल्गारिया में भारत के राजदूत संजय राणा ने गुरुवार को बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन से मुलाकात की। इस दौरान बल्गेरियाई विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ बीएचयू की साझेदारी और सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। राजदूत संजय राणा ने कहा कि बुल्गारिया में भारत के बारे में अध्ययन करने और देश को बेहतर तरीके से जानने की उत्सुकता है।

उन्होंने कहा कि लोग भारतीय संस्कृति, सभ्यता, कला और दर्शन के बारे में अपने ज्ञान को बढ़ाने में बहुत रुचि रखते हैं। इंडोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे लेकर बुल्गारिया में काफी जिज्ञासा देखने को मिलती है। ऐसे में बीएचयू अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि जब इंडोलॉजी पर प्रामाणिक ज्ञान देने की बात आती है तो बीएचयू की प्रतिष्ठा व विशेषज्ञता बेजोड़ है। बुल्गारिया के प्रमुख संस्थान सोफिया विश्वविद्यालय में पहले से ही इंडोलॉजी विभाग है।

कुलपति प्रो. सुधीर जैन ने कहा कि बीएचयू अपने छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए नए अवसर पैदा करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग को और गति देना चाहता है।

बीएचयू प्राचीन भारतीय ज्ञान से लेकर आधुनिक विज्ञान तक विविध विषयों में शिक्षा और अनुसंधान प्रदान करता है। यह संस्थान बल्गेरियाई विश्वविद्यालयों के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी सहमति में शामिल होने का इच्छुक है।

### टीबी के मिथक व भ्रांतियों को दूर करना जरूरीःधनंजय

**वाराणसी।** हाल ही में हुई सेंट्रल व स्टेट टीबी डिवीजन व सपोर्ट यूनिट टीम के भ्रमण का असर समुदाय स्तर पर दिखने लगा है। इसका उदाहरण गुरुवार को काशी विद्यापीठ ब्लॉक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोरौता में टीबी चैम्पियन के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) व आशा कार्यकर्ताओं की बैठक में देखने को मिला। बैठक में टीबी चैम्पियन धनंजय कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुये सामुदायिक स्तर पर क्षय रोग से जुड़े मिथक और भ्रांतियों को दूर करने, सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन और टीबी मरीजों को स्वस्थ वातावरण व जीवनयापन के बारे में विस्तार से चर्चा की। सीएचओ प्रिया मल्ल ने बताया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर कोरौता में संभावित टीबी मरीजों को चिन्हित करने और उनके सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए भेजने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। अराजीलाइन निवासी टीबी चैम्पियन धनंजय कुमार, 38 वर्ष ने बताया कि वर्ष 2011 में उन्हें टीबी हुई थी। निजी चिकित्सालय में इसका इलाज कराया लेकिन बीमारी और बढ़ गई। इसके बाद उन्हें मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस (एमडीआर) टीबी हो गई।

# प्रवेश पत्र के अभाव में बिना परीक्षा दिए लौटे छात्र

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** नेशनल इंटर कॉलेज में गुरुवार को परीक्षा देने पहुंचे तीन छात्र प्रवेश पत्र के न मिलने से परीक्षा देने से वंचित हो गए। जिससे परीक्षार्थियों के आंसू निकल आए। परीक्षार्थियों ने इसके लिए अपने विद्यालय को जिम्मेदार ठहराया।

सुबह साढ़े सात बजे ही प्रवेश पत्र के अभाव में रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर परीक्षा देने उक्त केंद्र पर पहुंचे लेकिन उन्हें गेट पर ही रोक दिया गया और प्रवेश पत्र देने पर ही अंदर घुसने की बात कह लौटा दिया गया, जिसके बाद वह केंद्र के बाहर ही रोते दिखे। पिंडरा निवासी परीक्षार्थी एसनुर खां और उसका मुकबधिर भाई शानू व लहंगपुर त्रिलोचन निवासी श्रवण चौहान परीक्षा देने पहुंचे लेकिन उन्हें अंदर प्रवेश पत्र के अभाव में जाने नहीं दिया गया। उनका आरोप था कि जिस विद्यालय से परीक्षा फॉर्म भरे थे, वह सुविधा शुल्क मांग रहे थे और नहीं देने पर उन्होंने प्रवेश पत्र नहीं दिया। वहीं पिंडरा के केंद्र व्यवस्थापक रामाश्रय सिंह ने कहा कि जो भी छात्र आए और प्रवेश पत्र दिखाया उसे अंदर जाने दिया गया। जिन कारणों से उन्हें प्रवेश पत्र नहीं मिला, उसके बादे में उनके विद्यालय के लोग ही बता सकते हैं।

## कक्ष निरीक्षकों की कमी दिखी, कई ने परीक्षा छोड़ी

**पिंडरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से कड़े सुरक्षा के बीच हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई। लेकिन पूरे दिन केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों की कमी से जूझते नजर आए। इस दौरान कई छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। नेशनल इंटर कालेज पिंडरा पर तैनात मजिस्ट्रेट कैलाश यादव ने बताया कि सुबह की पाली में 521 छात्र छात्राओं में से 45 ने परीक्षा छोड़ दी। वही सेंटर पर पहुंचे सचल दल के प्रभारी व गवर्मेंट कॉलेज सेवापुरी के प्रिंसिपल रमाशंकर यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम पूरे समय तक विद्यालय में रही और पेपर सीलिंग के बाद ही गई। इस दौरान टीम ने सघन जांच अभियान चलाया, लेकिन कोई नकलची नहीं मिला। केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह ने बताया कि चेकिंग के बाद ही किसी भी छात्र को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने रात्रि में केंद्र पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी पुलिसकर्मियों की तैनाती न होने की बात कही। जबकि शासन स्तर पर सुरक्षा देने की जिम्मेदारी पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के श्रीराम बाबा इंटर कालेज सिंधोरा, संत नारायण बाबा इंटर कालेज व प्रेम बहादुर इंटर कालेज खालिसपुर, श्री कृष्ण देव इंटर कालेज मंगारी समेत पिंडरा ब्लॉक के 15 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई।

## पहले दिन की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न



**वाराणसी।** जनपद में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 139 केंद्र बनाए गए थे। जिनपर गुरुवार को दो पालियों में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न कराई गई। इनमें हाई स्कूल में कुल 53425 पंजीकृत छात्रों में से 2831 और इंटरमीडिएट में पंजीकृत कुल 52653 छात्रों में से 2762 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अनुसार हाई स्कूल में 5.55 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 5.24 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि हाई स्कूल में कुल 50,594 और इंटरमीडिएट में कुल 49,891 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से जारी सूचना के आधार पर प्रथम दिन परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई गई।

## संक्षेप

### काशी विद्यापीठ में युवा संसद का शानदार आगाज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ में गुरुवार को युवा संसद का आगाज हुआ। पूरा सभागार प्रतिभागियों की करतल ध्वनि से गूंज उठा और सभी लोग अपने-अपने दिए गए किरदार को बखूबी निभाने के लिए सोचने लगे। इसका परिणाम भी छह सदनों - लोकसभा, उत्तर प्रदेश विधानसभा, नेशनल प्रेस, जनमंच, प्रेस कमिशन और



सर्वदलीय बैठक में भी देखने को मिला। युवा संसद का आगाज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि काशी विद्यापीठ में होने वाला युवा संसद अपने आप में शानदार एवं अनोखी पहल है। यह हमारे नवयुवकों को दिशा देने में अत्यंत सहायक होगा। मुख्य अतिथि कमिश्नर कौशल राज शर्मा के प्रतिनिधि के रुप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश वर्मा और उप जिलाधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश रहे। उप जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो इसे उधार की ली हुई वस्तु कहते हैं। जबकि समय गुजरने के साथ इस संविधान ने भारतीय लोकतंत्र को अत्यंत सुदृढ़ किया है इसलिए यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। संचालन मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार ने किया। वाचिक स्वागत गांधी अध्ययन पीठ के निदेशक प्रो. अशोक कुमार मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन युवा संसद कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नवरत्न सिंह ने किया।

### काशी धार्मिक यात्रा विशेषज्ञ सम्मानित

वाराणसी। सुषमा स्वराज की जयंती के अवसर पर हर वर्ष सुषमा स्वराज पुरस्कार



स्वागतम् काशी फाउंडेशन की ओर से काशी में पर्यटन धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को दिया जाता है। इसी क्रम में 2023 का सुषमा स्वराज पर्यटन पुरस्कार काशी यात्रा के विशेषज्ञ उमाशंकर गुप्ता को संस्था की ओर से दिया गया। काशी की जितनी धार्मिक यात्राएं होती हैं उसकी उन्हें संपूर्ण जानकारियां उमाशंकर को होती हैं। वह यात्रियों को साथ में ले जाकर धार्मिक स्थलों पर जाते हैं और उनका मार्गदर्शन करते हैं। संस्था के संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया यह पुरस्कार पिछले तीन सालों से दिया जा रहा है। आज हमें गर्व की अनुभूति हो रही है कि हम काशी की ऐसी अमूल्य धरोहर का सम्मान कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलराम गुरु, अनूप सेठ, श्रवण कुमार, करण सिंह, वैभव जीतू केसरी, मुकुंद शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

### लंका से सुंदरपुर तक अतिक्रमण हटाए गए

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम ने गुरुवार को लंका मालवीय चौराहे से सुंदरपुर सट्टी तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान पूरे इलाके से सड़क और पटरी खाली करवाया गया। सभी अवैध वेंडरों को मार्ग से हटवाकर लावारिस हालत में रखे ठेले और काउंटर जब्त किया। सभी टीन शेड जो दायरे के बाहर थे उन्हे ध्वस्त कराया। अस्सी घाट पर अवैध रूप से मूर्ती रखे जाने की सूचना पर मौके पर पहुंच गंगा सेवा समिति से मूर्ती हटाने के लिए कहा गया और ये भी बताया गया की कभी भी मूर्ती लगाना हो तो पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। पूरे अभियान के दौरान लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर 17,500 रुपये जुमार्ना किया गया।

### विद्यालय में आजादी के महानायकों के 50 पोस्टर लगाये गये

चौबेपुर। आजादी के महानायकों और तत्कालीन समाज सुधारकों से बच्चों को परिचित कराने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से हमारे आदर्श श्रृंखला के तहत संविलियन विद्यालय भंदहा कला की कक्षाओं में 50 महानायकों के पोस्टर लगाए हैं। संस्था से जुड़े सामाजिक कार्यकर्त्ता दीनदयाल सिंह ने बताया कि इससे बच्चों को आजादी के महानायकों के बारे जाने के प्रति रूचि बढ़ेगी। हम अगले चरण में 50 और पोस्टर लगाये जायेंगे। इस अवसर पर सौरभ, राजकुमार, अमर बहादुर आदि सहोत विद्यालय के शिक्षकों ने सहयोग किया।
(महाशिवरात्रि की खबरों के साथ लगाएं)

### एसडीएम ने लिया भीमचंडी क्षेत्र का जायजा

रोहनिया। आगामी शनिवार को पड़ रही महाशिवरात्रि को देखते हुए एसडीएम राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को तैयारियों का जायजा लिया। महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में श्रद्धालु पंचकोशी यात्रा करते हैं। उप जिलाधिकारी श्री द्विवेदी ने एसीपी अंजनी कुमार राय, थाना प्रभारी राजातालाब मुन्ना राम के साथ पंचकोशी मार्ग के दूसरे पड़ाव भीमचंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भीमचंडी मंदिर परिसर के बाहर दुकान लगाने और गंधर्व तालाब व उसके चारों ओर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। एसडीएम ने पंचकोशी यात्रा के दौरान मार्ग पर स्थिति धर्मशालाओं को भी साफ-सुथरा रखने, परिसर में बिजली, पानी और शौचालय आदि का मुकम्मल इंतजाम कराने को कहा।

### आर्य महिला व गोदावरी ने क्रिकेट मैच जीता

वाराणसी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद-बीएचयू की तरफ से आयोजित इंटर कॉलेज/इंटर हॉस्टल/इंटर फैकल्टी महिला टेनिस क्रिकेट एवं रस्साकसी प्रतियोगिता के सातवें दिन गुरुवार को आर्य महिला पीजी कॉलेज एवं बसंता कन्या महाविद्यालय के बीच क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें आर्य महिला कॉलेज ने जीत हासिल की। जबकि गोदावरी गर्ल्स हॉस्टल एवं महिला महाविद्यालय (दिवा छात्रा) के बीच हुए मैच में गोदावरी गर्ल्स हॉस्टल विजयी रहा। रस्साकसी (महिला) प्रतियोगिता के पहले मैच में आर्य महिला कॉलेज को वॉक ओवर मिला। जबकि वसंता कॉलेज ऑफ वीमेन, फ्लोरंस नाईट एन्गाल हॉस्टल, इंटरनेशनल हाउस काम्प्लेक्स एवं न्यू पीजी गर्ल्स हॉस्टल ने अगले चक्र में प्रवेश किया।

### पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल एसीपी से मिला

रोहनिया। नेशनल मीडिया हेल्पलाइन का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एसीपी राजातालाब से मिला और पत्रकारों के हितों की रक्षा के बाबत बातचीत की। इस दौरान उनको स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया। एसीपी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाज के आइना होते हैं, जिन्हें कलम का सिपाही भी कहा जाता है। जन-जन की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने और अधिकारियों की बातों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार करते हैं। प्रतिनिधिमंडल में उपेंद्र उपाध्याय, एसके श्रीवास्तव, रमेश शर्मा, गौतम राय, योगेश मिश्रा, जयचंद, शुभम शर्मा, धीरज पांडेय, अभिषेक दीक्षित, सुधीर यादव आदि थे।

### डॉक्टरों की हड़ताल से तीन घंटे तक मरीज हुए हलकान

रामनगर। स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के डॉक्टर गुरुवार को सुबह अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए। वहीं दूसरी तरफ दूरदराज से आए सैकड़ों गरीब मरीज चिकित्सीय सेवा से वंचित रह गए। तीन घंटे तक ओपीडी बन्द और डाक्टरों की हड़ताल के कारण मरीज इंतजार में परेशान रहे। एक दूसरे पूछते रहे कि डॉक्टर साहब कब आयेगें। और मरीज को कब देखेंगे। मरीज तीन घंटे तक ओपीडी के बाहर बैठकर डाक्टर का इंतजार करते रहे। सैकड़ों मरीज बिना दिखाए घर लौट गये। गुरुवार को डॉक्टर हड़ताल पर चले जाने के बाद इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सभी चिकित्सीय सेवा बाधित रही।

### वीडीए ने आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग तोड़ी

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को नगवां वार्ड में आठ बीघा में विकसित की गई अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। नगवां वार्ड के अंतर्गत जवाहर सेठ, जेपी यादव व मनोज यादव कालोनाइजर द्वारा ग्राम-भेटावर, बच्छाव के अंतर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। जिसे प्रवर्तन टीम व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान वीडीए के जोनल अधिकारी चंद्रभानु और अवर अभियंता जेपी गुप्ता के साथ प्रवर्तन टीम और पुलिस बल मौजूद रही।

### स्पीड पोस्ट से मंगायें विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि में भी देश भर से शिव भक्तों की इच्छा यहां दर्शन करने और फिर प्रसाद लेकर अपनी को तृप्त करने की होती है। अक्सर लोगों की इच्छा होती है कि काश घर बैठे ही उन्हें बाबा भोलेनाथ का प्रसाद मिल सके। ऐसे लोगों को निराश होने की जरुरत नहीं है। वे घर बैठे डाक विभाग के माध्यम से स्पीड पोस्ट से काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेण्ट के तहत नए स्वरूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत अपने नजदीकी डाकघर से मात्र 251 रुपए का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी (पूर्वी) मंडल-221001 के नाम भेजना होता है। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है। इसके अलावा इसे मात्र 201 में वाराणसी सिटी डाकघर के काउंटर से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रसाद में श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिङ्ग की छवि, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं।

# 12238 परीक्षार्थियों ने छोड़ी हाईस्कूल की परीक्षा


परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थी की तलाशी लेता शिक्षक


परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर चस्पा सूची देखते परीक्षार्थी


परीक्षा देने के बाद बाहर निकाले परीक्षार्थियों से जाम हो गयी सड़क


परीक्षा केन्द्र के बाहर जुटी भीड़

**यूपी बोर्ड**

### हाईस्कूल में कुल 77307 परीक्षार्थी थे पंजीकृत, रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**बलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल के 12238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है, जबकि हाईस्कूल में कुल 77307 परीक्षार्थी पंजीत थे। उसमें से 12238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शहर के टाउन इंटर कालेज, कुंवर सिंह इंटर कालेज, जीआईसी, जीजीआईसी, गुलाब देवी इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा हिंदी प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के कई सेंटरों के बाहर पहुंचे प्रमुख पत्रकारों को केंद्र व्यवस्थापक की तरफ से ये सूचना प्राप्त हुई कि परीक्षा केंद्र से 200 मीटर दूर ही पत्रकार रहेंगे। इसको लेकर कई पत्रकार कवरेज नहीं कर पाये। परीक्षा को लेकर पूरे दिन अधिकारियों की सचल दस्ता भ्रमण करती रही। परीक्षा देकर अपने गन्तव्य को रवाना हुए परीक्षार्थियों की भीड़ के चलते सड़क जाम हो गया।

## पहले ही दिन अनुपस्थित रहे सैकड़ों परीक्षार्थी



**बैरिया।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा में गुरुवार को पहले ही दिन हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा में सैकड़ों छात्र अनुपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी से लेकर नीचे तक के अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस वालों ने नकल के खिलाफ कमर कस लिया है। नरहरि बाबा इंटर कालेज कर्णछपरा में 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि महात्मा गांधी इंटर कालेज दलनछपरा में 13, सेवाश्रम इंटर कालेज जयप्रकाश नगर में 105, बाबा लक्ष्मण दास राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया में 57, रामनाथ पाठक इंटर कालेज मुरारपट्टी में 12, सुदिष्ट बाबा इंटर कालेज सुदिष्टपुरी में 24, जेबी कृपलानी इंटर कालेज जमालपुर में 41, सुदर्शन सिंह इंटर कालेज बहुआरा में नौ, पीएन इंटर कालेज दुबेछपरा में 61 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। अधिकारियों का कहना है कि नकल के सहारे पास होने की उम्मीद शिथिल होने के कारण इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी है। गौरतलब है कि कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर 17 हजार 158 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे है। इनमे 08 हजार 345 हाईस्कूल एवं 08 हजार 813 इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे है। उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर परिंदा के भी पर मारने की गुंजाइश नही है। इससे परीक्षा छोड़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ सकती है।

## नये-नये फरमान से उड़ी नकल माफियाओं की नींद

### परीक्षा में ड्यूटी करने से कतराते नजर आये कक्ष निरीक्षक

**बैरिया।** इस बार की यूपी बोर्ड की परीक्षा किसी अग्नि परीक्षा से कम नही है। शासन ने परीक्षा में शिरकत करने वाले सभी नुमाइन्दों पर नकेल कस रखा है। तरह-तरह के फरमान से नकल माफियाओं की नींद हो गयी है। दो-तीन वर्ष पूर्व शिक्षा का तिजारत करने वाले शिक्षा माफिया भारी भरकम पैसा लेकर बोर्ड परीक्षा पास कराने का टेंडर लेकर बिहार के सैकड़ों छात्रों को पास कराते थे। उन दिनों शिक्षा माफियाओं के दरवाजे पर मेला लगता था। न जाने कहां-कहां से परीक्षार्थी एकाएक आ जाते थे और परीक्षा में प्रतिभाग कर पास होने का प्रमाण पत्र लेते थे। लचर शिक्षा एवं परीक्षा के फीड बैक पर सरकार ने संज्ञान लिया। व्यवस्था बदली और नये-नये फरमान जारी हुए। इस बार की परीक्षा में नकल माफिया सीधे हाथ खड़ा कर दिये है। यहा तक कि परीक्षा में ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षक भी ड्यूटी से कतरा रहे है, लेकिन करें तो क्या करें, उन्हे नौकरी भी तो करनी है। बैरिया तहसील के 19 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा की सूचित भंग न हो। इसके लिए उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बिना लाग लपेट के फरमान जारी किया है कि परीक्षा की सूचिता भंग होने की स्थिति में सम्बन्धित को बक्शा नही जायेगा। चर्चा यह भी है कि पिछले वर्ष पेपर लीक को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सम्पन्न कराने वाले सभी महकमे के नुमाइन्दों का फोन नम्बर भी सर्विलांस पर लगा हुआ है। कही कोई चूक न हो, ऐसी चाक-चौबन्द व्यवस्था की गयी है।

## 11793 इण्टर के परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**बलिया।** यूपी बोर्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा में 11793 परीक्षार्थियों ने पहले दिन ही परीक्षा छोड़ दी। जबकि सुबह की पाली में हाईस्कूल के भी 12245 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी है। परीक्षा के पहले दिन कड़ी सुरक्षा रही। हर परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस का पहरा रहा और सचल दस्ता भी सेंटरों पर चक्रमण करता रहा। वहीं अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों पर अपनी निगाहे लगाये रहे।

## बेहोश होकर गिर पड़ा परीक्षार्थी

**बैरिया।** सुदिष्ट बाबा इंटर कालेज सुदिष्टपुरी में परीक्षा के दौरान हाईस्कूल का एक छात्र अचानक गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद तहसीलदार सुदर्शन कुमार ने विद्यालय के कर्मचारियों से उसका सिर धुलवाया। फिर गर्म पानी पिलवाया। इसके कुछ देर के बाद छात्र सामान्य हुआ और परीक्षा में शामिल हुआ।

## कई विद्यालयों पर पसरा रहा सन्नाटा

**बलिया।** इस बार कुल 168 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इसमें इस बार एलडी कालेज, शिवरामपुर स्थित बनवारी लाल पांडेय बालिका इंटर कालेज, नगवां स्थित शहीद मंगल पांडेय इंटर कालेज, दुबहड़ इंटर कालेज, मझौवां इंटर कालेज सहित अन्य स्कूलों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया। इससे इन विद्यालयों में परीक्षा के पहले दिन सूनापन रहा। नगवां में ये चर्चा होती रही कि शहीद मंगल पांडेय इंटर कालेज को सेंटर बनाना चाहिए था। क्योंकि यहां अच्छे कमरे है और बैठने के लिये उत्तम व्यवस्था भी है। सीसीटीवी कैमरे भी लगे है। इसके बावजूद भी सेंटर न बनाना शहीद मंगल पांडेय इंटर कालेज के साथ अन्याय है। प्रशासन की नजर में कारण जो भी रहा हो, जिसके कारण शहीद मंगल पांडेय इंटर कालेज सेंटर नहीं बन सका। लेकिन चर्चा यह जरूर रही कि इस विद्यालय को सेंटर बनाना चाहिए था। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एलडी कालेज स्कूल से पढ़ाई किये है। इसके बावजूद भी यह विद्यालय सेंटर नहीं बन सका। इस बारे में यह जानकारी मिली कि इस विद्यालय में छात्रों के बैठने की व्यवस्था उत्तम नहीं है।






# सूदखोरों के चंगुल से मुक्त हुई बैनामा की जमीन

**नंदलाल आत्महत्या प्रकरण**

### आरोपियों के असलहा लाइसेंस निरस्तीकरण की चल रही प्रक्रिया

**बलिया।** असलहा व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने सूदखोरों के चुंगल से असलहा कारोबारी स्व. नंदलाल गुप्ता की पत्नी मोनी की जमीन का करारनामा निरस्त करवा दिया। बुधवार को निबंधन अधिकारी ने जिला कारागार पहुंच कर कागजी कार्रवाई पूरी की और देर शाम को निरस्तीकरण की कार्रवाई हुई।

आरोपी सुनील मिश्रा की पत्नी सरोज मिश्रा ने गवाही दी। सदर तहसील के निबंधन अधिकारी ने बताया कि हनुमान सिंह व शैलेंद्र सिंह द्वारा मृतक नंदलाल से कराया गया बैनामा के निरस्तीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जो जल्द होगी। असलहा व्यापारी आत्महत्या मामले के आरोपी सुनील मिश्रा ने नंदलाल को पैसा देने के बदले नंदलाल की पत्नी मोनी की सहरसपाली की 450 वर्ग मीटर व रामपुर महावल (चंद्रशेखर नगर) स्थित 410 वर्ग मीटर जमीन का मुहायदा वर्ष 2021 में 1250 लाख रुपये में कराया था। एक फरवरी को नंदलाल ने सूदखोरों को प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने पत्नी मोनी गुप्ता की तहरीर पर 13 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। घटना के बाद डीएम ने नंदलाल व पत्नी मोनी के नाम की जमीन का इकरारनामा व बैनामा निरस्त करवाने का आश्वासन दिया था। असहलहा कारोबारी नंदलाल आत्महत्या मामले में नामजद आरोपियों के हथियार के लाइसेंस निरस्त करने की कवायद शुरू हो गई। पुलिस ने जिला प्रशासन को सभी आरोपियों की पत्रावली तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दिया है। सभी आरोपियों की फाइल तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की मुहर लगने के बाद सात आरोपियों के हथियार के लाइसेंस निरस्त हो जाएंगे। आगे अन्य के आरोपियों के भी आर्म्स लाइसेंस निरस्त होंगे। आरोपियों के हथियार लाइसेंस निरस्तीकरण के बाद सभी की संपत्तियों को खंगालने की कार्रवाई होगी।

## जल्द होगी गैंगस्टर की कार्रवाई: एसपी

**बलिया।** इस मामले में पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया कि गन व्यवसायी आत्महत्या मामले में जिन आरोपियों के पास असलहा का लाइसेंस है, सभी के लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। कुछ लोगों की पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी गई है। अन्य की तैयार हो रही है। जल्द ही गैंगेस्टर की कार्रवाई भी होगी।

## ईडी से करायी जाय आरोपियों के संपत्ति की जांच : अमिताभ ठाकुर



**बलिया।** अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने बताया कि गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता कांड में जिन 18 लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं, उनमें किसी के पास भी सूदखोरी का लाइसेंस नहीं था। अमिताभ ठाकुर ने नंदलाल गुप्ता कांड में प्रकाश में आए सभी अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही करने के साथ इन सभी लोगों की संपत्तियों की गहराई से जांच कराते हुए इनके बेनामी संपत्ति पाए जाने पर उसके संबंध में ईडी और इनकम टैक्स को सूचित किए जाने का अनुरोध किया। डीएम ने कहा कि मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सूदखोरों के खिलाफ उनके आर्थिक मामलों में भी जांच किए जाने का आश्वासन दिया। अधिकार सेना की टीम ने नंदलाल गुप्ता के परिजनों से भी मुलाकात की, जिन्होंने अब तक की गई कार्यवाही को पूरी तरह असंतोषजनक बताया। कहा कि प्रशासन मात्र आश्वासन दे रहा है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल में स्वर्णकार संघ के सुनील सराफ, मनोज राय हंस, रितेश कुमार पांडेय, मधुसूदन श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह, अशोक कुमार, केदारनाथ उपाध्याय, विजय वर्मा आदि शामिल रहे।

# युवा भाजपा नेता ने किया सड़क का उद्घाटन

**बलिया।** ग्राम सभा कुशौरी कलां-रेवती मार्ग से शोभनाथपुर दुर्गा जी मन्दिर तक जिग जैग सड़क का कार्य एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू की निधि से हुआ है। इसका उदघाटन युवा भाजपा नेता उत्कर्ष सिंह ने गुरुवार को किया। कहा कि लगभग तीस लाख की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया है। इसके बन जाने से आवागमन में लोगों को काफी सहुलियत होगी। क्षेत्रवासी लंबे समय से इनके निर्माण की मांग कर रहे थे। अब उनकी मांग पूरी हो गई है। इस मौके पर हिमांशु शेखर, विशाल प्रताप सिंह, राहुल चौरसिया, नवतेज सिंह, संजय यादव, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# सफाई कर्मचारियों ने विधायक को सुनायी समस्याएं

**हड़ताल**

### डीएम से मिलकर समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा



**रसड़ा।** स्थानीय नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के नौवें दिन बसपा विधानमंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह उनके बीच पहुंचे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की बात को गंभीरतापूर्वक सुना। तत्पश्चात आश्वासन दिया एक-दो दिन के अंदर जिलाधिकारी से मिलकर बकाया वेतन, एरियर, महंगाई भत्ता, बोनस के बाबत बात की जायेगी।

विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि यदि आपको किसी तरह की परेशानी होती है तो आप मेरे नंबर पर तुरंत सूचना दें। मै आपके बीच मिलूंगा। सफाई कर्मचारियों के अध्यक्ष बलिराम रावत, मंत्री सुप्रीम रावत एवं उपाध्यक्ष श्यामसुदर रावत ने एक स्वर से कहा कि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन द्वारा कार्यकाल समाप्त होने से पहले सफाई कर्मचारियों की सैलरी का पैसा कमीशन के चक्कर में ठेकेदारों के दे दिया। आउटसोर्सिंग कर्मचारी रखकर हम लोगों का परेशान किया जा रहा है। गुरुवार को नगर पालिका परिषद रसड़ा के प्रभारी अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने सफाई कर्मचारियों से मिलकर उनकी बातें सुनी। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों की सैलरी बैंक खाते में भेज दी जाएगी। शेष बकाया शासन से मिलते ही आप लोगों को दे दिया जाएगा। इस दौरान जिला सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से बात करने के बाद शुक्रवार से काम पर जाने का आश्वासन दिया।

# खैराबाद की टीम का फाइनल ट्रॉफी पर कब्जा

**खेलकूद**

### मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया मैच का उद्घाटन



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत न्यू आजाद स्पोर्टिंग क्लब सिकिया के तत्वावधान में अंतरजनपदीय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खैराबाद और सिवान यूनाइटेड के बीच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय यादव एवं ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक देवेंद्र नाथ सिंह ने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

फाइनल मैच में कांटे के मुकाबले के बीच खैराबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच के पहले हाफ में ही सिवान यूनाइटेड पर एक गोल दाग कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। फिर दूसरे हाफ के शुरू में ही दूसरा गोल मारकर दो गोल से बढ़त बना लिया। शानदार प्रदर्शन के बावजूद भी सिवान यूनाइटेड की टीम ने कड़ा मुकाबला करते हुए खेल के अंत तक खैराबाद के खिलाफ गोल नहीं मार सकी। इस तरह कड़े संघर्ष के बीच खैराबाद की टीम ने कप पर अपना कब्जा जमा लिया। रेफरी की भूमिका तरुण प्रकाश, राजू अंसारी व अनिल यादव ने निभाया। कमेंट्रेटर की भूमिका में विभूति सिंह, उमेश चन्द्र सिंह और डा. सनाउल्लाह रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि फुटबाल जैसे खेल दिन पर दिन अपनी साख खोते जा रहे हैं। ऐसे में न्यू आजाद स्पोर्टिंग क्लब द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन करना काबिले तारीफ है। दोनों ही टीम के द्वारा बहुत ही बहादुरी के साथ मैच खेला गया। इस मौके पर गजेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक देवेन्द्र नाथ सिंह, पप्पू राय, मन्टु सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, डिम्पल सिंह, पिंकू सिंह, नथुनी यादव आदि मौजूद रहे।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंची मेजबान बलिया की टीम

**बलिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित स्व. गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग राउंड के चार मुकाबले खेले गए। मेजबान बलिया की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। शुक्रवार को मेजबान बलिया का सामना प्रयागराज से होगा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने अलग-अलग मैचों में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समस्त आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रतियोगिता के संयोजक पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए पहले मुकाबले के पहले हाफ के 16वें मिनट में फारूक एवं 29वें मिनट में सलमान के गोल की बदौलत स्पोर्ट्स कलेज लखनऊने मऊको 2-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में 52वें मिनट में राशिद के गोल से स्पोर्ट्स हास्टल बरेली ने गोरखपुर को 1-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे मैच में स्पोर्ट्स हास्टल वाराणसी ने मिर्जापुर को 3-0 से पराजित किया। मैच के 25वें मिनट में महेंद्र एवं 32वें व 59वें मिनट में तौसीफ ने वाराणसी के लिए गोल किया। चौथे मुकाबले में स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ की तरफ से 39वें व 50वें मिनट में फारूक ने गोल कर स्पोर्ट्स हास्टल अयोध्या को 2-0 से पराजित किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। पहले क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स कालेज लखनऊका सामना मिर्जापुर से होगा, दूसरे क्वार्टर फाइनल में स्पोर्ट्स हास्टल बरेली का सामना स्पोर्ट्स कालेज सैफई से होगा। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच स्पोर्ट्स हास्टल वाराणसी व स्पोर्ट्स हास्टल अयोध्या तथा चौथा क्वार्टर फाइनल मैच मेजबान बलिया व प्रयागराज के मध्य खेला जाएगा। निर्णायक की भूमिका उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ द्वारा नामित राशिद, प्रदीप मिश्रा, निताई सरदार, उपेंद्र, मनोज, मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान, मोहम्मद रजाउल्लाह, जयराम यादव व अमल कुंवर ने निभाई। मैच कमिश्नर के रूप में मोहम्मद आरिफ नजमी उपस्थित रहे। अध्यक्षता मेजर दिनेश सिंह एवं संचालन जिला फुटबाल संघ के सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं नीरज राय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, पवन कुमार, अम्बरीष महादेव, सिद्धार्थ सिंह गोलू, मोहम्मद जावेद, रोहित भारद्वाज, अदालत सिंह आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षेप

### स्मृति दिवस पर याद किये गये सीबी मिश्र

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को वृदावन मिश्र स्मृति परिसर सोबईबांध में उप्र क्रांतिकारी स्मारक समिति के संयोजक व लोकतंत्र सेनानी सीबी सिंह का स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने उनसे जुड़ा संस्मरण साझा किया। इस अवसर पर शुभ्रांशु शेखर पांडेय, अजय बहादुर सिंह, निर्भय नारायण सिंह, शिवशरन तिवारी, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कुंजबिहारी अग्निहोत्री नेती, अशोक राय, बासुदेव ठाकुर, मारकण्डेय यादव, शाहिल अली खां, अकमल नईम खां मुन्ना, दीना भाई, राजऋषि सिंह, रवि मिश्र, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### प्रधान प्रतिनिधि को भातृ शोक

**मझौवां।** स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह के बड़े भाई जगमोहन सिंह उर्फ कवि जी (75) की गंभीर बीमारी से गुरुवार की दोपहर निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज कोलकाता में चल रहा था। वह तीन दिन पहले अपने गांव मझौंवा आए थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर सांत्वना देने वालो का तांता लगा रहा। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जायेगा।

### सीबी सिंह के जीवन पर डाला प्रकाश



**रसड़ा।** स्थानीय नगर में स्थित गांधी पार्क के मैदान में गुरुवार को क्रान्तिकारी स्मारक समिति उत्तर प्रदेश के संरक्षक एवं लोकतंत्र सेनानी सीबी सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने सीबी सिंह के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करने के बाद माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री चौधरी ने लोकतंत्र सेनानी सीबी सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि सीबी सिंह नेता नहीं थ। वह एक सच्चे समाज सुधारक थे। वह सभी को अच्छे संस्कार देने के साथ ही सही रास्ते पर चलने की सलाह देते थे। इस अवसर पर विजय शंकर यादव, बीरबल राम, बलवंत सिंह, अशोक गुप्ता, कृष्णानंद पांडे, अशोक सिंह एडवोकेट, अजय यादव, इंद्रदेव यादव, विनोद सिंह एडवोकेट, राधेश्याम यादव, सियाराम यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता चंद्रशेखर सिंह तथरा संचालन पुरुषोत्तम यादव ने किया। अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करके गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

### भगवान शिव की करें रात्रि में चार प्रहर की पूजा

**बलिया।** महाशिवरात्रि का पर्व 18 फरवरी, शनिवार को है। जनपद के थम्हनपुरा निवासी पं. अभय प्रकाश द्विवेदी ने महाशिवरात्रि पर शिव पूजन विधि व महात्म्य बताया। कहा कि यह रात्रि परमब्रह्म निराकार शिव का लिंगरूप से साकार होकर प्रकटीकरण की रात्रि है। आस्था है कि आज के दिन ही बाबा शिव का मां पार्वती के साथ विवाह हुआ था। बताया कि काशी एकमात्र नगरी है, जहां चतुर्दश शिवलिंग का आज पूजन-दर्शन किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार इन चौदहों लिंगों का समुदाय ही मुक्ति क्षेत्र काशी है। शिवरात्रि में जुड़ा रात्रि शब्द इस महापर्व की रात्रि की विशेषता की ओर इंगित करता है। श्री शिव पुराण के अनुसार शिवरात्रि को व्रत रख जो श्रद्धालु इस रात्रि में जागरण कर शिव की उपासना करता है। चारो प्रहर में चार बार भगवान शिव की गंगाजल, दूध, दही, घी, मधु, रोली, सिंदूर, अबीर, अभ्रक, भस्म, भांग, धतूरा, फल, फूल, चंदन, फूल माला, सुगन्धित द्रव्य, बेलपत्र, तुलसी मंजरी, इलायची, पान, सुपारी, धूप, दीप, नैवेद्य, दक्षिणा, आदि अर्पित कर आरती करता है। विभिन्न प्रकार के स्तोत्रों का गान करता है। उसे भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। संक्षेप में समझिए कि शिवरात्रि की रात्रि को सूर्यास्त से सूर्योदय तक को तीन-तीन घण्टे के चार प्रहर में बांट ले। रात्रि जागरण करते हुए घी का अखंड दीपक जला शिव पंचाक्षर मंत्र का जप व शिव के कर्पूरगौरं स्वरूप का ध्यान, शिव सहस्त्र नाम का पाठ आदि करते रहे। प्रत्येक प्रहर में शिव की विभिन्न वस्तुओं से पूजन करे। प्रेम व अत्यंत भाव से इस प्रकार जो शिव पूजन करते है, उस पर भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होकर आपने गण में सम्मिलित कर लेते है।

### बाबा को लगी हल्दी, 18 फरवरी को निकलेगी बारात



**बलिया।** बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में विवाहोत्सव का आयोजन चल रहा है। मंदिर में विवाह से जुड़ी सभी रस्म अदा हो रही है। 18 फरवरी को बारात निकलेगी। जिसकी तैयारी चल रही है। बाबा बालेश्वर नाथ को हल्दी लगाकर भक्तों ने दर्शन पूजन किया। दर्शन के लिए सुबह से शाम तक यहां भक्तों की भीड़ लगी रही है। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर विशाल बारात निकलेगी, जो शहर के विभिन्न जगहों से भ्रमण करने के बाद बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंचेगी। जिसमें बनारस सहित अन्य जनपदों से कलाकार व बैण्ड पार्टियां शामिल होंगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की हुई मौत

जनसंदेश न्यूज



बलिया। दुबहर थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर नई बस्ती ब्यासी ढाले के निकट एनएच-31 रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कारवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ब्यासी निवासी चंद्रावती देवी (68) पत्नी स्व. मदन यादव अपने घर से सड़क उस पार अपने डेरे पर गुरुवार की सुबह लगभग 7:30 बजे जा रही थी, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। इससे वह सड़क पर गिरकर छटपटाने लगी और उनकी मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर अपने हमराहियों के साथ पहुंचे दुबहर थाना के थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। ज्ञात हो कि चंद्रावती देवी के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पुत्र श्रीभगवान यादव बाहर में रहकर मजदूरी का काम करता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र यादव, धनजी यादव, रविंद्र तिवारी, मोहन यादव, रविंद्र पाल, पवन गुप्ता आदि ने परिजनों को सांत्वना दी।

## विद्युत स्पर्शाघात से छात्रा की मौत

बलिया। नरहीं गांव में विद्युत स्पर्शाघात से एक युवती की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवती कक्षा 11वीं की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार नरहीं गांव निवासी शिवमुनि राम की पुत्री काजल (17) गुरूवार को अपने घर में बिजली वाले प्रेस से कपड़ा प्रेस कर रही थी। इसी दौरान अचानक प्रेस में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गयी। करेंट से लगने से काजल छटपटाने लगी। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं ले जाया गया, जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को परिजन घर लेकर चले आए। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

# प्रभारी निरीक्षक व एसआई अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

रेवती। अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने वाले रेवती थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं गोपाल नगर चैकी इंचार्ज एसआई धर्मेंद्र दत्त को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय ने पुलिस बलों के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए पुलिसकर्मियों के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक और अति उत्कृष्ट सेवा पदकों की शुरूआत की है। यह पुरस्कार 15 वर्ष और 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले पुलिस कर्मियों को ही दिया जाता है। 15 वर्ष की सेवा वाले कार्मिक उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पात्र हैं, जबकि 25 वर्ष की सेवा के स्वच्छ रिकॉर्ड वाले पुलिस कर्मी अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए पात्र होते हैं। ये पुरस्कार दोनों श्रेणियों के लिए सभी रैंक के अधिकारियों को दिए जाते हैं। प्रत्येक रैंक के लिए गठित समिति द्वारा उनके उनके द्वारा किए गए कार्यो का आकलन करने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाता है। रेवती थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह एवं एसआई धर्मेंद्र दत्त को उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। रेवती थाने का अधिकारी 2000 को मिले उत्कृष्ट सेवा पदक से रेवती थाने के पुलिस कर्मियों में हर्ष व्याप्त है।



## संक्षेप

### वायरल फीवर के बढ़ रहे मरीज

बलिया। हर रोज मौसम के बदलते मिजाज से जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ रहे है। कुछ दिन पहले ही कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। अब मौसम में गर्माहट आने लगी है। हालांकि सुबह-शाम हल्की ठंड पड़ रही है। ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। बता दें कि बदलते मौसम में जिला अस्पताल में जुकाम, खांसी और बुखार के 10 से 15 फीसदी मरीज बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सर्दी, जुकाम, खांसी के साथ बुखार के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। यदि इस मौसम में जुकाम हो गया है। सीने में कफ जमा है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है तो तुरंत चिकित्सकीय उपचार लेना चाहिए। इसमें लापरवाही घातक हो सकती है। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के मौसम में छोटे बच्चों के गीले कपड़े समय पर बदलते रहें, जिससे बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी से बचाया जा सके। बच्चों को सुबह होते ही बेड से उठकर सीधे बाहर न जाने दें। सुबह फर्श पर नंगे पैर चलने से बचाएं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से जिला अस्पताल में वायरल बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम परिवर्तन के कारण अभिभावकों को अपने बच्चों को पानी उबाल कर या फिल्टर करके देना चाहिए।

### आम के पेड़ों पर लगने लगे बौर

बलिया। आम के पेड़ों पर मंजर और बौर लगने का सीजन चल रहा है। ऐसे में पेड़ों पर लगे मंजर और बौर को सुरक्षा देने के लिये किसान प्रयास में जुट गये है। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो इसी समय भुनगा कीट पत्तियों व छोटे फलों को रस चूस कर क्षति पहुंचाते है। यह कीट मधु की तरह का पदार्थ विसर्जित करते हैं, जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है। फलस्वरूप पत्तियों द्वारा हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मंद पड़ जाती है। इसी प्रकार से आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों एवं तुरंत बने फलो तथा बाद में मुलायम कोपलों में अंडे देती हैं। इसकी सूंडी अंदर ही अंदर खाकर क्षति पहुंचाती हैं। प्रभावित भाग काला पड़ कर सूख जाता है। विज्ञानिकों ने यह सलाह भी दिया है कि बौर जब पूर्ण रूप से खिले हों तो उस अवस्था में कम से कम रसायनिक दवाओं का छिड़काव करें। इससे पर-परागण क्रिया प्रभावित न हो सके। भुनगा एवं मिज कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड (03 मिली प्रति लीटर पानी) या क्लोरपाइरीफास (20 मिली लीटर पानी) अथवा डायमेथोएट (2.0 मिली लीटर पानी) में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### दो बाइकों की टक्कर में वृद्ध घायल

सिकन्दरपुर। नगरा मार्ग पर भड़िकरा चट्टी के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में 65 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के चांदपुर निवासी दीनानाथ सिंह (65) पुत्र नंदजी सिंह गुरुवार की दोपहर में पंदह अस्पताल से ड्यूटी करके अपने घर वापस जा रहे थे। वह जैसे ही नगरा मार्ग पर भड़िकरा चट्टी के समीप पहुंचे थे कि अचानक नगरा की तरफ से आ रही बाइक की आमने- सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इससे दीनानाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों द्वारा उनको सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### लाखों का सामान उठा ले गये चोर

मझौवां। बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दयाछपरा के हर छपरा गांव में बुधवार की रात चोर शौचालय के सहारे आंगन में घुसकर राकेश उपाध्याय के घर का खिड़की तोड़कर घर में घुस गए और घर में रखा दो बक्सा लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। घर की महिलाओं ने खिड़की टूटा देखा तो शोर मचाने लगी। बताया जाता है कि राकेश उपाध्याय बलिया रहते हैं। उनको फोन द्वारा सूचना दी गई। सूचना पर राकेश उपाध्याय गुरुवार की दोपहर घर पहुंचे, तब तक पड़ोसियों ने 112 नंबर पुलिस को बुलाकर मौका मुआयना करा लिया था। खोजबीन में ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर एक खेत में टूटा पड़ा दो बक्सा देखा और परिजनों को जानकारी दी। राकेश उपाध्याय ने बताया कि बक्सा में खेत, एलआईसी, बैंक का कागजात और सर्टिफिकेट रखा गया था, जिसे चोर लेकर चले गए। चोरी की घटना से ग्रामीणों मे भय व्याप्त है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# आरोपी ने किया आत्म समर्पण, जमानत खारिज

जनसंदेश न्यूज

**फैसला**

### आर्म्स व्यवसायी प्रकरण

### सीजेएम ने न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजने का दिया आदेश

बलिया। चर्चित आर्म्स व्यवसायी नंदलाल आत्महत्या प्रकरण में लगभग पंद्रह दिनों से फरार चल रहा आरोपी गुरुवार को सीज़ेएम सुश्री शाम्भवी यादव की अदालत में आत्म समर्पण कर दिया। न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए चौदह दिनों की रिमांड पर जिला कारागार भेजने का आदेश दिया है। आत्म समर्पण के उपरांत आरोपी के अधिवक्ता द्वारा जमानत प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया गया। उभय पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत न्यायालय ने अपराध गंभीर होने के कारण अस्वीकार कर दी है। उल्लेखनीय हैं कि कोतवाली थाना द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 63/2023 में दुबहड़ गांव निवासी आरोपी अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ मिंटू को सीज़ेएम ने भादवि की धारा 306, 420, 506 तथा 10/23 साहूकारी विनियमन अधिनियम 1976 के तहत आत्म समर्पण के उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजने का आदेश पारित की है। अभियोजन के अनुसार यह घटना एक फरवरी को स्टेशन माल गोदाम के पास घटित हुआ था। सूदखोरों से अजीज होकर आर्म्स व्यवसायी नंदलाल ने स्वयं के लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। मृतक नंदलाल की पत्नी मोनी की तहरीर पर मुकदमा पंजीत हुआ। इसमे दस आरोपी पहले से जेल जा चुके हैं। अब एक अन्य आरोपी ने सीज़ेएम के न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। इसी मामले में एक आरोपी की जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में शुक्रवार को होगी।

## परीक्षा में सफल होने पर रो पड़ी प्रिया

मझौवां। भारतीय वायु सेना एवं स्टाफ सिलेक्शन कमीशन सीजीएल अग्निवीर भर्ती के लिखित परीक्षा में बलिया जिले के मझौवां गांव की रहने वाली प्रिया गुप्ता ने 50 में से 37 अंक प्राप्त कर गांव का मान बढ़ाया है। प्रिया को जैसे ही रिजल्ट में पास होने की सूचना मिली, वह खुशी के मारे दहाड़े मार कर रोने लगी। उसे रोते देख घर वाले पहले तो डर गए। फिर पूछने पर बताई कि मैं पास हो गयी हूं। प्रिया बीए की छात्रा है, जो भीम सर कोचिंग सेंटर मझौवां में अग्निवीर परीक्षा की तैयारी करती थी। वही, एसएससी जीसीएल-प्री परीक्षा में शुभम सिंह और अंकित सिंह तथा एयरफोर्स में रोशन सिंह सफल हुए। भीम सर कोचिंग सेंटर के संचालक अमित सिंह भीम ने बताया कि छात्राएं-छात्रों से कही से कम नहीं है। शिक्षा ही नहीं, देश के विभिन्न क्षेत्रों में छात्राएं अपना परचम लहरा रही है। शिक्षक सुमित सिंह और अमित सिंह भीम ने समस्त सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# नर्सरी से जुड़ी महिलाओं में बांटी जायेगी मुनाफा की 80 फीसदी धनराशि

बलिया। किसानों की खुशहाली और उनकी फसलों के जरिये उनको आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिये जनपद के दो स्थानों पर हाईटेक नर्सरी बनाने की कवायद तेज हो गई है। इंडो-इस्राइल मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस फर वेजिटेबल के तहत इनकी स्थापना की जाएगी। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव और नगरा विकास खंड के बछईपुर गांव में भूमि का चयन हो गया है।

दोनों मिनी सेंटरों का डीपीआर बनाया गया है। इसका संचालन समूह की ओर से किया जाएगा। इस पर करीब एक करोड़ चार लाख रुपये की लागत आएगी। इसके बन जाने से सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में बड़ा बदलाव होगा। किसान विदेश तक सब्जी की आपूर्ति कर सकते हैं। किसानों को सब्जी उत्पादन के लिए हाईटेक नर्सरी का पौधा एवं बीज उपलब्ध हो जाएगा।

**कवायद**

### सोहांव और बछईपुर में बनेगी हाईटेक नर्सरी

इंडो-इस्राइल प्रोजेक्ट के तहत दो सेंटर आफ एक्सीलेंस के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए निदेशालय को भेजा गया है। प्रत्येक सेंटर एक हेक्टेयर में होगा। इसमें 560 वर्ग मीटर हाईटेक नर्सरी और 500 वर्गमीटर का ताप नियंत्रण चैंबर बनाया जाएगा, ताकि पौधे खराब न हो सके। समूह की महिलाओं को मिनी सेंटर में स्थापित नर्सरी चलाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसमें होने वाले मुनाफा की 80 फीसदी धनराशि नर्सरी से जुड़ी महिलाओं में बांटी जाएगी, जबकि कृषि वैज्ञानिकों की निगरानी में पौधे तैयार किए जाएंगे। समूह की महिलाएं नर्सरी में मिर्च, पपीता, केला, गोभी, टमाटर, प्याज, खीरा, तरबूज, शिमला मिर्च का पौधा तैयार करेंगी। इसके निर्माण से किसानों को हर मौसम में हाइब्रीड बीज मिलेगी। बीज उत्पादन के लिए पाली हाउस, फेडनेस हाउस का निर्माण किया जाएगा।

### शासन को भेजा गया प्रस्ताव

बलिया। इस संबंध में सहायक उद्यान निरीक्षक अरूण कुमार यादव ने बताया कि मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस जनपद में दो जगहों पर स्थापित होना है। इसका प्रस्ताव जिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद शासन को भेजा गया है। सेंटर आफ एक्सीलेंस के खुल जाने पर प्रगतिशील ही नहीं, सामान्य किसानों को भी उन्नत किस्म में बीज और पौधों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कोई भी किसान एक रुपये और अपना बीज देकर पौधा तैयार करा सकेगा। अगर बीज दिए बिना पौधे की जरूरत होगी तो दो रुपये खर्च करने होंगे।

## संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी



मऊ। गुरूवार को जिला अधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने जनपद मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों के साथ ही अन्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2023 की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो चुकी हैं। अपने निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्रों रामस्वरूप भारती इंटर कॉलेज एवं जीवन राम इंटर कॉलेज तथा बकवल स्थित राज इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा की सक्रियता की जांच के अलावा केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं वाह केंद्र व्यवस्थापको से स्ट्रांग रूम की सारी प्रक्रियाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने परीक्षा कक्षों का भी निरीक्षण किया। साथ ही संदेह होने पर परीक्षार्थियों की जांच भी करवाई। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों को शासन द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहीं से किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2023 को नकल विहीन एवं शुचिता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश समस्त केंद्र व्यवस्थापको को दिए। उन्होंने भी समस्त केंद्र व्यवस्थापको को बोर्ड परीक्षा को सकुशल एवं शुचिता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने को कहा।

### निकाली गई ओम शान्ति सद्भावना यात्रा



दोहरीघाट, मऊ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मऊ द्वारा दोहरीघाट कस्बे में 87 वीं त्रिमूर्ति शिवजयंती के उपलक्ष में शांति सद्भावना यात्रा निकाली गई जिसको हौसला प्रसाद उपाध्याय सदस्य भाजपा कार्यसमिति उत्तर प्रदेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया। इस शांति सद्भावना यात्रा में पूरे जनपद के सैकड़ों ब्रह्माकुमार भाई बहनें स्लोगन के पट्टे पहने हुए, हाथों में श्रेष्ठ विचारों के तख्ती और परमात्मा शिव का झंडा लिए हुए क्रमबद्ध होकर पांडे टीवीएस एजेंसी से शहर चैक होते हुए पूरे शहर का चक्कर लगाए, जिसमें शिवलिंग के सामने शंकर को तपस्या करते हुए एक भव्य और आकर्षक झांकी सजाई गई थी, जो नगर वासियों के लिए बहुत ही प्रेरणा दाई और हर्ष का विषय था। नगर के एक एक व्यक्ति को परमात्मा शिव के सृष्टि परिवर्तन के संदेश की पर्चियां बांटी गई जिसको देखकर नगरवासी काफी मंत्रमुग्ध हो रहे थे। ब्रम्हाकुमारीज की स्थानीय पाठशाला पांडे टीवीएस मऊ रोड दोहरीघाट से सटे खुली हुई है जहां राजयोग की नियमित शिक्षा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की जनपद संचालिका विमला दीदी ने कहा कि निराकार परमात्मा शिव जन्म मृत्यु से परे हैं। पूरा जनमानस शिवलिंग के रूप में शिव के जड़ स्वरूप की पूजा करता है किंतु अब शिव परमात्मा के चैतन्य सत्य स्वरूप को जानने और पहचानने की जरूरत है तभी हमारा कल्याण होगा। सर्व आत्माओं के परमपिता निराकार परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं जिनकी 87 वीं शिव जयन्ती (महाशिवरात्रि) 18 फरवरी 2023 को धूमधाम से मनाई जा रही है और इस धरा पर स्वर्णिम भारत की स्थापना का कार्य संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंजीनियर जितेन्द्र सिंह, पंकज रामसूरत, रामानंद, राजेश, संजीत, राम भवन, प्रमोद, पूजा, आरती, रीता, एकता, पूर्णिमा, सुमन, किरण, प्रमिला, लल्लन सिंह एवं गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बेटे की मौत सदमे में पिता ने भी तोड़ा दम

जनसंदेश न्यूज



मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। स्थानीय थाना क्षेत्र के करहां बाजार में बुधवार की रात्रि नौ बजे के करीब दवा लेने जाते हुए सड़क हादसे में बेटे की मौत हो गई तो सदमे में पिता ने भी दम तोड़ दिया।

जिस पर स्वजन बिलख उठे। एक साथ पिता-पुत्र की मौत के बाद गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। क्षेत्र के करहां बाजार निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा (49) पुत्र राम आधार अपने पिता के लिए दवा लेने के बाद घर लौट रहे थे। जब वह घर के निकट अरुण चित्र मंदिर के पास पहुंचे, तो इसी दौरान पीछे से दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर काफी ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्हें पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया और फोन करके पुलिस को सूचित किया। कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब इसकी जानकारी मृतक के पिता राम आधार (70) को हुई, तो वह गमगीन हो गई और सदम में आ गए। कुछ ही देर में राम आधार ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि राम आधार काफी समय से बीमार चल रहे थे। अब अचानक बेटे की मौत का सदमा वह सहन नहीं कर सकें और उनकी भी मौत हो गई। पिता-पुत्र की मौत होने के बाद स्वजन बिलख उठे। साथ ही गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक राजेंद्र विश्वकर्मा के पुत्र प्रद्युमन विश्वकर्मा ने अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

कोपागंज, मऊ। सरायलखंसी थाना के सिकटिया ओवरब्रिज समीप बुधवार की देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होने से डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल तीनों को प्रकाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर होकर जिंदगी व मौत से जूझ रहा है। कोपागंज थाना के अदरी नगर पंचायत स्टेशन रोड वार्ड नंबर 4 निवासी विशाल मोदनवाल पुत्र प्यारेलाल 24 वर्षीय, शाहपुर हाइडिल रोड निवासी रवि गुप्ता पुत्र विजय शंकर गुप्ता 35 वर्षीय, रोशन कुमार पुत्र रामअवध राम 24 वर्षीय निवासी खजूरी बुधवार की देर रात पटेल ढाबा पर भोजन करने जा रहे थे कि तभी सिकटिया ओवरब्रिज के पास पहुंचे थे कि अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों सड़क किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। एक युवक हवा में काफी ऊंचा उछलकर दूर जा गिरा। मौके पर जुटे आसपास के ग्रामीणों की मदद से तत्काल तीनों को प्रकाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने विशाल मोदनवाल की हालत चिंताजनक बताया।

# आमजन को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

जनसंदेश न्यूज

**बोले शिवशंकर चौहान**

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार



रेवती। भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी यूं ही नहीं बनी है। इसे सजाने व संवारने में आप सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। पूरे विश्व की नजरें भारत पर टिकी हुई है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 की बैठक होने जा रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार साकार कर रही है। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य वीर बहादुर सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य कौशल सिंह, ओंकार नाथ ओझा, राणा जोगेंद्र विक्रम सिंह मांडलु, महावीर तिवारी, अनिल सिंह, मुकेश पांडेय, राजेंद्र पांडेय, सुशील पांडेय, सत्यदेव तुरहा, शांतिल गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, झाबर पांडेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह एवं संचालन भाजपा मंडल महामंत्री धनंजय सिंह ने किया।

# स्वामी रामदेव के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज

मऊ। गुरूवार को नगर स्थित एक पैलेस पर जनपद स्तर के पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत पतंजलि किसान सेवा समिति के सक्रिय कार्यकताओं की बैठक राकेश जी मुख्य केंद्रीय प्रभारी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के नेतृत्व में अपराह्न 2 बजे आयोजित की गयी।

इस बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश के समस्त पतंजलि के आनुषंगिक संगठनों के प्रांत प्रभारी तथा आस पास के सभी जिलों के योग को समर्पित योग योद्धा समेत जिले के समस्त तहसील प्रभारी एवं सक्रिय कार्यकताओं की जोशपूर्ण उपस्थिति में आगामी स्वामी रामदेव के 25-27 मार्च 2023 के कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु अपने को सन्नद्ध करने का आह्वान किया गया। मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश जी ने कहा कि है मऊ में प्रथम बार कार्यक्रम का आयोजन लोगों को योग के द्वारा शारीरिक मानसिक स्वास्थ एवं स्वदेशी के द्वारा अर्थिक समृद्धी का वाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु ईश्वर द्वारा दी गयी अपनी-अपनी क्षमता का सदुपयोग करके अपने को पुण्य का भागी बनाए। कर्म एवं कर्म फल का सिद्धांत अटल है इसलिए आज का सत्र सत्कर्म निश्चित रूप से हमारे कल की सुख समृद्धि शांति एवं अनुतोष का कारक बनेगा। इस दिन योग के साथ साथ छात्रों की ऊर्जा को घनीभूत करके सृजन के लिए उपयोगी बनाना है इसमें ख्याति प्राप्त संगीतकारों एवं बच्चों के विविध कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। इस दौरान मृत्युंजय कुमार द्विवेदी शैलेंद्र मिश्रा, बृजमोहन, मिथलेष, राजन, प्रशांत राय कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी आदि लोग रहे।

# विभिन्न सेक्टर में बंदियों को उपलब्ध करायें प्रशिक्षण की सुविधा

**बोले डीएम**

### कौशल विकास मिशन के तहत संचालित कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



मऊ। गुरूवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कौशल विकास मिशन के तहत संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि यूपीएसडीएम (2022-23) के तहत विभिन्न सेवा प्रदाता एजेंसियों को अलग-अलग सेक्टर्स में जून में प्राप्त लक्ष्य 2813 के सापेक्ष शत-प्रतिशत नामांकन पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में 2489 लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं 432 लोग प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सेवा प्रदाता एजेंसी बीना सॉफ्ट एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी, फ्रंटलाइन ग्लोबल सर्विसेज, सेजल एजुकेशन एंड कंसलटेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सोसायटी फॉर चैरिटी ऑब्लिगेशन टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग द्वारा अभी तक एक भी प्रशिक्षण कार्य पूर्ण न करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए इन सेवा प्रदाता एजेंसियों को अगले 10 दिनों में अपने कार्य व्यवहार में सुधार लाने की चेतावनी दी। अन्यथा की स्थिति में संबंधित एजेंसियों के जिला प्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही संबंधित एजेंसियों से रिकवरी हेतु शासन में पत्र लिखने के निर्देश प्रधानाचार्य आईटीआई को दिए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य आईटीआई को सेवा प्रदाता एजेंसियों को अंतिम चेतावनी पत्र जारी करने एवं इनके द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने यूपीएसडीएम के तहत 9 एवं 24 जनवरी तथा 15 फरवरी को प्राप्त नए आवंटित लक्ष्यों के बारे में भी प्रधानाचार्य आईटीआई से जानकारी लेते हुए, जिन एजेंसियों ने जनवरी में आवंटित लक्ष्य में अभी तक प्रशिक्षण का कोई भी बैच प्रारंभ नहीं किया है, उनके खिलाफ शासन में पत्र लिखने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रधानाचार्य आरटीआई को दिए। डीडीयू-जीकेवाई के तहत जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया की डीडीयू-जीकेवाई के तहत जनपद को कुल 1065 लक्ष्य आवंटित हुए हैं,जिनमें से अब तक 206 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं 181 लोग अभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कुछ सेवा प्रदाता एजेंसियों द्वारा अभी तक प्रशिक्षण का कोई भी बैच प्रारंभ न किए जाने पर जिलाधिकारी ने इन एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त सेवा प्रदाता एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान ही जिलाधिकारी ने जेल स्किल ट्रेनिंग कमेटी के संबंध में चर्चा करते हुए ट्रेनिंग पार्टनर का चयन कर, विभिन्न सेक्टर में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक बंदियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभ में इलेक्ट्रॉनिक्स आईटी सेक्टर एवं फर्नीचर सेक्टर में इच्छुक बंदियों को प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। बैठक के दौरान प्रधानाचार्य आईटीआई, जेल अधीक्षक सहित समस्त सेवा प्रदाता एजेंसी के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दूसरे की परीक्षा देते पकड़े गए मुन्नाभाई

परीक्षा में धांधली

## परीक्षा केंद्रों पर डीएम-एसपी ने किया चक्रमण, दी हिदायत

जनसंदेश न्यूज


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।


स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा का पहला दिन मुन्ना भाईयों के नाम दर्ज हो गया। गुरूवार से शुरू हुई बोर्ड परीक्षा में कोई गड़बड़ी न हो पाएं इसके लिए प्रशासन की सख्त पहरेदारी लगाई गई थी। परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद अंदर जाने दिया जा रहा था। डीएम-एसपी ने भी कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लेकर व्यवस्था पर संतोष जताया।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण मे सर्वप्रथम नव युवक स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज मैनपुर, रामदास बालिका इण्टर कालेज मेदनीपुर करण्डा, शान्ति निकेतन इण्टर कालेज जेवर, माँ तू कालिका इण्टर कालेज जखनियाँ एवं अन्य कई परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्रों पर डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेटों की टेम्परिंग का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर गहनता से निरीक्षण किया तथा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया ,वही अपने-अपने क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी परीक्षा के दौरान निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्ति पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान शान्ति निकेतन इण्टर कालेज जेवर में एक छात्र एवं माँ तू कालिका इण्टर कालेज जखनियाँ में परीक्षा के दौरान तीन छात्रो द्वारा दूसरे विद्यार्थी का पेपर देते हुए पकड़े जाने पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रो के उपर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया। इसके अतिरिक्त हिन्दू इण्टर कालेज जमानियॉं में केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा परीक्षा में 02 छात्रो द्वारा दूसरे की परीक्षा देते हुए पकड़े जाने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

जनपद में 253 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं सभी परीक्षा केंद्र पर सुपर विजन के लिए 253 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 35 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 11 जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं प्रथम पाली हाईस्कूल की परीक्षा में छात्र/छात्राओ की टोटल संख्या-85383 थी जिसमें संस्थागत 13126 एवं व्यक्तिगत 35 छात्र/छात्राऐं परीक्षा में अनुपस्थित पाये गये।

### परीक्षार्थियों ने छोड़ी हिंदी की परीक्षा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के कुल नौ विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाएं हाईस्कूल हिंदी विषय के परीक्षा से आरंभ हुई। परीक्षा के प्रथम दिन स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर में कुल पंजीकृत 502 का परीक्षा होना था जिसमें 267 छात्र और 237 छात्राओं को परीक्षा देने थे। लेकिन 60 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। यहां सहायक केंद्र व्यवस्थापक के रुप में तैनात के एम पाठक और स्टेटिक पवन कुमार पाण्डेय ने सभी परीक्षा कक्षों का सक्ष्म रुप से निरीक्षण किया। पशुपतिनाथ इंटर कॉलेज शेरपुर में383 में से 18 ने परीक्षा छोड़ी। इसी तरह बाबा महादेव इंटर कालेज मसोन में भी 39 परीक्षार्थियों के परीक्षा छोड़ने का समाचार मिला है।

# परीक्षा केंद्र पर नहीं पकड़े गए नकलची

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। स्थानीय तहसील क्षेत्र में कुल 15 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां सुबह की पाली में हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हिंदी विषय की परीक्षा दी।

गुरुवार से शुरू हुई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को सुचिता के साथ एवं नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को लेकर उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद और नायब तहसीलदार विपिन कुमार व खंड विकास अधिकारी भदौरा द्वारा सभी 15 परिक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया ।

इस दौरान किसी विद्यालय में कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए नहीं पाया गया। हाई स्कूल के सुबह की पाली में कामाख्या विद्यापीठ इंटर कालेज सेवराई 665 में 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वहीं इंटर के 44 में एक अनुपस्थित रहे ,गहमर इंटर कॉलेज में हिंदी विषय के परीक्षा में 566 परीक्षार्थियों में 36 अनुपस्थित रहे तो वहीं राजकीय कन्या विद्यालय में 148 परीक्षार्थियों में 10 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली के इंटरमीडिएट की परीक्षा में गहमर इंटर कॉलेज में हिंदी के 185 और सामान्य हिंदी के 235 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तो वही 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । राजकीय कन्या विद्यालय गहमर में हिंदी के 26 और सामान्य हिंदी के 2 परीक्षार्थियों ने परीक्षा संपन्न की एवं 4 परीक्षार्थी और उपस्थित रहे।

एसडीएम राजेश चौरसिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सुचिता के साथ कराने के लिए प्रशासन सक्रिय है। सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है जो भी परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करते हुए पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीटीसी छात्रा ने गंगा नदी में लगायी छलांग, बची जान


सैदपुर गंगा नदी पुल में छात्रा के छलांग लगाने के बाद लगी भीड़।

**सैदपुर।** नगर के गंगा नदी पुल से एक बीटीसी छात्रा ने नापसन्द शादी तय करने से परिजनों से नाराज होकर नदी में छलांग लगा दी। उसने परिजनों के लिए एक वीडियो भी बनाया। जिसमें परिवार पर बोझ बनने की बात कही गयी थी। हालांकि मौके पर मौजूद मछुआरों ने तत्काल उसकी जान बचा ली और उसे अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

वहीं जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। भीमापार के पहाड़पुर निवासिनी 25 वर्षीय श्वेता कुमारी शादी जून में तय थी। पिता ओमप्रकाश के अनुसार वो शादी से खुश नहीं थी लेकिन उसके खुश न होने की बात हमें पता नहीं थी। क्योंकि जिस लड़के से शादी होनी थी, उससे श्वेता की बात होती थी। बताया कि इस बीच न जाने उसके दिमाग में क्या आया कि वो स्कूटी से सैदपुर पुल पर आई और यहां स्कूटी खड़ी कर नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाने के चलते उसे काफी ज्यादा चोट लगी और वो अचेत हो गयी। इस बीच वहां मौजूद मछुआरों ने उसकी जान बचा ली।

मौके पर पुलिस पहुंची और उसे लेकर अस्पताल आई। श्वेता के पिता ओमप्रकाश खजुरा कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षक हैं, वहीं जिससे शादी तय हुई है, वो भी रेवतीपुर में परिषदीय विद्यालय में शिक्षक है। कूदने के पहले श्वेता ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने कहा कि वो अब परिजनों पर बोझ नहीं बनेगी, इसलिए जीवन खत्म कर रही है। मौके से मिली उसकी स्कूटी में से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान हो पाई। उसी में उसका मोबाइल भी मिला, जिसमें उसने वीडियो बनाया था।

## खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने दर्ज कराया मुकदमा

**गाजीपुर।** खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने औषधियों में गड़बड़ी पाएं जाने पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी यहा दो के ऊपर मुकदमा दर्ज करया है। ज्ञात हो की जनपद में नकली और अधो मानक बिक्री के रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन द्वारा निरंतर औषधियों के नमूने लिए जाते है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य द्वारा लिए गया नमूनों में ओसियो फलक्स ओ जेड (ओफ्लोक्सासिन और आर्निडाजोल) जो मुरलीधर मेडिकल हाल जखनिया और ऑगमेंटोफ 625 (इमोक्सिसिलीन और पोटेशियम क्लाभूलोनेट) प्रभु मेडिकल स्टोर दुल्लहपुर अधोमानक पाया गया। जिसके विवेचना पूर्ण होने के उपरांत दोषियों के खिलाफ सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर किया जाएगा। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में मिथ्या छाप एवं बिना लाइसेंसी दुकानदार के खिलाफ बीते महीने मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। शेष चार प्रक्रणों में विवेचना जारी है।

# हत्याकांड का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे


कासिमाबाद पुलिस के गिरफ्त में हत्यारोपी।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज कस्बे में मोबाइल लेनदेन के मारपीट में मृतक अंकित कुमार के नामजद आरोपियों में से पुलिस ने गुरुवार की सुबह चंडी माता मंदिर बहादुरगंज से एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बन्धित धाराओं में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक आशुतोष शुक्ला अपनी टीम के साथ बहादुरगंज कस्बे में गुरुवार की सुबह 10 बजे चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि चंडी माता मंदिर बहादुरगंज के पास अंकित कुमार की हत्या में शामिल एक आरोपी खड़ा हैं जो किसी वाहन से दूसरे शहर को जाने के फिराक हैं। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चंडी माता मंदिर स्थान बहादुरगंज के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम राजकिशोर पुत्र नंदलाल निवासी रामगढ़ बहादुरगंज थाना कासिमाबाद बताया।

पुलिस ने अभियुक्त को सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष शुक्ला, विपिन यादव शामिल रहे।

## संक्षेप

### गुलेदर दादा के उर्स पर उमड़ी भीड़



**कासिमाबाद।** हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक कासिमाबाद क्षेत्र के बिशुनपुर स्थित शाह गुलाम हैदर साहब रहमतुल्ला अली दरगाह पीर (गुलेदर दादा) के 167 वाँ सलाना उर्स के मौके पर गुरुवार के दिन जियारत के लिए जायरिनो की काफी भीड़ उमड़ी रही । सलाना उर्स पर देश में अमन के लिए दुआ कर मनाया गया। हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक दरगाह के मजार पर पुरुष महिला बच्चों ने दोपहर में कुरान ख्वानी व जिक्र ए ईलाही के बाद मिलादुन्नबी के बाद गद्दा नसिनो के द्वारा चादर पोसी की गई। जिसमें इलाके तमाम जायरीनों ने शिरकत कि चादर पोशी के बाद दुआं ख्वानी की गई। ग्रामीणों के अनुसार मजार पर मांगी गई।देर शाम तक कव्वाली का कार्यक्रम चलता रहा। इस कार्यक्रम स्थल पर हाफिज सेराज अहमद,बम्बू,अशोक कन्नौजिया,सुहेल, सोनू राइनी, समसाद, सरफराज, इरफान कुरैशी, अमरजीत गोंड,अजीत, शुभम,सुरेंद्र आदि सैकड़ों ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगवाने पर लगेगा पांच हजार जुर्माना

**गाजीपुर।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे वाहन चालकों से अब पांच हजार रुपये जुमार्ना वसूला जाएगा। 15 फरवरी से परिवहन विभाग अभियान चला कर जुमार्ना वसूलेगा। जिले में करीब एक लाख 80 हजार वाहन ऐसे हैं, जिन पर अब तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी हैं। ऐसे वाहनों के मालिकों पर पांच हजार रुपये तक का परिवहन विभाग जुमार्ना लगाने की व्यवस्था की गई है। वाहन स्वामियों को जल्द वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने का निर्देश दिया गया है। एआरटीओ श्रीराम सिंह न बताया कि वाहन स्वामियों को अपने वाहन के आगे और पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए काफी समय से जागरूक किया जा रहा है। 15 फरवरी के बाद बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। ऐसे वाहन मिलने पर पांच हजार रुपये तक जुमार्ना वसूला जाएगा।

### सफाई कर्मचारी संघ प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी से मिला। सफाई कर्मचारियों के अतिशीघ्र वेतन भुगतान, महिलाओं, दिव्यांगो,पति पत्नी व गंभीर रूप से बीमार सफाई कर्मचारी साथियों के दूरस्थ स्थानांतरण आदि समस्यायों के निराकरण हेतु मुख्य विकास अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आस्वस्थ कराया गया कि संघ के पत्र में उल्लेखित मांग विन्दुओ व समस्याओं का निराकरण अतिशीघ्र किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल, जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव सहित अन्य साथी उपास्थित रहे।

### खंड विकास अधिकारी पर गिरी गाज

**सैदपुर।** स्थानीय ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम पर आखिरकार प्रशासनिक गाज गिर ही गयी। उनसे ब्लॉक का कार्यभार छीनकर उन्हें जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। वहीं सैदपुर का नया बीडीओ अरविंद यादव को बनाया गया है। वो मनिहारी ब्लॉक से आये हैं। आने के बाद उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। बता दें कि बीते दिनों शासन द्वारा पूरे प्रदेश में विकास कार्यों के लिए धनराशि निर्गत की गई थी। उस धनराशि को सैदपुर ब्लॉक के लिए निर्गत कराने के लिए खण्ड विकास अधिकारी के आधिकारिक डोंगल की आवश्यकता होती है। लेकिन ऐन मौके पर बीडीओ त्रिवेणी राम डोंगल को अपने साथ लेकर न सिर्फ गायब हो गए, बल्कि पूरे दिन तक अपना सीयूजी से लेकर निजी नम्बर भी बन्द कर दिया था। जिसके चलते खण्ड विकास अधिकारी की उस दिन काफी तलाश की गई। यहां तक कि जिले के मुख्य विकास अधिकारी ने भी फोन किया तो उनसे संपर्क नहीं हुआ। जिसका नतीजा ये हुआ कि सैदपुर ब्लॉक को उस समय विकास कार्यों के लिए मामूली धनराशि को छोड़कर कुछ भी धन नहीं मिल सका। इस मामले में बीडीओ की काफी किरकिरी हुई थी और उनका ये नियम विरुद्ध कार्य जिला प्रशासन की नजर में तभी से खटक रहा था। आखिरकार उन पर गाज गिरी और उन्हें मुख्यालय से अटैच कर दिया गया।

### लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार साढ़े दस बजे कासिमाबाद बस स्टैंड से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद करने में सफलता प्राप्त की । करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र गोसलपुर गांव निवासी सुखलाल का पुत्र अरविंद (25) के खिलाफ 9 फरवरी को पीड़िता के पिता ने बहला फुसलाकर शादी के झांसा देकर भगाने के मामले में मामला दर्ज कराया था। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में लगी थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि किशोरी को भगाने वाला युवक कासिमाबाद बस स्टैंड पर खड़ा है। बस पकड़कर दूसरे जगह भागने वाला है। पुलिस मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड पहुंच कर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम अरविंद कुमार निवासी गोसलपुर थाना करीमुद्दीनपुर होना बताया।

### लड़की के तालीम हासिल करने से दो खानदान का नाम होता रोशन

**बारा।** बालिकाओं को दिनी तालीम के बारे में जानकारी देने के लिए एक रोजा जलसा ए ख्वातीन का आयोजन गौसिया पब्लिक स्कूल बारा में बुधवार की शाम को हुआ। मुख्य अतिथि दारुल उलूम अहले सुन्नत मदरसा गौसिया की अध्यापिका आमिना खातून ने काफी संख्या में उपस्थित गांव की महिलाओं से कहा कि एक लड़की का तालीम हासिल करने से दो खानदान रोशन होता है, बच्चियों की तालीम बच्चों से कहीं ज्यादा अहम है, इसलिए मां अगर नेक है, तो बच्चे भी नेक होंगे, मां अगर आबिदा है, तो बच्चे भी इबादत गुजार होंगे, इसलिए बच्चियों की तालीम व तरबियत पर जोर दिया जाए। लड़कियों की शिक्षा के बेहतर प्रबंध के लिए यहां की इंतजामिया बधाई की पात्र है। जलसे की निजामत नसरीन फातमा ने किया। जलसे में मदरसा गौसिया के प्रिंसिपल मौलाना कलीमुद्दीन शम्सी, मौलाना नजिरुल हसन, हाफिज शाबान, शकील खान का सहयोग रहा।

### चिकित्सालय में डॉक्टरों को टोटा

**सादात।** प्रदेश सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। किसी भी अस्पताल पर चिकित्सक का पद लंबे समय से रिक्त है तो कहीं तैनात चिकित्सक ही अस्पताल से प्राय गायब रहते हैं। ऐसे में इलाज के लिए लोग निजी अस्पताल व झोलाछाप डाक्टरों की शरण लेने के लिए विवश हैं। ब्लाक सादात अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भीमापार पर तैनात चिकित्सक डा, आशीष मिश्रा का करीब एक पखवारा पूर्व खानपुर के लिए ट्रांसफर हो गया। इनके बदले अब तक किसी दूसरे चिकित्सक की नियुक्ति न होने से यह अस्पताल फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय के भरोसे चल रहा है। फार्मासिस्ट अनिल यादव, वार्ड ब्वाय दुर्गा सिंह व विनोद यादव के भरोसे अस्पताल चल रहा है। यहां आने वाले मरीजों को चिकित्सक के न होने से निराश होना पड़ता है।

# महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से गरीब परेशान


कासिमाबाद थाना पार्क में नारेबाजी करते कार्यकर्ता।

**कासिमाबाद।** डोम, मुसहर, नट,धरीकार, बांसफोर ,गरीब समाज पार्टी बृहस्पतिवार को थाना पार्क में बैठक कर अपने हक और अधिकार की मांग किया। बैठक के बाद पार्टी के सभी नेता मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित मांग पत्र कासिमाबाद उपजिलाधिकारी को देकर न्याय दिलाने की मांग किया। अवधेश बागी मुर्दाहवा ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार कहती है हम देश हित में काम कर रहे हैं लेकिन महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से गरीब परेशान है। यह कैसा हित साध रही है सरकार। उन्होंने कहा कि अंग्रेज चले गए मगर अमेरिकी साम्राज्यवाद करने वाली सरकार केवल पूंजीपतियों के सहारे चल रही है और उन्हीं की भला में लगी है। अवधेश बागी मुर्दाहवा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी कासिमाबाद से मिलकर अपनी आठ सूत्री मांगों को रखते हुए मुख्यमंत्री से शीघ्र पूरा करने का अपील किया। पत्र देने वालों में प्रदेश कोषध्यक्ष लाल जी बंसफोर, मंडल अध्यक्ष बबलू बंसफोर, प्रदेश प्रभारी मनोज, जिलाध्यक्ष गोधन, सुलेमान नट, झकड़ी, सुदर्शन, हरिलाल, अशोक, नाखड़ू, मंगला, आशा, सुमित्रा, कौशिल्या, कुमरिचा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बाइक के धक्के से युवक की गई जान

**मरदह।** थाना क्षेत्र के गजपतपुर गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व. ऊजागीर राम (28) प्रतिदिन की भांति व सब्जी बेचने का कार्य करते हुए सब्जी लेकर घर लौट रहा था। तभी दुल्लहपुर की तरफ से नशे में धुत बाइक सवार ने युवक को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल होते हुए वही बेहोश होकर गिर गया। बाइक चालक मौके से लापता हो गया। ग्रामीणों ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। बाइक की डिग्गी में शराब की बोतले भी मिली थी। घायल युवक को ग्रामीणों ने उठाकर सदर अस्पताल ले गए।जहां डॉक्टरों ने उसे वनारस ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सर में अधिक चोट होने के कारण इलाज के दौरान युवक ने बुधवार की देर रात को दम तोड़ दिया। मृत युवक के पुत्र शैलेश (8), सत्यम (5) है। पत्नी सीमा का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक को कब्जे ले लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अतिक्रमण हटा नहीं, सड़क भी रही अधूरी

यह है हाल

### स्टेशन की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य ठप

### सड़क पर उड़ रही धूल से राहगीर व दुकानदार परेशान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** डेढ़ माह पूर्व से शहर के सिटी रेलवे स्टेशन की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का शुरू हुआ कार्य एक बार फिर से रुक गया है। इसके साथ ही शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान भी बंद हो गया है। सड़क के गड्ढों में हिचकोले खाते वाहनों और उनके पीछे उड़ती धूल से राहगीरों के साथ ही आसपास के दुकानदारों को दिक्कतें हो रही है।

सिटी रेलवे स्टेशन तिराहे से बाईपास मार्ग फुल्लनपुर तिराहे से होते हुए लंका चुंगी तक सिवरेज का कार्य कराया जा रहा है। कुछ दूरी तक ही सड़क के दोनों तरफ सिर्फ एक लेन का निर्माण हो पाया है। तहसील प्रशासन और नगर पालिका की तरफ से अतिक्रमण हटाओ अभियान नगर क्षेत्र में चलाया गया, लेकिन वह भी रेलवे स्टेशन रोड पर नहीं पहुंच पाया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान और सड़क के अधूरा रहने से सड़क में गड्ढे और मिट्टी के बीच से लोगों को गुजरना पड़ रहा है। शहरवासी दीपक चौरसिया का कहना है कि घर एवं दुकान के सामने अतिक्रमण हटाकर छोड़ दिया गया। इसके एक माह बाद भी सड़क निर्माण नहीं कराया गया। सड़क के गड्ढों एवं वाहनों के गुजरने से उड़ रहे धूल के कारण दुकान में बैठना मुश्किल हो जा रहा है।

राहगीर देवेंद्र कुमार का कहना है कि शहर में घुसते समय सड़क अच्छी दिखती है, लेकिन जैसे ही सिटी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पहुंचते है तो सड़क में सिर्फ गड्ढे ही दिख रहे हैं। इससे यात्रा करने की हिम्मत नहीं होती।

### पटरा डालकर दुकान एवं घर में जा रहे लोग

शहर के बाईपास मार्ग पर सीवरेज लाइन निर्माण और सड़क किनारे अतिक्रमण। नाली निर्माण कार्य भी बंद हो गया है। सड़क के पश्चिम और पूरब तरफ लोगों को घर एवं दुकान में जाने के लिए सांसत झेलना पड़ रहा है। लोग अधूरी नाली पर पटरा एवं बल्ली के सहारे दुकान तक पहुंच पा रहे हैं। वहीं, सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पड़ा कूड़ा नहीं हटाने से भी परेशानी हो रही है।

### अक्सर लग रहा जाम

रेलवे क्रासिंग के पास अधूरी पड़ी सड़क एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान के कचरे के कारण वाहनों को गुजरने में दिक्कत हो रही है। यहां पर अधूरी नाली के पास दुकानों के सामने आड़े तिरछे खड़े वाहनों के कारण अक्सर जाम लग जा रहा है। साथ ही रेलवे क्रासिंग बंद होने पर जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। इससे राहगीरों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है।



# घटिया सामग्री से कराया जा रहा नाली निर्माण का कार्य

जिम्मेदार मौन

### चंद्रा कालोनी में नपा की मिली भगत से ठेकेदार की चांदी

जनसंदेश न्यूज


चंद्रा कालोनी में पुरानी ईटों से हो रहा कार्य।

**गाजीपुर।** मानकों की अनदेखी और भ्रष्टाचार का नजारा देखना है तो आपको कही जाने की जरूरत नहीं है। बस शहर क्षेत्र के (जस्सी का बंगला) चंद्रा कालोनी में जाना होगा। जहां कराए जा रहे नाली निर्माण में जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खुलेआम पुरानी ईट व घटिया किस्म के बने मसालों से नाली निर्माण किया जा रहा है। जिम्मेदार मामले से अनजान बने हुए है।

नागरिकों का कहना है कि मानक के विपरीत नाली निर्माण में धांधली की जा रही है। नाली निर्माण में खराब सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है वहीं जुड़ाई में मानकों के विपरीत मसाले का भी प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में यह नाली कितने दिन चलेगी, यह भगवान ही जाने। सूत्रों की माने तो नाली निर्माण के लिए 32 लाख का टेंडर किया गया है। बावजूद इसके ठेकेदार सब कुछ हड़पने की नीयत से गलत और घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग कर रहे है। काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हमें जैसा ठेकेदार द्वारा कहा जाता है हम वैसा ही काम करते हैं। पुराने ईटों के बावत उन्होंने बताया कि इन्ही ईटों से नाली का निर्माण कराया जाता है। नागरिकों ने दबी जुबान से बताया कि किसी तरह से नाली बन जाए। नही तो नाली निर्माण कार्य बंद हो जाएगा। जिस तरह से मानकों की अवहेलना की जा रही है, उससे तो नाली बिल्कुल नहीं चलेगी। सवाल ये उठता है कि सरकार बड़े बड़े दावे कर रही है कि हम अच्छे बजट से नगर का विकास करा रहे है। वही नगर पालिका सरकार के मंसूबो को पानी में डुबो रहे है। यह मानक विहीन नाली निर्माण कार्य ठेकेदार और आला अधिकारी द्वारा मनमानी में कराया जा रहा है। नगर पालिका जेई विवेक कुमार ने बताया है कि 32 लाख की लागत से आरसीसी रोड व नाली निर्माण करना है। ठेकेदार द्वारा खड़जा उखड़वाकर उसी ईट से निर्माण कराया जा रहा है। इसकी जानकारी मिली है। जिसकी जांच कराकर कारवाई की जाएगी।

> नगर पालिका ई ओ लालचंद सरोज ने बताया पुरानी ईट से कराये जा रहे नाली निर्माण को करीब दस फीट तक तोड़ दिया गया है साथ ही ठेकेदार को नोटिस भी भेजी जाएगी।
>
> नगर पालिका ई ओ लालचंद सरोज

### अखिनी की टीम ने अगले चक्र में बनायी जगह

**सुहवल।** रमवल गाँव में आरएफसी क्लब के तत्वावधान में जिला स्तरीय मिनी पोल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित है। बुधवार की शाम दो अलग अलग खेला गया।पहले मुकाबलें में मेजबान रमवल ने मेहमान डुमरी को 2-0 जबकि अखिनी ने दिलदारनगर को 1-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। रमवल एवं डुमरी के बीच पहला मैच खेला गया।

# 305.46 लाख से कर्मनाशा पुल का बहुरेगा दिन

## दो सौ मीटर लंबा पुल अब क्षतिग्रस्त हो चुका है


यूपी-बिहार को जोड़ने वाला क्षतिग्रस्त कर्मनाशा पुल।

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाले जर्जर हो चुके कर्मनाशा पुल की मरम्मत को केंद्र सरकार ने 305.46 लाख के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बजट भी रिलीज कर दिया गया है। प्रस्ताव तीन माह पहले केंद्र सरकार को भेजा गया था। एनएच 124 -सी पर स्थित जर्जर कर्मनाशा पुल का जिला प्रशासन के साथ एनएच के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। पुल की स्थिति को देखकर उन्होंने फौरन एक्शन लेते हुए पुल पर बड़े व भारी वाहनों की नो एंट्री लगा दी थी। इसके बाद हाइट गेज लगाकर वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। हल्के वाहन ही कर्मनाशा पुल से गुजर रहे हैं।

बजट मिलने के बाद एनएच के अधिकारियों ने पुल का दौरा किया। उन्होंने मरम्मत की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। एनएचआई के अधिकारियों ने कर्मनाशा पुल का सर्वे कर क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को दी थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर 22 नवंबर को पुल पर भारी व ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाते हुए हाइट गेज लगा दिया गया।अधिकारियों ने कर्मनाशा पुल की मरम्मत के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इसके लिए 305.46 लाख रुपये के खर्च का अनुमान लगाया। सरकार की ओर से धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। एनएचआई के जेई घनश्याम पांडेय ने बताया कि कर्मनाशा पुल की मरम्मत का रास्ता तकरीबन साफ हो गया है। इसके लिए केंद्र सरकार से बजट जारी हो चुका है। हालांकि, अभी कार्य की मंजूरी नहीं मिली है। अनुमति मिलते ही विभाग की ओर से कार्य शुरू कराने की पूरी तैयारी है।

## जनसंपादकीय

# भारत और तुर्की के ताल्लुकात

**प्रभात कुमार रॉय**



गहन गंभीर और विशानकारी संकट वस्तुतः किस तरह से किसी मुल्क का मिजाज बदलकर रख देते हैं, इसका वर्तमान में इसतथ्य का ज्वलंत उदाहरण तुर्की राष्ट्र है, जोकि आजकल बेपनाह तबाही की भीषण त्रासदी से गुजर रहा है. अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के समर्थन में निरंतर प्रतिबद्ध तौर पर खड़ा होने वाला तुर्की आजकल भारत को अपना गहरा और निकट दोस्त करार दे रहा है. 7.8 तीव्रता का अत्यंत विनाशकारी कहर लिए भूकंप के भीषणतम झटकों ने तुर्की के दक्षिण पूर्वी इलाकों को पूर्णतः तहस नहस कर डाला है. तकरीबन नौ करोड़ आबादी वाले राष्ट्र तुर्की को पश्चिम और पूरब के मध्य एक भौगौलिक औक सांस्कृतिक पुल करार दिया जाता है. रशिया की तरह से ही तुर्की भी एक यूरोप और एशिया में फैला हुआ यूरेशियन राष्ट्र है. तुर्की के अभूतपूर्व संकट के इस दर्दनाक वक्त में भारत ने तुर्की की शत्रुतापूर्ण कूटनीति को पूर्णतः विस्मृत करके अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ तुर्की की मदद प्रारम्भ की है. यहां तक कि विनाशकारी भूकंप के पश्चात जब पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की की यात्रा करने का ऐलान किया तो तुर्की ने उनको अगवानी प्रदान करने से स्पष्ट इंकार कर दिया. ऐसा प्रतीत होता है कि विनाशकारी संकट के इस विकट काल में भारत और तुर्की के कूटनीतिक संबंध एक नए संवेदनशील दौर में पहुंच गए हैं, जहाँ कि परस्पर संबंधों की वर्षो पुरानी कूटनीतिक कटुता यकीनन प्रखर मधुरता में परिवर्तित हो जाएगी. रुबेला वायरस का हवाला देकर भारत का गेहूं वापस लौटाने वाला तुर्की भीषण संकट के इन दुर्भाग्यपूर्ण लम्हों में भारत की भरपूर इमदाद हासिल कर रहा है।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से सदैव ओतप्रोत रहा, भारत वस्तुतः विश्वपटल पर कदापि किसी मुल्क को अपना स्थाई दुश्मन करार नहीं देता है. मुखतलिफ मुल्कों के मध्य उत्पन्न विवादों को सौहार्दपूर्ण तौर पर परस्पर बातचीत द्वारा निपटाने का भारत सदैव हिमायती रहा है. चीन और पाकिस्तान से साथ अपने विवादों को सुलझाने के लिए भारत द्वारा सदैव कूटनीतिक वाताएं प्रारम्भ करने की पहल अंजाम दी है. आजादी प्राप्त करने के तत्पश्चात भारत और तुर्की के मध्य कूटनीतिक संबंधों का शानदार आगाज हुआ. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.नेहरु वस्तुतः मुसलिम बाहुल्य वाले मुस्तफा कमाल पाशा के तुर्की राष्ट्र की प्रगतिशालता और धर्मनिरपेक्षता के बहुत प्रशसंक थे. पं. नेहरु दिलो जान से चाहते थे कि तुर्की विश्वपटल पर गुटनिरपेक्षता प्रबल पक्षधर बने. किंतु तुर्की के लीडरों ने कोल्ड वॉर के दौर में अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि में शामिल करने का फैसला लिया. तुर्की ने कुछ वर्ष बाद में पाकिस्तान के साथ सैंटों सैन्य संधि का सदस्य बनने का भी निर्णय लिया. इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में पाकिस्तान के साथ तुर्की की निकटता बढ़ती गई और भारत से दूरियाँ बनती चली गई. इंदिरा गाँधी के शासन काल में वर्ष 1974 तुर्की ने जब साइप्रस के एक भाग पर सैन्य शक्ति द्वार आधिपत्य स्थापित किया. साइप्रस के तत्कालीन राष्ट्रपति आर्कबिशप मकारिओस, जोकि गुटनिरपेक्ष आंदोलन के महत्वपूर्ण लीडर भी थे, उनके पक्ष में और तुर्की की सैन्य आक्रमकता के विरुद्ध इंदिरा गाँधी ने खड़े होने का निर्णय लिया. इस कारणवश भी भारत और तुर्की परस्पर विरोधी खेमों में खड़े हो गए थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में वर्ष 2017-18 में राष्ट्रपति एदोर्गान ने भारत का दौरा इस उम्मीद पर अंजाम दिया था कि भारत थोरियम से परमाणु बिजली के उत्पादन की तकनीक तुर्की को उपलब्ध करा देगा, किंतु राष्ट्रपति एदोर्गान की यह उम्मीद कदापि पूरी नहीं हो सकी.

कश्मीर विवाद पर भारत के विरुद्ध पाकिस्तान का सदैव सैन्य समर्थन करने वाले तुर्की ने पाक को सदैव ही आर्थिक और सैन्य सहायता फराहम की है. तुर्की का धर्मनिरपेक्ष चरित्र वर्ष 2002 में इस्लाम का परचम लहराने वाले राष्ट्रपति एदोर्गान के सत्तानशीन होने के तत्पश्चात बुनियादी तौर पर परिवर्तित होने लगा. तुर्की के उस्मानी ऑटोमन साम्राज्य के गौरवशाली अतीत से प्रेरित और पोषित राष्ट्रपति एदोर्गान विगत दो दशक से वस्तुतः तुर्की को इस्लामिक दुनिया का लीडर बनाने पर आमादा रहे हैं. अतः इस्लामिक दुनिया के परम्परागत लीडर रहे सऊदी अरब से साथ तुर्की का वैमनस्य बाकायदा बरकरार बना हुआ है. वर्ष 2017 में राष्ट्रपति एदोर्गान की हुकूमत का सैन्य तख्ता पलट की नाकाम कोशिश अंजाम दी गई. इस सैन्य तख्तापलट के प्रयास के पीछे एक उदारवादी मुसलिम विद्वान दार्शनिक फैहतुल्ला गुलान नामक शख्सियत की प्रेरणा बताई गई. अमेरिका में निवास कर रहे फैहतुल्ला गुलान को लेकर तुर्की और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक तनाव कायम बना रहा है. इस सैन्य वारदात के तत्पश्चात राष्ट्रपति एदोर्गान द्वारा अपने राजनीतिक विरोधियों का जबरदस्त दमन आरम्भ कर दिया. नॉटो सैन्य संधि के चालीस देशों के विपरीत जाकर नॉटो संगठन के सदस्य राष्ट्र तुर्की ने यूक्रेन युद्ध के दौर में रुस के साथ अपने संबंध को प्रगाढ़ किया है और रुस के साथ तुर्की ने ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संधियां अंजाम दी है. तुर्की द्वारा अमेरिका के विरुद्ध जाकर रुस से एंटी मिसाइल सिस्टम-एस 400 हासिल किया गया है. इस तरह से तुर्की ने यूरोपीय यूनियन से एकदम पृथक विदेशनीति का अनुसरण किया है.

भविष्य में तुर्की के साथ भारत के ताल्लुकात यकीनन सुधर सकते है, क्योंकि तबाही के भीषण संकट के दौर में भारत विगत काल की कूटनीतिक कटुताओं को पूरी तरह से भुलाकर तुर्की की इमदाद करने वालों में अग्रणी देश रहा है और अत्यंत भावुकता के साथ तुर्की ने इस तथ्य को स्वीकारा है. कश्मीर विवाद पर इस्लामिक देशों के संगठन द्वारा ओआईसी ने सऊदी अरब की कयादत में पाकिस्तान की हिमायत बंद कर देने के पश्चात पाक लीडरॉन को अंतरराष्ट्रीय तौर पर मुसलिम मुल्कों में अभी तक केवल तुर्की के राष्ट्रपति एदोर्गान का ही कूटनीतिक सहारा शेष बचा हुआ था. ऐसा प्रतीत होता है कि भारत, तुर्की और रशिया के मध्य स्थापित होती जा रही प्रबल प्रगाढ़ता के कारण विश्वपटल पर पाकिस्तान अत्यंत अलग थलग पड़ता जा रहा है. पाकिस्तान का अनेक दशक तक प्रबल हिमायती रहा अमेरिका पहले ही पाकिस्तान से अपना दामन छुड़ा चुका है. अब तो पाकिस्तान को केवल चीन का सहारा शेष रह गया है, जोकि पाकिस्तान की डूबती हुई नैया को बचा सकता है. यह तो आने वाला भविष्य ही तय कर पाएगा कि भारत और तुर्की के ताल्लुकात किस शिखर को स्पर्श कर सकेंगे किंतु यह तथ्य निश्चित है कि विगत कूटनीतिक कटुताओं को दोनों देश अवश्य ही तिलांजलि दे देंगे और दोस्ती की राह पर आगे चल निकलेंगे.

**(लेखक नेशनल सिक्योरिटी एडवाईजरी कॉऊँसिल के पूर्व सदस्य हैं)**

# सुचेता : दृढ़, लेकिन दयामयी नेत्री

## स्मरण

**डॉ. सुधीर सक्सेना**





यदि आपसे भिन्न-भिन्न प्रकार के तीन-चार प्रश्न पूछे जाएं और उनके उत्तर समान हों तो निश्चित ही आप सुखद विस्मय से भर उठेंगे। क्या आप जानते हैं कि वह कौन साहसी स्त्री थी, जिसने नोआखाली के दंगों ममें जान हथेली पर रखकर शांति और सद्भाव की स्थापना में भाग लिया था? वह कौन थी, जिसने स्वतंत्रता की पावन वेला में संसद में पं. नेहरू के ऐतिहासिक 'ट्रिस्ट आफ डेस्टिनी' भाषण के पूर्व 'वंदेमातरम' गाया था? वह कौन नेत्री थी, जिसे स्वतंत्र भारत में किसी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव मिला था? वह कौन मुख्यमंत्री थीं, जिसने आजाद भारत की शास्त्रीय कर्मचारियों की दो माह से अधिक चली हड़ताल का निर्भीकतापूर्वक सामना किया था और उनकी मांगे ठुकरा दी थीं?

प्रश्न चार हैं, लेकिन उत्तर एक ही है : सुचेता कृपलानी। प्रश्नों के सन्दर्भ और भी हो सकते हैं, लेकिन सुचेता कृपलानी नामक शख्सियत को जानने-बूझने के मान से ये चार सन्दर्भ एकबारगी पर्याप्त हैं और उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करते हैं। उनके व्यक्तित्व के साथ एक और केन्द्रीय सन्दर्भ जुड़ा हुआ है रागात्मकता का। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महात्मा गांधी के अनन्य अनुगामी आचार्य कृपलानी से प्रेम किया और विवाह भी। महात्मा गांधी इस विवाह के सर्वथा विरुद्ध थे। उन्हें डर था कि घरेलू जीवन के मोह में कहीं उनका राष्ट्रीयता कार्यकर्ता खो न जाएष उन्होंने सुचेता को सलाह दी कि उसे किसी और से विवाह कर लेना चाहिए। प्रसिद्ध जीवनी लेखक आरएम लाला के शब्दों में कहें तो 'इस निर्लज्ज सुझाव पर उनकी ओर घूमीं और उन्हें दो-टूक शब्दों में बतला दिया कि उनका प्रस्ताव गलत, अन्यायपूर्ण और अनैतिक था।'

सुचेता के लिए परिस्थितियां काफी विषम थीं। कृपलानी की बहन भी भाई के विवाह के पक्ष में न थी। सुचेता की मां भी रजामंद न थीं। वह अपनी बेटी की लिए सुरक्षा और आराम की जिंदगी चाहती थीं, जिनकी उम्मीद उन्हें कृपलानी से न थी। सरोजनी नायडू ने कभी कृपलानी को 'औरों से अलग किस्म का आवारा कहा था। सुचेता को यह आवारा पसंद आ गया था। जो हठी नेता था और ओजस्वी वक्ता। सुचेता और कृपलानी की खुशकिस्मती कि जमनालाल बजाज ने प्रेमी युगल की भावनाएं बापू के सम्मुख रखी। बापू सहमत हुए, लेकिन कहा कि वह आशीर्वाद नहीं देंगे । बस 'प्रार्थना' करेंगे। दोनों के लिए बापू की प्रार्थना ही पर्याप्त और कीमती थी। शादी हुई। सुचेता ने आचरण से पति के परिजनों का दिल जीत लिया। वे जब भी आती, परिवार के लिए तोहफे लातीं। कृपलानी कांग्रेस के महासचिव थे। स्वराज भवन में रहते थे। सामान ज्यादा न था। सुचेता ने इस सामान में बनारस से लाकर बर्तन-भांड़े जोड़े। वह पाककला में अधिक दक्ष न थी। कृपलानी इसमें उनसे बीसे थे। उन्होंने मित्रों से कहा भी थे कि भोजन बनाने में कुछ खास नहीं थी। उन्होंने उनकी बोलने की तर्ज तक अपनाई और जीवन शैली भी , लेकिन उन्होंने जल्द ही अपनी शैली विकसित कर ली। आचार्य ने न तो कभी उन्हें दबाकर रखा। न अपने विचार थोपे और और न 'कमांड' किया। आचार्य सुचेता की खूबियों से वाकिफ थे। उन्होंने कहा- ''मैं चाहता था कि सुचेता अपनी शैली विकसित करें और उस पर चले।

यह आचार्य सुचेता की खूबियों से वाकिफ थे। उन्होंने कहा-'मैं चाहता था कि सुचेता अपनी शैली विकसित करें और उस पर चले।'

यह आचार्य की उदारवृत्ति का ही परिणाम था कि सन् 1952 में कांग्रेस से विमुख होने के पांच साल बाद सुचेता कांग्रेस में लौट आईं। सन् 1963 से सन् 1967 तक देश के सबसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रहीं। विचारधारा ने पति-पत्नी के रिश्तों ने कभी प्रभावित नहीं किया। उनका प्रेम राजनीतिक मतभेदों से कही व्यापक, गहरा और वजनी था। अलग-अळग बैंचों पर बैठकर भी वह एख दूजे के लिए बने रहे। दिल्ली में सर्वोदय एन्क्लेव में वे अपने मेहमानों को आमंत्रित करते तो प्रसन्नवदन सामान्य कद-काठी की सुचेता बैठक में चाय लेकर आती। ऐसे ही अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में वह स्वयं जाकर देखती कि अतिथियों का कमरा ठीक से तैयार है या नहीं? दिनभर की व्यस्तता के बाद भी रात में दोबारा उठकर वह यह सुनिश्चित करती थी कि आराम से है या नहीं और यदि बीमार हैं तो उन्होंने समय पर दवाइयां ले ली हैं अथवा नहीं?

तो ऐसी थी सुचेता। विवाह पूर्व सुचेता मजूमदार। जन्म 25 जून, सन् 1908 को तब के पंजाब के अंबाला शहर में बंगाली ब्राह्मण परिवार में। शासकीय चिकित्सक होने से पिता का हर दो-तीन साल में तबादला होता था। लिहाजा प्रारंभिक शिक्षा शिमला के लोरेटो कॉन्वेंट और दिल्ली के क्वीनमेरी समेत कई स्कूलों में हुई। उन्होंने बकलम खुद लिखा - 'मैं काली, कुंद जेहन और दुखदायी सीमा तक शर्मिली थी।' लोरेटो में उनकी शिक्षक श्रीमती राय ने उन्हें इस ग्रंथि से उबारा, फलतः उनमें आत्मविश्वास जागा और वह सलज्ज से साहसिक युवती में बदल गयी।वह अध्ययन में रुचि लेने लगी। कड़ी मेहनत रंग लाई। पिता ब्रह्मसमाजी थे। सरकारी मुलाजिम होने से मुक्ति-संग्राम में भाग तो नहीं ले सकते थे, किन्तु मुक्तिकामी होने से आजादी की लड़ाई में बच्चों की शिरकत के हिमायती थे। बहरहाल, जब वह दिल्ली में क्वीन मेरी स्कूल में एक ऐसी घटना घटी, जिससे वह ताजिंदगी शर्मिंदा रही। हुआ यह कि छात्राओं को प्रिस आफ वेल्स के स्वागत हेतु आने को कहा गया। कांग्रेस ने युवराज की यात्रा के बॉयकॉट का आह्वान करवा रखा था। स्वागतार्थ कतार में खड़े होने से सुचेता और सुलेखा में विरक्ति थी, किन्तु इनकार का साहस न था। दोनों बहनें चंपत होकर कुदसिया बाग के समीप झाड़ी की ओट में तबतक दुबकी रहीं, जब तक की सारा मजमा गुजर न गया। तदंतर मजूमदार बहनें टोली में शामिल होकर स्कूल लौट तो आयीं, किन्तु उनकी आंतरात्मा को शर्मिंदगी से मुक्ति न मिली। उन्हें कायरता सालती रही और खुद पर गुस्सा भी आया, मगर इस घटना का मनोवैज्ञानिक असर यह हुआ कि उन्होंने मतिभ्रम और कायरता से मुक्ति पा ली और इस कदर दिलेर हुईं कि महात्मा गांधी तक की अवज्ञा कर सकें।

छात्र जीवन में एक और घटना घटी। लाहौर में किनेर्ड कॉलेज में बाइबल के अध्यापक ने हिन्दुत्व पर कतिपय अपमानजनक टिप्पणियां कीं। मर्माहत बहनों ने घर आकर पिता को बताया तो क्षुब्ध पिता ने सुचेता और सुलेखा को सत्य और धर्म के पाठ पढ़ाये। पिता वैसे भी दोनों बेटियों को जालियांवाला बाग के लोमहर्षक किस्से सुनाया करते थे, जिनसे दोनों बहनों के हृदय अंग्रेजों के प्रति रोष से सुलगते रहते थे और वे अपना क्रोध एंग्लो इंडियन बच्चों पर उतारती थीं। दोनों बहनों ने अगले दिन कॉलेज में अध्यापक के समक्ष श्रीमद्भगवद्गीता के उद्धरणों सेहित ऐसी खरी-खरी सुनाई कि अध्यापक ने आइंदा हिन्दुत्व पर कुछ भी कहने से तौबा कर ली।

सुचेता ने इंद्रप्रस्थ कॉलेज और पंजाब विश्वविद्यालय से अध्ययन और इतिहास में अव्वल आकर स्वर्णपदक प्राप्त करने के बाद पहले तो लाहौर में एक स्कूल में काम किया और फिर बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय मे अध्यापक हो गयीं। उनकी एमए की परीक्षा से कुछ पहले ही उनके पिता का देहांत हो गया। सन् 1934 में बिहार में भूकंप की त्रासदी ने उन्हें झकझोर दिया। उन्होंने दीनता और विनाश के मर्मान्तिक दृश्य देखे। एक कालकोठरीनुमा झोपड़े में नीम अंधेरे में भीख मांगने तक में असमर्थ नग्न असहाय स्त्री को देख उनकी आत्मा चीत्कार कर उठी। सुचता ने उसे साड़ी ओढ़ायी और भूकंप पीड़ितों की सेवा में जुट गयी।

सन् 40 के दशक में उन्हें कांग्रेस के विदेश विभाग का प्रभार दिया गया। उन्होंने बम्बई में भूमिगत प्रसारण केन्द्र में हाथ बंटाया। दिन पुरजोखिम और उत्तेजना से भरे थे। वारंट जारी हुआ तो उन्होंने ट्रेन में ही खादी त्याग महिला सहयात्री की साड़ी पहन खुफिया पुलिस को चकमा दिया। साहस ऐसा कि पूछिये मत। सन् 1943 में पूना के आगाखां महल में कैद महात्मा गांधी के उपवास की सूचना मिली तो उद्विग्नता में बम्बई के गृहसचिव के दफ्तर में जा धमकीं। गृहसचिव एचवीआर आयंगर दंग रह गये और उन्होंने गवर्नर से सुचेता की अर्जी मानने की दरख्वास्त की। सुचेता बापू से मिली। बम्बई का पुलिस कमिश्नर जो उन्हें गिरफ्तार करने को बेचैन था, गवर्नर के आदेश कि मुलाकात के बाद चौबीस घंटों तक सुचेता का पीछा न किया जाए, हाथ मलता रह गया। ऐसा था अंग्रेजों का कूटनीतिक खेल।

स्वाधीनता की वेला आई तो बंगाल और बिहार सांप्रदायिक उन्माद में घिर गये। नोआखाली में स्थिति बिकट थी। बापू की यात्रा का पथ प्रशस्त करने कृपलानी दंपत्ति नोआखाली गये। सुचेता ने आपात-स्थिति का सामना करने के लिए कुछ संखिया खरीद कर चोरी से पास रख लिया था। दिल्ली लौटने पर कृपलानी दंपत्ति ने स्वयं को शरणार्थियों की सेवा-सुश्रुषा और इंतजामात में झोंक दिया। इस बीच कृपलानी दंपत्ति संविधान-सभा के लिए चुने गये। सन् 40 के दशक के परवर्ती दशक में सुचेता, अरुणा असफ अली और उषा मेहता का नाम साहसिक कार्यों से घर-घर में पहुंच गया था। सुचेता को सन् 1940 में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की स्थापना का भी श्रेय प्राप्त है। सन् 52 में चुनाव पूर्व कृपलानी दंपत्ति ने अपनी पार्टी का गठन किया। सुचेता नई दिल्ली से सांसद चुनी गयीं। सन् 57 में वह वहीं से कांग्रेस की टिकट पर जीतीं। सन् 1967 में वह गोंडा से जीतकर संसद में पहुंची। इस बीच वह कानपुर से उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए तुनी गयीं। तीन साल मंत्री रहने के बाद वह सन् 63 से सन् 67 तक उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में सरकारी कर्मचारियों की 62 दिनी हड़ताल हुई। सुचेता ने उनकी एक न मानी। सन् 1901 से 1963 तक उत्तरप्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग अपरिवर्तित रहा था। सुचेता के काल में उसमें 25 प्रतिशत वृद्धि हुई।

सुचेता दृढ़ लेकिन दयामयी स्त्री थीं। उनमें परदुख कातरता थी। फलस्वरूप लोगबाग अभावों और मुसीबतों की झूठी-सच्ची कहानियां गढ़कर उनसे मदद ले जाते थे। सुचेता और आचार्य ने डेढ़ लाख रुपयों से लोकसेवा हेतु ट्रस्ट की स्थापना की। सन् 71 में वह फैजाबाद से लोकसभा का चुनाव हार गयीं और उन्होंने राजनीति को अलविदा कह दिया। अब पति-पत्नी वैचारिक रूप से एकजुट थे। वह कलाओं की संरक्षिका थीं। कभी-कभी फिल्में भी देखती थीं। रवीन्द्र संगीत उन्हें प्रिय था और गायन एकमात्र मनोविनोद। उनके द्वार जरूरतमंदों के लिए सदा खुले रहे, लेकिन सेवा और संघर्ष को समर्पित इस नेत्री के हृदय के कपाट 1 दिसंबर, सन् 1974 को सदा के लिए बंद हो गये।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

**आचार्य की उदारवृत्ति का ही परिणाम था कि सन् 1952 में कांग्रेस से विमुख होने के पांच साल बाद सुचेता कांग्रेस में लौट आईं। सन् 1963 से सन् 1967 तक देश के सबसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रहीं। विचारधारा ने पति-पत्नी के रिश्तों ने कभी प्रभावित नहीं किया। उनका प्रेम राजनीतिक मतभेदों से कही व्यापक, गहरा और वजनी था। अलग-अळग बैंचों पर बैठकर भी वह एख दूजे के लिए बने रहे। दिल्ली में सर्वोदय एन्क्लेव में वे अपने मेहमानों को आमंत्रित करते तो प्रसन्नवदन सामान्य कद-काठी की सुचेता बैठक में चाय लेकर आती। ऐसे ही अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में वह स्वयं जाकर देखती कि अतिथियों का कमरा ठीक से तैयार है या नहीं? दिनभर की व्यस्तता के बाद भी रात में दोबारा उठकर वह यह सुनिश्चित करती थी कि आराम से है या नहीं और यदि बीमार हैं तो उन्होंने समय पर दवाइयां ले ली हैं अथवा नहीं?**

# पाक में हिन्दू-भारत विरोधी नेता संकट में क्यों

## प्रसंगवश

**आर.के. सिन्हा**



पाकिस्तान में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा सकता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।

शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं।

फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया । दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षा मंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गए थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है।

शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि ह्हम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है।ह्व उनका एक वीडियों वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पु?खे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगाएं तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है।

शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो ह्लपाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे।ह्व गौर कीजिए कि ये सब मंत्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से ही आते हैं। पाकिस्तान के इसी प्रान्त में भारत के खिलाफ सर्वाधिक दुश्मनी का माहौल रहता है। देश के बंटवारे के वक्त पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में ही सबसे अधिक खून खराबा हुआ था। शेख राशिद के खुद के शहर रावलपिंडी में मई, 1947 में ही जमकर हिन्दुओं और सिखों का कत्लेआम हुआ था। यहां के हिन्दू और सिख खासे सम्पन्न हुआ करते थे। वह आग आगे चलकर पंजाब के दूसरे बहुत से शहरों तक में फैल गई थी। फिलहाल उन जख्मों को फिर से हरा करने का वक्त नहीं है। लेकिन, इनकी भड़काऊ बयानबाजी के पीछे गंभीर मंशा लगती है। पिछले दिनों चौहान से पुलिस के कुछ अफसर हिकारत से बात कर रहे थे जब वे लाहौर में इमरान खान के घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान को सुनिश्चित करना होगा ताकि उसके नेता भारत या हिन्दू धर्म को लेकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। दोनों देशों के संबंधों में सुधार न होने के पीछे एक बड़ा कारण शेख राशिद, फवाद चौधरी तथा चौहान जैसे नेता ही रहे हैं। ये कुछ बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। इनकी जुबान पर ताला लगना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

**फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया । दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार।**

## व्यंग्य



# विवाह में बीमार मेहमान, खीर में कंकर समान

**हरि जोशी**

'इस उम्र में आप ने क्यों कष्ट किया ?' विवाह मंडप के द्वार पर अतिथियों का स्वागत कर रहे मेजबान ने आये हुए अतिशय बुजुर्ग अतिथि से पूछा

'आपने लिखा था न, उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें , सो आ गये।' कुछ रूककर वरिष्ठ सज्जन बोले, 'अरे भाई आपको कहीं न कहीं लगा होगा कि मेरी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ने वाली है , फिर आप यदि नहीं बुलाते तो हम क्यों आते ?'

(स्वगत ) हमसे गलती हो गई , अगली बार इस बात का ध्यान रखेंगे । चलिए आ गए हैं तो आप कुर्सी पर विराजमान हो जाइए

मन ही मन मेजबान सोच रहे थे , इन्हें किसने आमंत्रण पत्र भिजवा दिया ।भविष्य में किसी अस्सी पार को नहीं बुलाना है ।इन्हें विवाह का निमंत्रण किसने भेज दिया ?अब ऐसे बुजुर्ग आ जाएँ तो शादी के मंडप या हाल की चिंता करें कि इनकी चाल की ? ये गिर पड़ें या लुढ़क जाएँ तो सब काम छोड़कर इन्हें संभालो ।

यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि दादा के साथ कोई युवा पुत्र या पौत्र साथ में आयेगा ही क्योंकि यदि आगंतुक दादा खांसते , लंगडाते,छड़ी टेकते आ भी गए तो भी मामला बड़ा रिस्की है , क्या पता वह चल कर आयें और उन्हें लिटा कर ले जाना पड़े ? विवाह में लड़के नाचते हैं , कहीं बुड्ढे बाबा भी जो अपने जमाने के आकर्षक नचैया रहे हैं यदि नाचने खड़े हो गए तो पहली बात तो यह कि उन्हें कोई रोक नहीं सकता ,उम्र का लिहाज करना पड़ेगा , दूसरे यह कि कहीं गिर पड़े तो तुरंत स्ट्रेचर की व्यवस्था करो ।अस्पताल पहुँचाओ । ऊपर से ताना यह कि उस विवाह में गए थे , बीमार हो गए याने गलती आप की नहीं विवाह की , और उसके आयोजक की । किसी भी विवाह या आनंद के उत्सव में कार्यक्रम के सर्वेसर्वा सदस्यों का ध्यान परिवार के वरिष्ठतम सदस्यों पर टिका रहता है क्योंकि वही लोग खीर में कंकर सिद्ध हो सकते हैं ।'

विवाह समारोहों या अंत्येष्टि कार्यक्रमों में स्वतःही उम्र के अनुसार प्रतिभागियों का विभाजन होने लगा है। विवाह में युवकों की संख्या अपार होती है जबकि अंत्येष्टि कार्यक्रमों में वृद्धों की ।विवाह में सोच एक मात्र यह होता है कि 'तू मेरी बारात में नाचेगा तो मैं तेरी बारात में नृत्य करूंगा।' हो सकता है ,उत्साह में कोई ऐसा फड़कता नृत्य कर डालूँ कि कुछ दिन में अपनी भी पक्की हो जाये ?

मरणोपरांत श्मशान स्थल तक वृद्ध लोग अधिक संख्या में सम्मिलित होते हैं । वे इस आशा से सम्मिलित होते हैं कि वे यदि नहीं सम्मिलित होंगे तो उनकी अंतिम यात्रा में कौन फटकेगा ?अलबत्ता लकड़ी लाने ,लकड़ियों के बीच घास जमाने , राल फेंक ने , आग लगाने ,दो चार कर्मठ युवक अवश्य रहते हैं ?वैसे कहीं भी आग लगाना हो , युवक सबसे आगे रहते ही हैं ? बुजुर्ग लोग क्या लगायेंगे उन्हें तो खुद ही निकट भविष्य में अपने लिए वह दिखाई देती है ।वृद्ध लोगों को उम्मीद बनी रहती है किआज वे सम्मिलत होंगे तो वक्त आने पर उनके लिए सामने वाले भी खड़े हो जायेंगे । फिर रिटायरमेंट के बाद इतना पुण्य भी न कमायें ?खाली बैठे हुए हैं कहीं सम्मिलित होने का अवसर तो मिलता है ? जैसे ही किसीकी अंतिम यात्रा में जाने का अवसर मिलता है वे नहीं चूकते।

एक दूल्हे की माँ तो बड़ी खिन्न थी, 'ससुरे को आज ही बिस्तर पकड़ना था ? कल तक चलता फिरता था आज पलंग पकड़ लिया। बुड्ढा दो दिन रुक नहीं सकता था ? इतनी अच्छी लड़की हम ढूंढ कर बेटे के लिए लाये हैं शायद उसे सहन नहीं हुआ ? डॉक्टर को बुलाया है यदि उसने घोषित कर दिया कि दाजी टें बोल गया तो हम क्या करेंगे ? इस बात का हल्ला हो ही जाना है , उसके बाद क्या रंग में भंग नहीं हो जायेगा ?कुछ लोग सही तर्क ढूंढ लेंगे, 'जब पोते का विवाह संपन्न हो रहा था , तब ही वर के पिता को स्वर्ग सिधारने की सूझी। निकला न पूरा खुड्याल ? हाँ घाघ लोग बात को ताड़ ही जाते हैं ।

पतिदेव ने हिकमत बताई 'यदि डॉक्टर कहता है कि पिताजी लुढ़कने वाले ही हैं या लुढ़क चुके हैं तो उन्हें अस्पताल में एडमिट करा देंगे। ऐसे कष्टपूर्ण काल में वेंटीलेटर भगवान की तरह होता है। वेंटीलेटर पर डाल देंगे और शोर कर देंगे अभी हालत में सुधार दिखाई दे रहा है या कल तक बुड्ढे बाबा उठ खड़े होंगे ।उन्होंने पहले भी कई बार मौत को चकमा दिया है ।एक बार फिर देंगे। यह भी उड़ा देंगे कोई उन्हें डिस्टर्ब न करे , उन्हें विश्राम करने दें ।

इस तरह बुड्ढे बाबा तो स्वर्ग सिधार चुके हैं इस बात की जानकारी घर के निकटतम सदस्यों को है लेकिन वे सच्ची बात किसीको बता नहीं रहे हैं ।विवाह का कार्यक्रम निपट जायेगे तब ही आधिकारिक रूप से बाबा को मृत घोषित किया जायेगा।

**(३/३२ छत्रसाल नगर ,फेस-२ , जे के रोड , भोपाल- ४६२०२२ म.प्र)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# यूपी बोर्ड परीक्षा: आठ कक्ष निरीक्षक मिले अनुपस्थित

**कार्रवाई**

## प्रभारी डीआईओएस ने दिया निलम्बित करने का निर्देश

जनसंदेश न्यूज


जीजीआईसी केंद्र पर परीक्षा देने जाती छात्राएं।


जीजीआईसी केंद्र पर प्रवेश पत्र आदि की चेकिंग करते शिक्षक।

**आजमगढ़।** जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से प्रारम्भ हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में फोर्स तैनात किया गया था पूरे जनपद में सीसी टीवी कैमरे में नजर में नकल विहिन परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

जनपद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। पहली पारी का समय सुबह 8 से 11:15 बजे तक था और दूसरी पाली का समय दोपहर 2 से 5:15 तक था। पहले दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी प्रारंभिक व हिंदी तथा इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिंदी की परीक्षा कराई गयी। पहली पाली की परीक्षा में परीक्षा केंद्रों पर 8 कक्ष निरीक्षकों के नहीं पहुंचने पर उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई का निर्देश एडी बेसिक व प्रभारी डीआईओएस मनोज मिश्रा ने बीएसए को दिया है। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कुछ स्थानों पर वॉइस नहीं आई जिसका कारण इंटरनेट की समस्या थी। शहर के भी कुछ परीक्षा केंद्रों पर इस प्रकार की कमी दिखी।

वहीं एक परीक्षा केंद्र पर शराब के नशे में परीक्षार्थी पहुंच गया था। इसके अलावा कई स्थानों पर परीक्षार्थियों की फोटो और नाम भी मिसमैच पाया गया। इसको दुरुस्त करने का कार्य किया गया। फिलहाल कहीं पर कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। वहीं जीजीआईसी में कंट्रोल रूम में पहुंचे एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सकुशल परीक्षा संपन्न हुई है। एक घंटे में पूरी डिटेल प्राप्त हो जाएगी। बता दें कि परीक्षा के लिए आजमगढ़ में 326 केंद्र बनाए गए हैं जो सीसीटीवी से युक्त हैं परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 10 जोनल मजिस्ट्रेट, 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 326 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं इसके अलावा भारी सुरक्षा व्यवस्था भी लगाई गई है। प्रथम पाली में 105702 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 56628 बालक व 49074 बालिकाएं थीं। उपस्थित छात्राओं की संख्या 93768 रही जबकि 11934 छात्र उपस्थित रहे और 11934 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित पाये गये। इसी क्रम में दुसरी पाली में 94881 छात्र पंजीकृत थे जिसमें 83452 छात्र उपस्थित थे तथा 11429 छात्र अनुपस्थित रहे।

**मेहनगर प्रतिनिधि** के अनुसार उपजिलाधिकारी संत रंजन ने सम्बंधित थाना प्रभारियों के साथ मसूद इंटर कालेज मंगरावा, ग्रामीण बालिका इंटर कालेज रानीपुर रजमो, पारस कन्या इंटर कालेज विन्द्रबाजार, विषहम इंटर कोज, रामदेव इंटर कालेज जाफरपुर व अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस बाबत एसडीएम ने बताया कि मेहनगर में सत्ताइस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम पाली के दौरान परीक्षा सीसीटीवी निगरानी के बीच सम्पन्न हुई।

**महाराजगंज प्रतिनिधि** के अनुसार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए महाराजगंज थाना क्षेत्र के अंदर कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ-साथ स्थानीय पुलिस भी परीक्षा केंद्र पर भ्रमण करती नजर आई।

थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा पुलिस बल के साथ क्षेत्र के कैलाशी देवी इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, सैनी मांटेसरी, इंटर कॉलेज शारदा, तपेश्वरी इंटर कॉलेज महेशपुर इंटर कालेज, महाराजगंज इंटर कॉलेज पर भ्रमण कर नकल विरोधी गतिविधियों के दृष्टिगत चेकिंग की।

# जहर बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ हुई कार्रवाई

**खबर का असर**

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजा

जनसंदेश न्यूज


दुकान से सेम्पल लेती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

**आजमगढ़।** सदर तहसील के शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत स्थित हीरापट्टी निवासी एक दवा व्यवसाई की बीटिया के विवाह में मिठाई खाने से लोग बीमार पड़ने लगे थे। जांच में पता चला कि खोवा व पनीर से बनी खाद्य सामग्री की वजह से फूड प्वाइजनिंग हो गई थी। जिसे लेकर दवा व्यवसाई ने सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से उक्त जहर बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

गुरुवार को विभाग की टीम ने दुकान पर छापेमारी कर सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली के हीरापट्टी गांव निवासी पंचानन तिवारी दवा व्यवसाई हैं। गत 9 फरवरी को उनकी बीटिया का पाणीग्रहण संस्कार था। पंचानन तिवारी ने समारोह में आने वाले मेहमानों के लिये मिठाई व तमाम खाद्य सामग्री बनवाई जिसमें प्रयुक्त खोवा व पनीर के लिये उन्होने सदर तहसील के शाहगढ़ के श्यामा दुग्ध उत्पाद को आर्डर दिया था। श्यामा दुग्ध उत्पाद के विक्रेता ने खुद को अमूल डेयरी का बताते हुय 100 किग्रा खोवा का आर्डर ले लिया और नकली खोवा सप्लाई कर दिया। शादी समारोह में उस खोवे से बनी मिठाई जब मेहमानों को दी जाने लगी तो लोगों की तबीयत खराब होने लगी। एक से दो घंटे बाद मिठाई में खट्टापन आने लगा। मिठाई बनाने वाले बावर्ची ने बताया कि मिलावटी खोवा सप्लाई किया गया था। दवा व्यवसायी ने सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से उक्त जहर बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई थी। जिसके क्रम में गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर विभाग की टीम ने दुकान पर छापा मारकर सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया। विभाग की टीम ने बताया कि सेम्पल ले लिया गया है जांच भेज दी गयी है जांच आने के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।

## अज्ञात नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अगया पुल के नीचे छोटी सरजू नदी में नवजात शिशु का शव स्थानीय लोगों ने देखा जो सफेद कपड़े में लिपटा हुआ था तथा पानी में पड़ा था। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा अतरौलिया थाने को दी गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रमेन्द्र सिंह मय हमराहियों के मौके पर पहुंच गये। वहां एक अबोध नवजात बच्ची की लाश सफेद कपड़े में लिपटी हुई थी, जिसका नाड़ा भी नहीं कटा था। पुलिस ने मृतक नवजात बच्ची के बारे में लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई पता नहीं चला। तत्पश्चात उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप यादव द्वारा उक्त नवजात शिशु की लाश को थाने पर लाया गया, जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप यादव ने बताया कि देखने से यह प्रतीत हो रहा था कि नवजात शिशु को मृत अवस्था में किसी ने जल प्रवाह कर दिया था जिसके तन पर सफेद कपड़ा लपेटा गया था, जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई।

# सपा की वेशभूषा में झण्डा लेकर चलने वाले केदार नहीं रहे

## सपा कार्यालय पर शोक सभा कर दी गयी श्रद्धाजंलि

जनसंदेश न्यूज


फाइल फोटो केदार यादव।

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के वफादार सिपाही भदुली निवासी केदार यादव का लम्बी बीमारी के बाद केजीएमयू में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन के सूचना पर सपा कार्यालय पर शोकसभा मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

सपाजवादी पार्टी का वह सिपाही नहीं रहा जो प्रतिदिन सपा का झण्डा लेकर अक्सर कचहरी सपा कार्यालय व अन्य स्थानों पर सपा का झण्डा बुलंद करता था। सपा के प्रति केदार यादव की इतनी दिवानगी थी कि वह अपने शरीर का पूरा वस्त्र ही सपा के कलर का पहलते थे। सपा के खिलाफ कोई कुछ भी कह दे वह तुरन्त उसका काट अपने पास रखते थे और उसका जबाब भी वेवाकी से देते थे। सपा के खिलाफ वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। नेता तो अपने स्वार्थ के लिए दल बदल कर देते हैं लेकिन इस छोटे से सपा के सिपाही ने जबसे सपा का दामन थामा तबसे मरते दम तक सपा का साथ नहीं छोड़ा। केदार यादव की दिनचर्या थी कि वह सुबह घर से निकलकर पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव के यहां जाते थे। उसके बाद ही कहीं जाने का उनका कार्यक्रम तय होता था। राजनीतिक दाव पेंच से अनजान पद की लालच से दूर और पैसे की भूख को समेटे हुए इस सच्चे सपा के सिपाही ने समर्पण भाव से पार्टी की सेवा की। तभी तो सपा के मुखिया ऐसे कार्यकताओं पर गर्व करते हैं।

# 25 हजार का इनामियां अभियुक्त गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


मेहनाजपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

**लालगंज (आजमगढ़)।** आवास आवंटन के लिए बैठक में गोली मारकर हुई हत्या की घटना में वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया सुशील उर्फ सोनू को पुलिस ने जियापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 24 जनवरी को प्रेम कुमार सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी जामुडीह भवरपुर थाना तरवां द्वारा तहरीर दिया गया कि ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप कुमार द्वारा ग्राम पंचायत दक्षिण का पूरा थाना मेहनाजपुर में पंचायत भवन में आवास आवंटन को लेकर एक खुली बैठक रखी गई थी। बैठक में गांव के कई लोग मौजूद थे विपक्षी शिव शंकर सिंह उर्फ (पूर्व प्रधान) निवासी मेंहनाजपुर, जितेंद्र यादव, बब्बू सिंह, सोनू सिंह इत्यादि द्वारा अपात्र को आवास आवंटन कराने के लिए दबाव बनाया गया। जिसका विरोध प्रदीप सिंह उर्फ भीम और हिमांशु सिंह इत्यादि द्वारा किये जाने पर विपक्षी शिवशंकर सिंह इत्यादि द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नियत से हिमांशु सिंह को गोली मार दी गई तथा प्रदीप सिंह, सवेन्दू सिंह ऊर्फ मुन्ना को जांघ में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गये। उक्त मामले में वांछित अभियुक्त सुशील कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह निवासी सरौनी पूरब पट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर हाल पता मेहनाजपुर सोनबरसा थाना मेहनाजपुर को जियापुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पोखरी में गिरा शराब के नशे में धुत बाराती

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहानपुर गांव स्थित पोखरे में मेंहनाजपुर थाना क्षेत्र के मऊ परासीन से जा रही बरात के लिए केराकत के अहन ग्राम निवासी चिंतामणि चैहान पुत्र दिलीप चैहान व छविलाल चैहान पुत्र लल्लू चैहान मोटर साइकिल से जहानागंज थाना क्षेत्र के अनेई गांव जा रहे थे। इसके पहले दोनों ने तियरा मोंढ़ पर छककर शराब पिया और छबिलाल पीने के बाद बारात जाने से मना कर दिया फिर गुस्सा होकर चिंतामणि चैहान अनेई गांव बारात के लिए निकाला पड़ा। रास्ते में कम्हरिया-छतवारा मार्ग स्थित ग्राम सभा लोहानपुर सड़क के पास स्थित पोखरी में रात्रि 11 बजे गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने चिंतामणि चैहान को बाहर निकाल अचेत अवस्था में पीजीआई चक्रपानपुर के लिए भेजा ,और फिर दूसरे युवक छविलाल चैहान को उनके घरवाले खोजते हुए गुरूवार को घटनास्थल पोखरी में सुबह 9 बजे तक जाल लेकर खोजते रहे। करीब 9:30 छविलाल चैहान ने घर पर अपनी पत्नी को फोन किया कि मैं किसी दोस्त के घर हूं कल बारात नहीं गया था। दारू के नशे में यहीं सो गया था। तब जाकर परिजनों ने तलाश बंद की और छविलाल को उसके बताए स्थान से घर लाया गया।

# पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को दबोचा

**कामयाबी**

## पिकअप के साथ भारी मात्रा में शराब बरामद


शराब के साथ देवगांव कोतवाली में गिरफ्तार अभियुक्त।

**लालगंज (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा जनपद आजमगढ़ को अपराध मुक्त किये जाने के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत देवगांव पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

देवगांव पुलिस व स्वाट टीम को जरिए मुखबीर सूचना मिली कि लालगंज की तरफ से एक पिकअप वाहन आ रही है जिसमें शराब होने की सूचना है। जो बिहार प्रान्त में अवैध तरीके से बेचने का काम करते हैं। अगर जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस वाहनो की चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद एक पिकअप वाहन काफी तेजी से लालगंज की तरफ से आता हुआ दिखाई पड़ा। उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो पिकअप वाहन का चालक पुलिस वालों को अचानक देखकर डिवाईडर को क्रास कर वापस भागना चाहा तथा गाड़ी का पिछला टायर फट जाने के कारण गाड़ी पलटते पलटते बची और गाड़ी पर सवार व्यक्ति वाहन से कूदकर खेतों की तरफ भागना चाहे किन्तु उन्हें पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर गाडी चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र रामकुमार पुनिया निवासी ग्राम रूपावास थाना नाथोसरी चोपटा जिला सेरसा हरियाणा तथा दूसरे ने अपना नाम विकाश सोरण पुत्र किताब सिंह साकिन कोथकला थाना मिर्जपुर जनपद हिसार हरियाणा बताया। गाड़ी की मौके पर तलाशी ली गयी तो गाड़ी पर लदे घरेलू पुराने समान के नीचे कागज के गत्तो में विभिन्न साईज की शीशीओ में अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग चण्डीगढ हरियाणा से शराब खरीदकर घरेलू सामान की फर्जी बिल्टी पेपर बनाकर गाडी में नीचे शराब रखकर उपर से विभिन्न प्रकार के पुराने घरेलू सामान रखकर ले जाकर बिहार प्रान्त में बेच देते हैं।

# झारखण्ड में आयोजित प्रतियोगिता में जनपद के कलाकारों ने लहराया परचम

जनसंदेश न्यूज


पुरस्कार के साथ खुशी मनाते जनपद पहुंचे कालाकार।

**आजमगढ़।** कला संगम गिरिडीह, झारखंड द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक एवं लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य समारोह, प्रतियोगिता, का आयोजन गिरिडीह मे किया गया था जिसमें जनपद के कलाकारों ने परचम लहराया। इस प्रतियागिताम में 12 राज्यों के कलाकारों ने प्रतिभाग किया था।

झारखण्ड प्रान्त के गिरिडीह जनपद में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक एवं लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य समारोह, प्रतियोगिता, का आयोजन किया गया था जिसमें 12 राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश शामिल थें। इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से हुनर संस्थान आजमगढ़ का 22 सदस्यीय दल सुनील दत्त विश्वकर्मा के नेतृत्व मे प्रतिभाग किया। 3 दिन तक चले इस प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में हुनर संस्थान के हुनरबाजो ने अपने हुनर का परचम लहराते हुए 10 राष्ट्रीय पुरस्कारों पर कब्जा जमाया। संस्थान के सचिव सुनील दत्त विश्वकर्मा को नाटक एवं नृत्यों के संवर्धन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के लिए दिगंबर जैन स्मृति राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करते हुए नाट्य श्री की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। संस्थान के कलाकारों द्वारा रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका ह्ल मेरे राम जी आए ह्ल ने सभी का मन मोह लिया और समारोह में श्रेष्ठ नृत्य नाटिका के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समूह नृत्य मे हुनर के कलाकारों ने जनपद का नाम रोशन करते हुए लोक नृत्य व शास्त्रीय नृत्य में प्रथम पुरस्कार पर अपना कब्जा जमाया। नृत्य के व्यक्तिगत स्पर्धा में सेमी क्लासिकल व क्लासिकल मे मनन पांडे ने प्रथम, लोक नृत्य में रिमझिम प्रजापति ने प्रथम व करन सोनकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युगल में रोशनी यादव- उत्कर्ष चैहान ने प्रथम तथा हर्ष व गोपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंग यात्रा में प्रथम पुरस्कार तथा कैंप फायर में मनन पांडे का उत्कर्ष चैहान को प्रथम पुरस्कार मिला। इस दल मे कमलेश सोनकर, आशीष चैहान, करन सोनकर, मनन पाण्डेय, खूशी गोंड, खुशबू पटवा, रिशीता यादव, आस्था दुबे, सुकन्या पाठक, राज पासवान, सत्यम, रौशनी यादव, उत्कर्ष, प्रवेश सरोज, विवेक सहित सभी सदस्य शामिल थें। हुनर संस्थान के कलाकारों की इस सफलता पर रमाकांत वर्मा, राजेंदर यादव, अजेंद्र राय, अभिषेक जायसवाल दीनू ने बधाई दिया।

# कोटेदार के गलत चयन पर ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

## निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की


एसडीएम को ज्ञापन देते ग्रामीण।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक के डीह कैथोली ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता की मृत्यु के उपरांत रिक्त चल रही कोटे की दुकान को पुनः चयन कराने का निर्देश एसडीएम कार्यालय से ब्लाक कार्यालय पहुंचा। जहां से ग्राम पंचायत संग एडीयो पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता चयन के लिए खुली बैठक की गयी। इस खुली बैठक में तीन प्रतिभागियों ने उचित दर विक्रेता के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

जिसमें अनिल यादव व दूसरे मंजू गुप्ता के पक्ष में ग्रामीण लामबंद हो गए। ग्रामीणों के साथ पहुंचे अनिल यादव का आरोप है कि लाइन संख्या बल अधिक होने के बाद ब्लाक कर्मियों द्वारा मुझे हराकर मंजू गुप्ता का चयन कर लिया गया। किसी भी ग्रामीण का न आधार चेक किया गया न मतदाता पहचान पत्र देखा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस मंजू गुप्ता का चयन किया गया है वह ब्लाक पर तैनात सफाई कर्मी सुरेश गुप्ता की पत्नी है। सफाई कर्मी के प्रभाव में आकर ब्लाक कर्मियों ने मंजू का चयन किया।

अनिल यादव सहित ग्रामीणों ने खुली बैठक के माध्यम से पुनः उचित दर विक्रेता का चयन कराकर न्याय संगत कार्यवाही करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराये जाने की मांग की। एसडीएम नरेन्द्र कुमार गंगवार ने निष्पक्षता पूर्ण कार्य कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लक्ष्मी, शान्ति, रामकरन, सरिता, संगीत, आशा, नीरा यादव, गुलाबी देवी, अबिषेक सहित सैकड़ों की सख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**संक्षेप**

### बौद्ध धर्मावलम्बियों ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**आजमगढ़।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क के बैनर तले एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचा व संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र बौद्ध की अध्यक्षता में राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सौंपकर विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि विश्व धरोहर बुद्ध जन्मस्थली लुंबिनी, अजंता गुफा और जुन्नर गुफाओं पर ब्राह्मणवादियों द्वारा कब्जा करने के विरोध में देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। लुंबिनी तथागत भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है, जिसे युनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। लेकिन उस जन्म स्थली पर मुरारी बापू द्वारा रामकथा का आयोजन करना, उस ऐतिहासिक विश्व धरोहर का अपमान है। नेपाल में बौद्ध अनुयायी, मुरारी बापू के नौ दिन चलने वाले इस रामकथा का आंदोलन करके विरोध जता रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री जब दुनियां में जाते हैं तब बुद्ध की स्तुति करते हैं। लेकिन मुरारी बापू को नेपाल में रामकथा के लिए भाजपा सरकार द्वारा सहयोग देने पर वहां जनता द्वारा विरोध होने के बावजूद रामकथा कर रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। भारत में बौद्ध धर्मिय लोगों की भावनाएं भी आहत हुई हैं। इस अवसर पर भंते महा कश्यप जितेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, अखिलेश पटेल, वीरेंद्र यादव, सुधाकर कुमार, शिंदे राम, फूलचंद, संजीव चैहान, जय बहादुर मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### सभी ब्लॉक इकाइयों का चुनाव करना आवश्यक : अनीता

**रानीकीसराय आजमगढ़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की एक बैठक गुरुवार को राहुल नगर मड़या स्थित शिविर कार्यालय पर की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनीता साईलेस ने ब्लाक इकाई तहबरपुर के चुनाव में सुबेदार यादव को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले की विभिन्न ब्लाक इकाइयों में कई वर्षों से चुनाव नही हुए हैं जिससे ब्लाक इकाइयों में निष्क्रियता आ गई है और शिक्षकों में उहापोह कि स्थित बनी हुई है। जिससे सभी ब्लाक इकाइयों का चुनाव करना नितांत आवश्यक है। ब्लाक अध्यक्ष सुबेदार यादव के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने ब्लाक के शिक्षकों ,अनुदेशकों एवं शिक्षा मित्रों के हितों के लिए सदेव संघर्ष करने को तत्पर रहते हैं इसी का परिणाम है कि वह निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष चुने गये। जिलाध्यक्ष अनीता साईलेस ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों की पदोन्नति का समय बद्ध कार्यक्रम घोषित करने की सराहना करते हुए कहा कि इससे परिषदीय शिक्षकों की वर्षों से लम्बित मांग पूरी होती दिखाई दे रही है। हमारे परिषदीय शिक्षक भी जहां एक तरफ सरकार की मंशा के अनुरूप जिले को निपुण ब्लाक एवं निपुण जिला बनाने में अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान कर रहें है वहीं माध्यमिक शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षा को संपन्न कराने में कक्ष निरीक्षक की भूमिका का भी निर्वाह करने को तत्पर हैं। बैठक के दौरान जिलामंत्री राकेशमणि त्रिपाठी, दिनेश चंद्र पाण्डेय, कमलेश यादव, मनोज कुमार त्रिपाठी, राम प्रकाश सिंह, शिव चंद यादव, आशुतोष पाण्डेय, राज बहादुर सिंह बृजभान यादव आदि मौजूद रहे।

### यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त: रविन्द्र यादव

**आजमगढ़।** कानपुर की घटना समेत दो सूत्री मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए गुरूवार को आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव ने कहा कि रामराज्य की बात करने वाले यूपी में आज कानून व्यवस्था भी नहीं बचा पा रहे हैं। प्रदेश में कई ब्राह्मणों की हत्या की जा रही है और बिरादरी देखकर पुलिस विभाग के लोग ही पीडितों का उत्पीड़न कर-के परेशान कर रहे हैं। सरकार जनता की हिफाजत करने में असफल साबित हुई है। कानपुर के ग्राम मैथा की घटना प्रशासन में मां-बेटी और परिवार को आग में जलाया जाना, मानवता को शर्मसार करती है और सीधे-सीधे प्रशासन की नाकामी का एक उदाहरण है। उक्त कृत्य में संलिप्त लोगों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना उचित है। प्रदेश सचिव पंचायत प्रकोष्ठ कृपाशंकर पाठक ने बताया कि समाज को बांटकर योगी सरकार अब जाति विशेष के लोगों पर ज्यादतियां कर रही है। राज्यपाल को पत्र भेजकर मांग की गई है कि कानपुर में ग्राम मैथी मडौली, में पीड़ित परिवार के मंशानुसार उनकी समस्त मांगे पूरी की जाए व आजमगढ़ के बूढ़नपुर के अंतर्गत आने वाले टहरकिशुन देवपुर में पत्रकार राजेश चैबे के परिवार को न्याय दिलाते हुए उनके ऊपर फर्जी मुकदमे को वापस लिया जाए तथा लेखपाल अरविन्द सोनकर को धारा 420 में निरूद्ध कर निलंबित किया जाय। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, मनोज यादव, अरविन्द राम, गौरव राव, शाहिद अहमद, रामा, मधुसूदन पांडेय, पवन पांडेय, चन्दन सोनी, राजेश, रियाज अहमद, सहाहुद्दीन फिरोज आदि मौजूद रहे।

### कृषि मेले में किसानों को दी गयी जानकारी

**आजमगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा द्वारा आयोजित फसल अवशेष प्रवंधन परियोजना अन्तर्गत कृषि विकास केंद्र लेदौरा में गुरूवार को कृषि मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया। कृषि वैज्ञानिको ने जिलाध्यक्ष को बुके और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। श्री राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से किसानों की आय को दोगुना करने के लिए नई नई तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। इससे किसान अपनी आय को बढ़ा रहे हैं। कृषि को बढ़ावा देने का काम प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को ज्यादातर ऑर्गेनिक खेती के बारे में मधुमक्खी पालन और मशरूम की खेती के लिए बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

### जिलाध्यक्ष बनने पर दिवाकर मौर्य को मिल रही बधाई

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड कोयलसा के मोलनापुर नत्थनपट्टी गांव निवासी समाजसेवी दिवाकर मौर्य को ओबीसी महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। दिवाकर मौर्य द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गई। उन्होंने कहा कि मैं अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए अपनी गरिमा को ध्यान में रखते हुए ओबीसी समाज एवं पिछड़े समाज के हितों की लड़ाई लड़ने का काम करूंगा। ओबीसी समाज के लोगों को जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी वहां मैं हमेशा उनके हितों के लिए उपस्थित रहूंगा। इस अवसर पर ग्राम सभा में करोड़ों रुपए की योजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर नवमी मौर्य, राकेश, सुरेश, रमेश, योगेश, रत्नेश, सागर भारतीय अंजलि, रेखा, गायत्री, पूजा, सविता आदि उपस्थित रहीं।

### पवित्र ग्रन्थ रामचरित मानस पर टिप्पणी निंदनीय : रामानंद दास

**आजमगढ़।** मध्य प्रदेश प्रांत के दिलेरी धाम से पधारे साकेत पीठाधीश्वर योगी रामानंद दास जी महाराज का नगर के बेलईसा के पास श्रद्धालुजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए योगी रामांनद दास ने कहा कि सनातन धर्मावलम्बियों के सबसे लोकप्रिय ग्रन्थ रामचरित मानस की कुछ पंक्तियों को विवादास्पद बताया जाना निंदनीय है। ऐसे चंद लोगो द्वारा यह समझने की कोशिश नहीं की गई है कि किस भाव, किस परिवेश, किस स्थान, किन कारणों से उक्त पंक्तियां उल्लेखित की गई है। उन्होंने कहाकि गोस्वामी ने श्रीरामचरित मानस में देव, मानव, दनुज, सज्जन, किन्नर, खल सबकी वंदना की है, ऐसे लोगों का ध्यान इन पंक्तियों की तरफ क्यों नही जाता। जिससे साफ है कि ऐसे लोग कुतर्क कर समाज में विद्वेष पैदा करने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि ऐसे लोग की टिप्पणियों को नजर अंदाज करें और भगवत भक्ति में लीन होकर अपने जीवन को सफल बनावें क्योंकि मानसिक क्लेश, अशांति से मुक्ति सनातन धर्म में बताए गए योग व भक्ति मार्ग से ही मिल सकती है। इसके बाद उन्होंने हठ योग की चर्चा करते हुए बताया कि सूर्य और चन्द्र नाड़ी का मिलन ही हठ योग कहलाता है। जब सूर्य नाड़ी और चन्द्र नाड़ी सक्रिय होती है तभी कुण्डलिनी शक्ति जागृत होती है। पंतजलि योग सूत्र में भी समाधि के लिए योग कहा गया है। आगे उन्होंने कहाकि र्निविकार अवस्था में ही ध्यान की झलक मानव को मिल सकती है। इस अवसर पर पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, साहित्यकार संजय कुमार पांडेय, ऋषिकेश राय, अनिल सिंह, आर पी राय, वशिष्ठ नारायण सिंह, महंत संजय पांडेय, शाश्वत राय, प्रज्जवल राय, नीरज राय, आदि मौजूद रहे।


योगी रामानन्द दास का स्वागत करते सुभाष तिवारी व संजय पाण्डेय।

# जिले में शुरू हुई हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षाएं

**यूपी**

### प्रथम पाली में 3151 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

### एडीएम व एसपी सिटी ने संयुक्त रूप से किया केद्रों का निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**


सीसी कैमरे का जायजा लेते एडीएम व एसपी सिटी

**मीरजापुर।** गुरुवार से जिले में हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। वही प्रथम पाली में हाई स्कूल के पंजीकृत 42191 छात्रों में से 39040 छात्रों ने परीक्षा दी। 3151 छात्र अनुपस्थित रहे। वही इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा में 2901 छात्र अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा उम्दा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान नकल की बात तो दूर परिंदा भी पर नहीं मार पाया। गुरूवार से प्रारंभ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकल विहीन शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति के साथ भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने एस जुबली इंटर, आदर्श इंटर, कॉलेज जीआईसी एवं जीआईसी में बनाए गए जनपद कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की सामान्य हिंदी की परीक्षा थी। जिसमें 2901 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में कुल 2520 में 179 छात्र छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**हलिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल विषय हिंदी प्रथम पाली में गुरुवार को विकास खंड में कुल 2520 पंजीकृत छात्र छात्राओं में 179 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दिया। सेक्टर मजिस्ट्रेट चक्रमण करते हुए परीक्षा केंद्रों पर पंहुचकर परीक्षा का जायजा लिया है। पंवारी कला स्थित शिव प्रताप सिंह इंटरमीडिएट कालेज के केंद्राध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 407 छात्र छात्राओं में 31 छात्र छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रही। जबकि सरहरा स्थित मदर टेरेसा इंटर कालेज परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष सरिता देवी ने बताया कि कुल 173 छात्र छात्राओं में से 23 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रही। भटवारी स्थित जगधारी प्रसाद स्मारक इंटर कालेज के केंद्राध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि हाईस्कूल प्रथम पाली हिंदी की परीक्षा में 390 छात्र छात्राओं में से 28 छात्र छात्राएं रही। अनुपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट बीडीओ कुलदीप कुमार ने परीक्षा केंद्र पर पंहुचकर परीक्षा का जायजा लिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक हलिया संजीव कुमार सिंह व थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण करते रहे।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया परीक्षा केद्रों का निरीक्षण



**लालगंज।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नकल विहीन परीक्षा कराए जाने को लेकर परीक्षा के प्रथम दिन तहसील क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का जोनल मजिस्ट्रेट आईएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराएं। कहा कि परीक्षा में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लालगंज तहसील क्षेत्र के चौधरी राम हरख सिंह इंटर कॉलेज बरगड़ा व तिलाव व देवरहा बाबा इंटर कॉलेज दुबार कलां में स्थित विद्यालयों पर गुरुवार को सुबह जोनल मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया गया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दें। वहीं पर जोनल मजिस्ट्रेट ने कहा कि नकल विहीन परीक्षा में ढिलाई न बरती जाए। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाएगा। तलाशी के बाद ही छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया जाए।

## पत्रकार के घर पहुंचीं केन्द्रीय मंत्री


परिजनों के साथ वार्तालाप करती अनुप्रिया पटेल

**जनसंदेश न्यूज**

**जिगना।** मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल गुरुवार को जनसंदेश टाइम्स के पत्रकार विभूति भूषण सिंह उर्फ बबलू सिंह के पिता स्वर्गीय जीत बहादुर सिंह का 31 जनवरी दिन मंगलवार को निधन हो गया था।

शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बढ़ाने के लिए उनके गांव भतड़ा पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय जीत बहादुर सिंह की पत्नी श्यामकली राठौर का हाल-चाल लिया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, जिलाध्यक्ष राम लोटन बिंद, संजय सिंह गहरवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुजीत मोदनवाल, पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश दुब, गोवर्धन सिंह पटेल, दया शंकर पांडेय, जय सिंह, रोहित मोदनवाल, संदीप प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर किया विचार विमर्श

**मीरजापुर।** श्री रामलीला कमेटी बरिया घाट के तत्वावधान में श्री पंचमुखी महादेव मंदिर के सत्संग हाल में गुरुवार को महादेव मंदिर सेवा समिति का बैठक आयोजित हुआ। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर का सजावट महादेव जी का श्रृंगार एवं विराट शिव बारात की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें कार्यक्रम के संयोजक मंदिर के पुजारी विपिन कुमार ने कहा कि 18 फरवरी को शिवरात्रि के दिन महादेव जी का श्रृंगार शाम 4 बजे एवं विराट शिव बारात शाम 5 बजे निकाला जाएगा, जो पंचमुखी मंदिर से बघेल की गली, खजांची का चौराहा, गिरधर का चौराहा, बदली कटरा, डंकीनगंज चौराहा पर लगाया जाएगा। इस अवसर पर अक्षयवर नाथ केसरवानी, रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुराग जायसवाल, राजेश गुप्ता, संगीता मिश्रा, सौरभ अग्रहरी, विकास गुप्ता, मनोहर लाल, नंदलाल मोदनवाल, कृष्णानंद मिश्रा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# देर रात एसपी ने किया पुलिस महकमे में भारी फेरबदल

**जनसंदेश न्यूज**

**इधर से उधर**

### 39 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बुधवार की देर रात 39 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में भारी फेरबदल किया है। फेरबदल के क्रम में निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना लालगंज, निरीक्षक इरफान अली थाना लालगंज को निरीक्षक अपराध थाना चुनार, उपनिरीक्षक शिवजी सिंह यादव को थाना लालगंज से थाना चुनार, उप निरीक्षक राम नारायण शुक्ला को थाना पडरी से थाना लालगंज, उपनिरीक्षक चंद्रिका सिंह यादव को थाना लालगंज से थाना जमालपुर, उपनिरीक्षक श्याम धर सिंह चुनार से लालगंज, उपनिरीक्षक मोहम्मद एजाज खान लालगंज से अहरौरा, उपनिरीक्षक श्यामलाल को अहरौरा से हलियां, उप निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव हलिया से अहरौरा, उप निरीक्षक शिवानंद यादव लालगंज से पड़री, उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार शर्मा पडरी से हलिया, उपनिरीक्षक रामबचन यादव जिगना से कछवा, उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव हलिया से पडरी, उपनिरीक्षक कोमल सिंह यादव जिगना से कोतवाली देहात, उप निरीक्षक रामबली यादव हलिया से कछवा, उपनिरीक्षक हरिकेश राम कछवां से हलिया, उपनिरीक्षक सरफुद्दीन खां थाना हलिया से कोतवाली देहात, उपनिरीक्षक संजय कुमार चील्ह से हलिया, उपनिरीक्षक रामबचन सिंह यादव हलिया से चील्ह, उप निरीक्षक कमलेश यादव ड्रमंड गंज से राजगढ़, उपनिरीक्षक प्रभु नाथ शर्मा राजगढ़ से ड्रमंडगंज ,उपनिरीक्षक रविशंकर राय जमालपुर से लालगंज, जय जय राम कोतवाली देहात से जिगना, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार अहरौरा से लालगंज, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार राय कोतवाली शहर से अदलहाट,उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह अदलहट से न्यायालय सुरक्षा, उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह जिगना से चुनार, उप निरीक्षक राजेंद्र राम कछवां से जिगना, उप निरीक्षक बाली मौर्य कोतवाली देहात से हलिया, उपनिरीक्षक लल्लन यादव चौकी प्रभारी मतवार से थाना चुनार, उपनिरीक्षक रवि प्रकाश चुनार से चौकी प्रभारी मतवार, उप निरीक्षक सदानंद सिंह चौकी प्रभारी गुरुसंडी कोतवाली देहात से चौकी प्रभारी लालगंज, उपनिरीक्षक धनंजय सिंह चौकी प्रभारी लहंग पुर से चौकी प्रभारी गुरुसंडी, उप निरीक्षक विनोद कुमार राय चौकी प्रभारी मंडी समिति से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना मड़िहान, उप निरीक्षक विष्णु प्रभा सिंह को मीडिया सेल से चौकी प्रभारी मंडी समिति, उपनिरीक्षक परमात्मा यादव को थाना क्षेत्र चील्ह से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना अदलहाट ,उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को अपराध शाखा से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना चील्ह नियुक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संबंधित थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक को उनके नए नवनियुक्त स्थान के लिए तत्काल रवाना करने का आदेश दिया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने पड़री थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**जायजा**

### बैरक में गन्दगी देख भड़के एसपी सिटी

### होली के पर्व को मद्देनजर रखते हुए मादक पदार्थों की बिक्री पर कसें नकेल

**जनसंदेश न्यूज**


पड़री थाने का निरीक्षण करते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति ने बृहस्पतिवार को पड़री थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी सिटी ने थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाना क्षेत्र में मन्दिर, मस्जिद, होटल, पेट्रोल पंप आदि की जानकारी प्राप्त किया।

होली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए थानाध्यक्ष को क्षेत्र में गस्त तेज कराने, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री कदापि न हो इसके लिए प्रभारी थानाध्यक्ष को शख्त हिदायत दिया। साथ ही साथ पुलिस, उपनिरीक्षक आदि की बीट बुक का अवलोकन करते हुए क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी न मिले इसके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के समस्त अभिलेखों मालखाना, महिला डेक्स एवं मेस का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उसमें सुधार लाने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस बैरक का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी सिटी ने गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। एसपी सिटी ने थानाध्यक्ष से कहा कि दोबारा जांच में इस प्रकार की खामियां मिलती है तो हम किसी को बक्सेंगे नही। वार्षिक मुआयना में अपर पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख को देखते हुए पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। इस मौके पर थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### 950 मरीजों का किया गया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र के पट्टी खुर्द में स्थित गंगा देवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल टेंगरा मोड़ रामनगर वाराणसी द्वारा 950 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक डॉ दिलीप कुमार गुप्ता, एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रामनगर वाराणसी ने बताया कि गंगा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 950 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सामान्य रोग, हड्डी रोग, शुगर की जांच, नसों संबंधी परीक्षण किया गया। इसके पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ डॉ डी के गुप्ता बाल रोग विशेषज्ञ ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस मौके पर डॉ बबीता गुप्ता स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ ओ पी सिंह ऑर्थो रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर प्रशांत जनरल फिजिशियन, डॉक्टर अभिषेक ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर रामराज गुप्त सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

## सरकार अपने वादे पर अटल : विधायक

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 190 जोड़ों की कराई गई शादी


सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय के मैदान में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा गणेश मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समाजकल्याण बिभाग द्वारा संचालित योजना तहत 190 जोड़े बृहस्पतिवार को एक दूसरे के हो गए, जिसमें चार जोड़े मुस्लिम धर्म के भी थे, जिनके निकाह मौलवी हाफिज वकारी व मौलवी वाजिद अली द्वारा रजिस्टर इकरार किया गया। हिन्दू रीतिरिवाज से सनातन धर्म के अनुरूप शेष 186 जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मान कर विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच हुआ। विधायक ने सभी नवयुगल जोड़ो को अपने हांथ से बिछिया, पायल चांदी का साड़ी व डेली यूज की साड़ियां मय पेटीकोट, पिछौरी, स्टील के बर्तनों में प्रेशर कूकर, थाली, चम्मच, कटोरी, गिलास, जग, भगौना को बॉक्स में रखवा कर वितरण किया। समाजकल्याण अधिकारी ने बताया कि 122 जोड़े पटेहरा व 68 जोड़े राजगढ़ ब्लाक से सामूहिक विवाह में पहुंचे थे जिन्हें निर्धारित सामान के साथ खाते में 35 हजार मिल जाएंगे। संचालन बृजमोहन ने किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल व एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, पीडी अनय मिश्र, समाज कल्याण अधिकारी गिरीशचंद्र दूबे, बीडीओ द्वय पटेहरा शरद कुमार सिंह, राजगढ़ रमाकांत राम, नवोदय प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी, एडीओ श्रीकृष्ण उपाध्याय, सुरेंद्र विंद, अनुज कुमार पटेल, राजेश गौतम प्रधानों में अभिषेक सिंह, पवन कुमार, राजेश पटेल, चन्द्रबली यादव, महेन्द्र कुमार आदि ने भी गवाही की।

### 35 महिलाओं ने करायी नसबंदी

**जमालपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को नसबंदी कैंप का आयोजन चुनार से आए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.बैजनाथ यादव की देखरेख में किया गया। कैंप मे 37 महिलाओं ने पंजीकरण कराया, जिसमें वही 2 महिलाएं नसबंदी कराने के योग्य नही पाई गई।

# विवाह के पूर्व शिव को भस्म, गौरा को लगी हल्दी


बूढ़े नाथ मंदिर पर भस्माभिषेक करते भक्त

**आस्था**

### बाबा बूढ़ेनाथ का भस्माभिषेक

### माता गौरी का भक्तों ने अर्चन कर की निभायी रस्म झूमकर नाचे भक्त

**मीरजापुर।** नगर के मध्य बूढ़ेनाथ मंदिर में विराजमान देवो के देव महादेव का शिवरात्रि महोत्सव के तहत भस्माभिषेक किया गया। माता गौरी को हल्दी और कुंकुम लगाया गया। इस मौके पर भक्ति में सराबोर भक्तों ने नृत्य किया। 9 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन अलग अलग शिव को प्रिय सामग्री से अभिषेक किया जा रहा है। मंदिर के महंत डा. योगानंद गिरी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से ही महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। 18 फरवरी को बाबा का भव्य पालकी यात्रा निकाली बूढ़ेनाथ मंदिर से निकलेगी। जिसमें जूना अखाड़ा के नागा साधु एवं संत के साथ विभिन्न झाँकियाँ शामिल होंगी। पालकी यात्रा में लाखों की संख्या में पुरुष और महिला भक्त शामिल होते हैं। नगर के राजाधिराज के रूप में प्रसिद्ध श्रीबूढ़ेनाथ महादेव मन्दिर में वेद मंत्रों के साथ देवाधिदेव महादेव का पूजन आचार्य पं. नितिन अवस्थी के निर्देशन में किया गया । मंदिर के महन्त डॉ. योगानन्द गिरि ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव में इस बार शिव के साथ माता गौरी की भी पालकी यात्रा में शामिल होगी। बाबा बूढ़ेनाथ का 16 को इत्र एवं 17 को जलाभिषेक किया जायेगा। माता पार्वती का 16 फरवरी को भी हल्दी व कुमकुम से अर्चन किया जायेगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने का डीएम ने दिया निर्देश

**तैयारी**

### जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को जारी किया आदेश

**मीरजापुर।** आगामी शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्त/ कावरियों द्वारा हरिद्वार (उत्तराखण्ड) सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से गंगा आदि पवित्र नदियों का जल भरकर समूहों में जनपद के विभिन्न शिव मन्दिरों में जलाभिषेक हेतु गन्तव्य को जाते है। महाशिवरात्रि के अवसर पर विगत वर्षों में जनपद में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनायें नहीं घटित हुई है फिर भी वर्तमान आतंकवादी गतिविधियों के आलोक में असामाजिक तत्वों द्वारा कुत्सित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उक्त त्यौहार के अवसर पर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनायें कारित किये जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जारी एक आदेश में कहा है कि पर्व के शांतिपूर्ण सम्पादन हेतु संवेदनशील स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा विशेष सर्तकता आवश्यक होगी, ऐसे स्थलों पर जहाँ अधिक संख्या में लोग एकत्र होते हैं, वहाँ पर भी विशेष सर्तकता तथा ऐसे स्थानों पर संभावित घटनाओं का पूवार्नुमान लगाया जाय व किसी घटना के घटित होने पर तत्परता से प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि मेला/स्नान के दौरान नदियों के तटों पर विशेष सुरक्षा प्रबन्ध किये जायें, जिससे भगदड़ आदि की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके। संवेदनशील/साम्प्रदायिक एवं कन्टेन मेन्ट जोन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। पर्व के अवसर पर सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील स्थान/ धार्मिक स्थल पर यथावश्यक व्यवस्थायें चेकिंग कराई जाए। सघन जाँच एवं तलाशी की व्यवस्था के लिए स्वान-दल, आतंकवादी निरोधक दस्ता एवं बम निरोधक दल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात कदापि बाधित न हो। बैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कराई जाए। मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाए।

## संक्षेप

### 31 मार्च तक जनपद में लागू रहेगी धारा 144



**मीरजापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल ने अपने एक आदेश के तहत जनपद में जनपद में धरना, प्रदर्शन, सभा, हाईस्कूल इण्टरमीडियट की परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, महाशिवरात्रि पर्व, होली पर्व, चैत्र नवरात्र एवं राम नवमी आदि के दृष्टिगत धारा-144 लगा दी गयी हैं। अपर जिलामजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कतिपय अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत जनपद मे सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये तत्कालिक प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 लगा दिया गया है। यह आदेश जनपद मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र मे आगामी 15 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश मे वर्णित प्रतिबन्धों की अवहेलना पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव



**इमिलियां चट्टी।** अहरौरा थाना अंतर्गत इमिलिया चट्टी चौकी क्षेत्र के अतरौली खुर्द, डाक बंगला नहर में एक व्यक्ति की शव मिली है जिस के बाएं हाथ पर सूरजभान लिखा हुआ है, पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त की जा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन गुरुवार की सुबह अतरौली नहर में एक युवक की शव मिली। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय फोर्स के साथ, ग्रामीणों के मदद से युवक की शव को नहर से बाहर निकलवाकर, शिनाख्त करने में जुट गई। पुलिस ने बताया कि हल्का काला शर्ट, सफेद गंजी, हरा रंग की लोअर पहना हुआ है और मृत युवक के बाएं हाथ पर सूरजभान लिखा हुआ है। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुट गई। खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नही हो पाई।

### रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के पहाड़ा रेलवे स्टेशन के पास तोसवां गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे गुरुवार को एक युवक के शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कोशिश में जुट गई। लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार पहाड़ा व डगमगपुर स्टेशन के बीच तोसवां गांव के पास ग्रामीणों ने एक युवक के क्षत-विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक किनारे शव के होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हो गई होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी पड़री अजय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे ट्रैक किनारे एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बीमारी के दौरान कोटेदार की हुई मौत

**जमालपुर।** क्षेत्र के घसरौड़ी घनश्यामपुर गांव निवासी सरकारी राशन दुकान के संचालक पप्पू यादव 49 वर्ष बुधवार की देर रात मौत हो गई जो पिछले कई महीने से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत की जानकारी पर कोटेदार संघ में शोक की लहर दौड़ गयी। दो मिनट का मौन रखकर गतआत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना किया। उनकी मौत की जानकारी होने पर कोटेदार संघ के ब्लाक अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह, त्रिभुवन सिंह, चंदा देवी, बाबूलाल गुप्ता, मन्नी देवी, देवदास यादव, गुलाब मौर्य, ओमप्रकाश यादव, भगवानदास गुप्ता, बिहारीलाल ईत्यादि ने शोक व्यक्त किया है।

### युवक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** सिंगरौली जनपद के गढवा गांव निवासी जयप्रकाश ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पुत्री के जेठ के खिलाफ मारपीट गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए पीएचसी हलिया भेज दिया है। दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की सुबह पुत्री को बुलाने के लिए उसके ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव आया था कि पुत्री के विदाई की बात करने लगा कि उसी समय पुत्री का जेठ राकेश कुमार गुप्ता गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा, जिससे मुझे चोटे आई है। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मारपीट करने सहित गाली गलौज का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र निवसिनी एक महिला द्वारा 15 फरवरी को एक नामजद के विरूद्ध नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर चुनार थाना पर सम्बंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जिसके आधार पर चुनार थाना निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी रामकेवल पुत्र जगदीश निवासी कदवा भण्डाल, धुरकी गढ़वा, झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। थाना चुनार पर पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली कटरा उपनिरीक्षक विनय कुमार राय चौकी प्रभारी मण्डी समिति मय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर मोटरसाइकिल चोरों आशीष कुमार पुत्र रामदास सोनकर निवासी डिगुंर पट्टी थाना चील्ह व प्रमोद कुमार सोनकर पुत्र बिरजू सोनकर निवासी दलापट्टी थाना चील्ह को गिरफ्तार किया। बरामद मोटरसाइकिल के चोरी होने के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। जहां नियमानुसार अग्रिम करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।

### सकुशल संम्पन्न हुई परीक्षा

**जमालपुर।** यूपी बोर्ड की परीक्षा का शुभारंभ गुरूवार की सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिंदी विषय से हुआ जिसमें कुल 57 बच्चे अनुपस्थिति रहे, जिसमे मठना इंटर कालेज में हाईस्कूल की परीक्षा के लिए नामांकित 452 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 424 ने परीक्षा दिया एवं 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्रीमती देवकली इंटर कांलेज जमालपुर परीक्षा केंद्र पर नामांकित 561 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 541 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जिसमें 20 परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा छोड़ दी। 16 कमरों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। मनउर इंटर कांलेज में प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी बिषय के लिए नामांकित 281 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 272 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नही दिया। आठ कमरों में छात्रों के बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रो पर केंद्र व्यवस्थापक शांति पूर्ण परीक्षा कराने के लिये व्यवस्था में लगे रहे। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस कर्मियों को भी लगाया गया था जो लगातार चक्रमण करतें रहे।

### मंत्री ने जनसंपर्क कार्यालय पर लगाया जनता दरबार

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल ने गुरुवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जिसपर कैबिनेट में मंत्री श्री पटेल ने आए हुए सभी जनता जनार्दन की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

### आशा कार्यकर्त्रियों को वितरण किया स्मार्टफोन

**जमालपुर।** आशा कार्यकत्रियों के कार्य को सुगम बनाने के लिए गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.राजन सिंह ने 159 आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया। स्मार्टफोन मिलने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन मिल जाने के बाद कार्य करने में आशा बहनों को आसानी होगी। गर्भवती महिला, टीकाकरण, सुगर आदि की सूचना इस स्मार्टफोन के माध्यम से आनलाइन भरी जा सकेगी। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनुज कुमार वर्मा, सच्चिदानंद, श्रवण कुमार पांडेय सहित तमाम आशा कार्यकर्ती मौजूद रही।

### प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा संगिनियों का गृह आधारित नवजात शिशुओं की देखभाल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले से टेक्निकल सपोर्ट यूनिट से आए प्रशिक्षक दुर्गेश कुमार मिश्रा और अर्चना पटेल ने आशा संगिनियो को घर पर शिशुओं की देखभाल के बारे में बारीकी से जानकारी देकर प्रशिक्षित करते हुए देखभाल सावधानी पूर्वक किये जाने के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान 11 आशा संगिनी उपस्थित रही।

# भूमि विवाद में कुल्हाड़ी से वार कर महिला की हत्या

**बेटा घायल**

**नाराज लोगों ने हमलावरों की बाइक फूंकी, गांव में फोर्स तैनात**

जनसंदेश न्यूज



मामले की जानकारी देते एसपी डा. यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नौगांव गांव में भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने महिला की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी। हमले में पुत्र को भी गंभीर चोट आई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बेटे की हालत गंभीर है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने हमलावरों की बाइक फूंक दी। तनाव को देखते हुए गांव में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। उधर हत्या की सूचना मिलने पर एसपी डा. यशबीर सिंह ने गांव का दौरा कर हालात का जायजा लिया। बताया गया कि नौगांव गांव निवासी तारा देवी पत्नी रामा के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। आवास की भूमि को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। पिछले दिनों राजस्व कर्मियों ने मौके पर जाकर नापी कराई थी। इसके बाद चिह्नित जमीन पर आवास का निर्माण शुरू हुआ था। नींव स्तर से ऊपर का काम हो चुका था। इसी बीच गुरुवार की सुबह दूसरे पक्ष के लोग लामबंद होकर मौके पर पहुंचे और आवास ढहाने लगे। कहा जा रहा है कि विरोध करने उन्होंने लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। सिर पर गंभीर चोट आने से तारा देवी की सास ज्ञानमती 60 की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जेठ संतोष 40 को भी चोट आई है। घटना के बाद आसपास के लोग उग्र हुए तो हमलावर मौके से फरार हो गए। गुस्साए लोगों ने मौके पर छूटी हमलावरों की बाइक फूंक दी। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने ज्ञानमती को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल संतोष की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। उधर, एएसपी कालू सिंह, एसडीएम रमेश कुमार, सीओ सिटी राहुल पांडेय, कोतवाल बालमुकुंद मिश्र ने भारी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे एसपी ने मौका मुआयना करने के बाद बताया कि गांव में तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस व पीएसी लगाई गई है। स्थिति नियंत्रण में है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नामजद लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए हमलावरों की तलाश की जा रही है। हत्यारों के खिलाफ सीएलए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच नामजद समेत चार दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज

## शिवापार्क में अतिक्रमण हटाने का विरोध, सरकारी कार्य में बाधा डालने पर हुई कार्रवाई

**रेणुकूट।** बीते दो फरवरी को नगर के शिवापार्क में न्यायालय के आदेश पर जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचे सरकारी अमीन व अन्य लोगों पर दबाव बनाकर कार्य रोकने, सरकारी कार्य में व्यवधान करने के मामले में हिंडालको के सुरक्षाकर्मी की तहरीर पर पुलिस ने अजय राय, मीनू जायसवाल, दीपेश जायसवाल, शंकरलाल समेत 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, जिससे नगर में हड़कंप है।

बता दें कि अतिक्रमण हटाने गई टीम लोगों के विरोध को देखते हुए वहां से हट गई थी और भीड़ ने जेसीबी के टायरों की हवा खोल दी थी। इस मामले में पुलिस ने हिंडालको के सुरक्षाकर्मी अशोक कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अशोक कुमार सिंह ने लिखा है कि सिविल जज सीनियर डिविजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में बीते 2 फरवरी को अदालत अमीन अंबरीश पाठक मय पुलिस प्रशासन के साथ प्रश्नगत जायदाद पर पहुंचे और डिग्री होल्डर हिंडालको से डिग्री के निष्पादन हेतु आवश्यक संयंत्र जेसीबी उपलब्ध कराने को कहा, कंपनी द्वारा जेसीबी लेकर जब मौके पर पहुंचा गया तो वहां मौजूद अजय राय, मीनू जायसवाल, दीपेश जायसवाल, शंकरलाल समेत 40-50 अज्ञात लोग प्रशासन व अन्य लोगों पर हमलावर हो गए व मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जिससे न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवहेलना हुई। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा जेसीबी भी नहीं ले जाने दी गई। तहरीर पाकर पुलिस ने नामजद लोगों समेत 40-50 अज्ञात लोगों पर संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं नगरवासी पुलिस द्वारा मुकदमा लिखे जाने की कार्रवाई का विरोध जता रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस औद्योगिक संस्थान के प्रभाव में लगातार काम कर रही है। जिन लोगों पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है वह लोग केवल प्रतिवादी के जगह पर बगल के पड़ोसी दुकानदार का झोपड़ी तोड़े जाने का विरोध कर रहे थे। नगरवासियों का कहना है कि स्थानीय औद्योगिक संस्थान सहित पुलिस के खिलाफ अभियान छेड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पुलिस की भूमिका को लेकर अवगत कराएंगे।

# योगी राज में बेरहम बना प्रशासन लोगों की ले रहा जान

जनसंदेश न्यूज

**बोले अविनाश कुशवाहा**

**कानपुर की घटना के लिए प्रदेश सरकार की बुलडोजर संस्कृति जिम्मेदार**



पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा

**सोनभद्र।** सपा नेता व पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने कानपुर देहात में हुए अग्निकांड की घटना के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि बुल्डोजर संस्कृति के चलते प्रशासन पूरी तरह से बेरहम हो गया है। अतिक्रमण हटाने की आड़ में पहले तो लोगों का आशियाना उजाड़ा जा रहा था अब उन्हें जिंदा जला दिया जा रहा है। कानपुर की घटना इसका सबूत है, जहां दो दिन पूर्व ग्राम समाज की भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी को मड़हे में जिंदा जला दिया गया।

पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार सत्ता के मद में चूर होकर लोगों का दमन कर रही है। लोकतंत्र के साथ ही लोगों के बुनियादी अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कानपुर देहात के मेड़ौली गांव में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मां-बेटी को मड़हे में जिंदा जला दिया गया। इससे शर्मनाक कोई घटना नहीं हो सकती। एक तरफ प्रदेश सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नारी सशक्तिकरण का नारा देती है वहीं दूसरी तरफ चाहे उन्नाव हो, कानपुर हो ऐसे तमाम उदाहरण है जहां महिलाओं का दमन किया गया और सरकार उदासीन बनी रही। उन्होंने कहा कि सपा ऐसे कार्यों का सड़क से सदन तक विरोध करेगी। कहा कि बीजेपी का अहंकार 2024 के लोकसभा चुनाव में टूटेगा।

# ट्रक के धक्के से तेंदुए की मौत, हड़कंप

**सोनभद्र।** सेंचुरी रेंज गुरमा अंतर्गत मारकुंडी घाटी में बुधवार की रात ट्रक की चपेट में आकर एक तेंदुआ की मौत हो गई। बताया जाता है कि मारकुंडी घाटी में सोन इको प्वाइंट के समीप खाली ट्रक घाटी में उतर रही थी कि इसी दौरान जंगल से निकलकर तेंदुआ घाटी पार करने लगा कि ट्रक के धक्के से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही आसपास के राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ लोग मौके पर पहुंच कर तेंदुए के शव के साथ सेल्फी लेने लगे।

सूचना पर गुरमा रेंजर चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी रेंज टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गये। रेंज में तेंदुए की मौजदूगी को लेकर चर्चाएं हैं कि मृत तेंदुए का जोड़ा भी साथ रहा होगा।

ऐसे में तेंदुआ जोड़ा खोजने के लिए आस-पास भटकेगा, जो हिंसक हो सकता है। स्थानीय लोग अपने घर के सदस्यों को मारकुंडी घाटी तथा जंगल के आस-पास रात में न निकलने की सलाह दे रहे हैं। रेंजर ने बताया कि शव नर अथवा मादा है, इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृत तेंदुआ

**सेंचुरी एरिया में अवैध खनन के कारण हुई तेंदुए की मौत**

**सोनभद्र।** कैमूर वन्य जीव अभ्यारण में अवैध खनन तथा सेंचुरी के बेहद करीब बफर जोन में भारी ट्रकों की आवाजाही से लगातार वन्य जीव प्रभावित हो रहे हैं इसी क्रम में गुरमा सेंचुरी रेंज के मारकुंडी घाटी के सोन इको पॉइंट पर तेंदुआ की मौत हो गई। उक्त बातें पीयूसीएल के प्रदेश सचिव एडवोकेट विकास शाक्य ने कही। कहा कि पूरे देश में सेंचुरी का बफर जोन 10 किलोमीटर बनाया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार का गैर वानिकी कार्य प्रतिबंधित है परंतु सोनभद्र में राष्ट्रपति के गजट को पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा बफर जोन एक किलोमीटर करके अविधिक रुप से दिशा-निर्देश मानक जारी कर दिया है। इसी आशार पर जिला प्रशासन पत्थर बालू की कई खनन पट्टा आवंटित कर दिया है। ध्वनि प्रदूषण से आहत होकर के बेसुध सड़कों पर नहीं भागते तो यह घटना नही होती। शाक्य ने तेंदुए की मौत का जिम्मेदार सोन नदी में अवैध खनन कताओं को ठहराते हुए पूरे मामले को एनजीटी में पूर्व विचाराधीन प्रकरण के साथ जोड़कर उठाने और पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पत्र लिखकर एक किलोमीटर के बफर जोन का मानक निरस्त कर के राष्ट्रपति द्वारा जारी गजट10 किलोमीटर को यथावत सोनभद्र में लागू करने के लिए पत्र भेजा है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई बोर्ड की परीक्षा

**यूपी बोर्ड**

**पहली पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इंटर की हुई हिंदी की परीक्षा, सचल दस्ता करता रहा भ्रमण**

**पहले दिन सैकड़ों छात्रों ने छोड़ी परीक्षा, नहीं पकड़ाया कोई नकलची**

जनसंदेश न्यूज



परीक्षा केंद्र के बाहर जांच करती शिक्षिका

**सोनभद्र/बभनी।** जिले में गुरुवार से 80 केन्द्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी के निगरानी में शुरू हो गयी। सभी परीक्षा केंद्रों पर जांच के बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया।

परीक्षा केंद्रों की निगहबानी के लिए सचल दस्ता भी लगा रहा। हाई स्कूल की प्रथम पाली में हिंदी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई, वहीं इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा दूसरी पाली में हुई। पहले दिन सैकड़ों परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया हलांकि इस दौरान कोई नकलची नहीं पकड़ा गया।

**पहले दिन म्योरपुर में 78 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बा स्थित बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज में यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल व इंटर के कुल 78 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रधानाचार्य दयाशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि हाईस्कूल के हिंदी की परीक्षा प्रथम पाली में सम्पन्न हुई जिसमें कुल 540 परिक्षार्थियों में से 501 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 39 अनुपस्थित रहे।वहीं दूसरी पाली में इंटर की हिंदी के पेपर में कुल 400 परिक्षार्थियों में 361 परिक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 39 अनुपस्थित रहे।बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न करायी जा रही है।

बभनी में प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिंदी की परीक्षा में 181 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। बभनी क्षेत्र में कुल पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजकीय इंटर कालेज चपकी में 415 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 356 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल रहे, 56 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दक्षिणांचल ग्रामोदय इंटर कालेज बभनी में 294 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 261 परीक्षार्थी ही परीक्षा में बैठे 33 ने परीक्षा छोड़ दी। जनता इण्टर कालेज बभनी में 322 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 302 परीक्षार्थी शामिल रहे व 19 अनुपस्थित रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षण संस्थान देवनाटोला में 254 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 414 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल रहे, 40 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार आदित्य इंटर कालेज करमघट्टी में 284 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 251 शामिल हुए, 33 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इस प्रकार पांच परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के हिंदी की परीक्षा में 181 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस की ड्यूटी लगायी। इसी तरह जिले के अधिकांश सेंटरों से परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा छोड़ने का समाचार मिला।

# भेलाही बांध का जलस्तर खिसका, दो वाल्व चालू

## रावट्र्सगंज नगर में गहरा सकता है पेयजल संकट

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर को पानी पिलाने वाली भिलाही बंधी में तेजी से पानी घट रहा है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि अप्रैल माह आते-आते यह पूरी तरह सूख जाएगा। बावजूद इसके अभी तक पेयजल आपूर्ति के लिए कोई ठोस योजना नहीं बन सकी है। ऐसे में धंधरौल बांध से भिलाही बंधी को जोड़ कर पेयजल आपूर्ति की जाएगी। यह वैकल्पिक व्यवस्था नगरवासियों को पर्याप्त पानी नहीं उपलब्ध करा पाएगी।

राबर्ट्सगंज नगर को पेयजल आपूर्ति कराने वाली भिलाही बंधी में पानी नीचे खिसकने लगा है। जिस तरह से पानी का स्तर घट रहा है, उससे लग रहा है अप्रैल माह में ही इसके चारों वाल्व पानी छोड़ देंगे। राबर्ट्सगंज नगर को पानी की आपूर्ति करने वाला वर्तमान में दो वाल्व सूख चुका है। बारिश नहीं हुई तो तीसरा वाल्व भी जल्द ही सूख सकता है। ऐसे में नगर वासियों के समक्ष पानी की किल्लत पैदा हो जाएगी है। गर्मी के दिनों में पानी संकट की समस्या से नगर पालिका प्रशासन बखूबी वाकिफ है। प्रतिदिन नगरवासी 2 हजार किलो लीटर पानी पी जाते हैं। इसमें नहाना और कपड़ा धोना भी शामिल है। वाल्वों के पानी छोड़ने के कारण बंधी में पानी होने के बाद भी आपूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे में क्या होगा, इससे माथे पर चिंता की लकीर खींच गई है। वैसे आगे वाली भीषण गर्मी को लेकर जिले के लोग चिंतित है। उनका कहना है कि अभी तो कुछ हैण्डपम्प पानी उगल भी रहे है लेकिन भीषण गर्मी में वे भी साथ छोड़ देंगे। इस बार पानी की समस्या का हल निकालने की जिम्मेदारी पालिका प्रशासन के हाथ है।

**बोले ईओ**

नगर पालिका राबर्ट्सगंज के अधिशासी अधिकारी विजय यादव ने बताया कि नगर वसियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर जिलाधिकारी से आग्रह करके धंधरौल बांध से पानी की सप्लाई करने की मांग की जाएगी। इसके अलावा पेयजल पुनर्गठन परियोजना बनकर तैयार है, अगर इसे पानी मिल जाये तो संकट दूर हो जाएगा।



तेजी से खिसकता भेलाही बांध का जलस्तर

**शमशेर बने पर्यावरण संरक्षण के जिलाध्यक्ष**

**ओबरा।** राष्ट्रीय सूचना अधिकार मानवाधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन का विस्तार करने के क्रम में जनपद का जिलाध्यक्ष शमशेर को बनाया गया है। शमशेर को यह जिम्मेदारी उनके कार्य तथा निरंतर जनसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए संगठन द्वारा दी गई है। वही शमशेर ने बताया कि संगठन द्वारा हमें जो जिम्मेदारी दी गई उसका पूरी तरह से पालन करते हुए समाज में हर वर्ग के जरूरतमंद की आवाज को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों की शिकायत संगठन के माध्यम से की जाएगी ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# वनाधिकार अधि. की पत्रावलियों का शीघ्र करें निस्तारण : राज्यमंत्री

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**सोनभद्र।** राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वनाधिकार अधिनियम समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत वनाधिकार के तहत पात्र व्यक्तियों को वनाधिकार अधिनियम के तहत पट्टे के आवंटन का कार्य किया जा रहा है। सम्बन्धित अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्रों की ग्राम सभाओं में जाकर वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दावे व आपत्तियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें और जो पात्र व्यक्ति हैं, उन्हें वनाधिकार अधिनियम के तहत पट्टा देने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने वनाधिकार अधिनियम के तहत अब तक किये गये पट्टा वितरण के कार्यों की भी प्रगति के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वनाधिकार अधिनियम से सम्बन्धित जो भी पत्रावलियां हैं, उसका समय से स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर सेवाकुंज आश्रम संस्थान के आनन्द, उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, घोरावल श्याम प्रताप सिंह, दुद्धी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, डीएफओ ओबरा अनुराग प्रियदर्शी, डीआईओ विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

**सामान्य ज्ञान परीक्षा में सफल 12 छात्रों को राज्यमंत्री ने किया सम्मानित**

**सोनभद्र।** राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जनपद के सभी पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के माध्यम से आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा पास करने वाले 12 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि सामान्य ज्ञान की परीक्षा का आयोजन कराना बेहतर कार्य है, इस तरह के परीक्षा का आयोजन करने से छात्र-छात्राओं में तैयारी करने की क्षमता का विकास होगा और बच्चे आगे के परीक्षाओं में अच्छी तरह से तैयारी कर सफल हो सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय राबर्ट्सगंज, घोरावल, गुरमुरा व दुद्धी में सामान्य ज्ञान परीक्षा के प्रथम चरण में एक हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें 80 उत्तीर्ण हुए। इसके बाद परीक्षा का आयोजन जिले स्तर पर किया गया, जिसमें 80 छात्र-छात्राओं में से 12 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा के आयोजन से छात्र-छात्राओं में कम्पीटशन की भावना जागृत होती है। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के अध्यापक, अध्यापिकाएं सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

**शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाये सुनिश्चितः डीएम**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मिजिल्स रूबेला उन्मूलन हेतु विशेष टीकाकरण पखवाड़ा के आयोजन के सम्बन्ध में जिला टास्क फोर्स (प्रतिरक्षण) की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि दिसम्बर 2023 तक एमआर उन्मूलन एवं सभी वैक्सीन रोधी बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया जाना है, जिसके क्रम में विशेष टीकाकरण पखवाड़ों का आयोजन 13 से 24 फरवरी तथा 13 से 24 मार्च तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विशेष टीकाकरण पखवाड़ा के द्वितीय चरण हेतु 2021 अतिरिक्त सत्र आयोजित किये जायेंगे तथा विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान में 321 एएनएम/ वैक्सीनेटर, 1438 आशा/लिंक वर्कर, 465 आंगनवाड़ी वर्कर लगाये गये है। विशेष टीकाकरण पखवाड़ा अभियान में सत्रों के पर्यवेक्षण हेतु 143 सुपरवाइजर लगाये गये हैं। प्रत्येक सुपरवाइजर द्वारा दो सत्रों का पर्यवेक्षण किया जायेगा। प्रत्येक सत्र पर वैक्सीन, लॉजिस्टिक शत प्रतिशत उपलब्ध हो एवं व्यवस्थित रहे एवं वैक्सीन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अपडेटेड ड्यू लिस्ट तथा 5 वर्ष तक के एमसीटीएस रजिस्टर अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, मोबिलाइजेशन कार्य हेतु आशा, आंगनवाड़ी वर्कर को लगाया जाये, इसमें क्षेत्र के सरकारी कर्मचारियों, ग्राम प्रधान, कोटेदार, गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग भी लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि सुपरवाइजरों की सत्रों पर उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए तथा ई-कवच पोर्टल पर वीएचआईआर व आरआई की शत प्रतिशत इन्ट्री अविलम्ब किया जाये।

## संक्षेप

**20वें सोनांचल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ भव्य आगाज**



**ओबरा।** स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में 20 वें सोनांचल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे तथा विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता इं एके राय, समाजसेवी रमेश सिंह, नपं अध्यक्ष प्रानमति देवी व समाजसेवी रमेश सिंह यादव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय कर खेल का शुभारंभ कराया प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ओबरा तथा चोपन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओबरा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाया। सर्वाधिक शुभम जयसवाल ने 52 तथा अंकित ने 30 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए चोपन के आकाश ने 4 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट व दुर्गेश ने 4 ओवर में 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाबी पारी खेलने उतरी चोपन की टीम 5 विकेट के नुकसान पर 17 ओवर में मैच को आसानी से जीतकर प्रतियोगिता के अगले चरण में प्रवेश कर गयी। सर्वाधिक चोपन के बबलू ने 43 तथा आकाश व आयुष ने क्रमशः 28-28 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए ओबरा के एसपी सिंह ने 4 ओवर में 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। प्रतियोगिता में निर्णायक सोनू राय तथा फैजल खान रहे। स्कोरर अरविंद यादव व उद्घोषक राजू यादव रहे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता इं समीर भटनागर, सतीश पांडेय, संजीव शास्त्री, सुशील सिंह, सत्येंद्र सिंह, बॉबी सिंह, चंद्रशेखर मौर्य, आनंद शुक्ला, संजय यादव, अमित अग्रवाल, अजीज खान आदि लोग मौजूद रहे।

**हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद, 25-25 हजार जुर्माना**

**सोनभद्र।** 13 वर्ष पूर्व पांच वर्षीय इकलौते बालक को शर्बत में जहर पिलाकर मारने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को उम्रकैद व 25- 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6- 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के सिरवीट गांव निवासी रामलाल ने न्यायालय में दाखिल धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि एक फरवरी 2010 को दोपहर एक बजे की घटना है। उस समय घर पर वह और उसकी पत्नी मौजूद नहीं थे। उसी समय सिरवीट गांव निवासी रामप्रसाद पुत्र मानाधारी व शांति देवी पत्नी रामप्रसाद तथा धौरहरा गांव निवासी पप्पू पुत्र नरेश समेत पांच लोग उसके घर में आकर उसके 5 वर्षीय इकलौते बालक चंदन को शर्बत में जहर डालकर पिला दिया। इसके बाद बेटे की हालत बिगड़ने लगी तो घर पर मौजूद लड़कियों ने शोरगुल करना शुरू कर दिया। शोरगुल की आवाज सुनकर आस पास व गांव घर के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद बेटे को लेकर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। जहां चार घंटे तक बेटा अस्पताल में जिंदा रहा उसके बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बेटे के शव को उसे दे दिया गया। बेटे का अंतिम संस्कार करने के बाद करमा थाने जाकर 3 फरवरी 2010 को सूचना दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई। कोर्ट के आदेश पर करमा पुलिस ने 7 अप्रैल 2010 को रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों रामप्रसाद, शांति देवी व पप्पू को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

**युवा मंच ने शुरू किया रोजगार अधिकार अभियान**




**म्योरपुर।** सात फरवरी को दिल्ली में आयोजित युवा संगठनों की मीटिंग में पारित प्रस्तावों को लेकर सोनभद्र में युवा मंच ने रोजगार अधिकार अभियान चलाने की रूपरेखा गुरुवार को रासपहरी स्थित कार्यालय में हुई। मीटिंग में तय किया गया कि रोजगार अधिकार अभियान में बड़े पैमाने छात्रों व युवाओं से संवाद किया जायेगा। दिल्ली मीटिंग में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इसमें प्रमुख रूप से रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने, जब तक रोजगार न मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता जोकि न्यूनतम वेतनमान से आधे से कम न हो, राज्यों व केंद्र सरकार में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को समयबद्ध भरने, संविदा व्यवस्था खत्म करने, हर सेक्टर में न्यूनतम वेतनमान 25 हजार करने और शिक्षा व रोजगार के प्रश्न पर छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन व संवाद करने में सरकार द्वारा हस्तक्षेप न करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या चिंताजनक स्तर पर है लेकिन मोदी सरकार इसके हल के लिए कतई गंभीर नहीं है। विपक्षी दलों के पास भी रोजगार के सवाल पर सुस्पष्ट विचार नहीं है। अभियान में आदिवासियों समेत गरीब छात्राओं की मुफ्त उच्च शिक्षा के लिए महिला डिग्री कालेज(आवासीय) समेत जनपद शिक्षा व स्वास्थ्य के मुकम्मल इंफ्रास्ट्रक्चर, पलायन रोकने के लिए जनपद में रोजगार सृजन करने जैसे मुद्दों को भी उठाया जायेगा। इस मौके पर रूबी सिंह गोंड़, गुंजा गोंड़, सविता गोंड़, आलोक गोंड़, अंजू आशा, अनुपमा , जुगनू सिंह गोंड़, राजकुमारी, आशीष, प्रशांत दुबे आदि मौजूद रहे।

**करेंट लगने से शिक्षक की मौत, परिजनों में कोहराम**

**कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चौकी चननी क्षेत्र के चननी निवासी अशोक कुमार यादव 35 पुत्र गोपीचंद यादव की बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजे बिजली करेंट लगने से मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही घर समेत परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक अशोक कुमार यादव वर्तमान मे प्रा.वि, तेनुइआदामर (चाँची कला) में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। बुधवार को ड्यूटी करके प्रतिदिन की भांति अपने घर चननी चले गये। इसके पश्चात लगभग आठ बजे अपने खेत बसुहारी में मोटर से फसल में पानी लगाने के लिए तार खींच रहे थे कि अचानक बिजली करेंट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। देर रात तक जब वे घर वापस नहीं आये तो परिजन उनका पता लगाने खेत पर गये तो अशोक मृत अवस्था में मिले। सूचना मिलते ही कोन पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया, उधर खबर होते ही बीइओ विश्वजीत कुमार व शिक्षक साथी मौके पर पहुंच कर दुख व्यक्त किया। मृतक के भाई मिथिलेश यादव ने बताया कि अशोक यादव ड्यूटी के बाद प्रतिदिन खेत की ओर फसल देखने जाते थे। जिनके दो बच्चे अंकित 12 वर्ष व अभिषेक 6 वर्ष व पत्नी सुनीता देवी जो आँगनबाड़ी कर्मी के पद पर कार्यरत हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अशोक यादव पहले शिक्षामित्र के पद पर तैनात थे जो 69000 शिक्षक भर्ती मे 2019 से सहायक अध्यापक पद पर तैनात हुए थे।

**युवक की पिटाई के मामले में पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**

**शक्तिनगर।** थाना क्षेत्र के परसवार राजा ग्राम पंचायत निवासी विजय कुमार पटेल ने पुलिस थाना प्रभारी के नाम दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनका पुत्र कन्हैया पटेल बीते 13 फरवरी की शाम दूल्हे वाला रथ लेकर शक्तिनगर जा रहा था और वह जैसे ही दमड़ी ग्लास के नजदीक मुख्य मार्ग पर पहुंचा अचानक दो मोटरसाइकिल से आए खड़िया बाजार निवासी चार दबंग गुंडों ने उसके पुत्र को घुसा जूता तथा पंच से बुरी तरह मारकर अधमरा कर फरार हो गए। जिसके बाद घायल अवस्था में ही उसके पुत्र कन्हैया पटेल ने 112 नंबर डायल कर पुलिस के साथ ही हम सब को सूचना दी। सूचना पर घरवालों द्वारा पहुंचकर उसे चिकित्सालय में इलाज हेतु ले जाया गया और थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत दिया। शिकायती पत्र में उसने कहा है कि आरोपी काफी दबंग व सरहंग किस्म के हैं जिनके ऊपर थाने में पूर्व की घटनाओं में गुंडा एक्ट की कार्यवाही हुई है, इसके बावजूद आरोपियों के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही ना होने से सरहंगो द्वारा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। घटना के 4 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस कार्यवाही न होने से परिवार किसी अनहोनी को लेकर दहशत में है। भुक्तभोगी ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कर अभिलंब जांच व कार्यवाही की मांग की है।

**फरार आरोपी गिरफ्तार**

**बीजपुर।** उप निरीक्षक संजय कुमार गुरुवार की सुबह हमराहियों के साथ वांछित आरोपियों की तलाश में निकले हुए थे। उसी दौरान सुबह उन्हें मुखबीर के जरिए सूचना मिली की मु0 अ0 संख्या 15/ 2023 के तहत भा द वि की धारा 263 व 366 तथा एस सी/ एस टी एक्ट की धारा 3(2) वी का फरार वांछित आरोपी 25 वर्षीय उमाशंकर प्रजापति पुत्र राज कुमार प्रजापति निवासी अंजानी, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र कहीं भागने के फिराक में ग्राम सभा जरहां परिक्षेत्र स्थित अजीरेश्वर धाम मंदिर के पास तिराहा रोड पर खड़ा है। खबर मिलते ही उप निरीक्षक ने टीम के साथ उक्त स्थान पर पहुँचकर फरार चल रहेआरोपी को धर दबोचा। अग्रीम विधिक कार्रवाई हेतु पुलिस ने गुरुवार को ही आरोपी को संबंधित न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

# यूपी बोर्ड : परीक्षा के पहले दिन धरा गया एक मुन्ना भाई


परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी की जांच करते चकिया एसडीएम।


जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**पहली पाली में 3169 तथा दूसरी पाली में 3441 परीक्षार्थी गैरहाजिर**

**चंदौली।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार को कड़े बंदोबस्त के बीच शुरू हुआ। सुबह की पाली में हाईस्कूल के हिन्दी विषय तथा शाम की पाली में इंटरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। हाईस्कूल के हिन्दी परीक्षा में कुल 34765 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 31596 उपस्थित तथा 3169 छात्र अनुपस्थित रहे। इस दौरान अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार यादव ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक परीक्षार्थी को पकड़ा। इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए डीआईओ जय प्रकाश ने प्रभु सुंदरम एकेडमी रंगौली के केंद्र व्यवस्था को तत्काल बदल दिया।

पहले दिन बोर्ड परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों के चेहरे पर तनाव देखने को मिला। सुबह व शाम की पाली में परीक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और अपनी-अपनी सीट तलाशने में हाल-परेशान दिखे। वहीं परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच-पड़ताल के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी जा रही थी।

इस दौरान यूपी बोर्ड परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा 16 परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा की वरिष्ठ प्रवक्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा चन्दौली एवं प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल दैथा द्वारा जनपद के कुल 50 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा सकुशल एवं शुचितापूर्ण ढंग से संचालित होते हुए पायी गयी।

द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा प्रारम्भ हुई। इण्टर में हिन्दी विषय में कुल 33714 पंजीकृत परीक्षार्थियों में कुल 30263 परीक्षार्थि उपस्थित तथा 3441 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियन्त्रण कक्ष से लगातार परीक्षा केन्द्रो की निगरानी की जा रही है। उधर, चकिया एसडीएम ज्वाला प्रसाद ने भी अपने क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया।

## उपजिलाधिकारी और सीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


खण्डवारी देवी इंटर कालेज में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ।

**चहनियां।** नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के साथ आदर्श इंटर कालेज पपौरा, खण्डवारी देवी इंटर कालेज चहनियां, विश्वकर्मा इंटर कालेज सोनहुला, बाल्मीकि इंटर कालेज में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाओं में चल रहे परीक्षा में अध्यापकों को कड़ाई के साथ परीक्षा कराने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी के निरीक्षण से परीक्षा केन्द्रों में सख्ती दिखी।

# ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों पर उपचुनाव दो मार्च को

**तैयारी**

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया उपनिर्वाचन कार्यक्रम**

**चंदौली।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी (पं) ईशा दुहन ने जनपद के ग्राम पंचायत के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराने की समय-सारणी निर्धारित की है। कहा कि उक्त निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों को दाखिल करने, उनकी जांच करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन, मतगणना तथा परिणाम की घोषणा का कार्य संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर संपन्न होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्रों को जमा करने की तिथि 20 फरवरी को सुबह 10 से शाम चार बजे तक निर्धारित की है। इसके अलावा नामांकन पत्रों की जांच 21 फरवरी, नाम वापसी 22 फरवरी तथा प्रतीक चिह्न आवंटन भी 22 फरवरी को किया जाएगा। मतदान की प्रक्रिया दो मार्च को सुबह सात से शाम पांच बजे तक सम्पन्न होगी। इसके बाद चार मार्च को मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे से कार्य समाप्ति तक होगा। डीएम ने बताया कि जनपद के संबंधित विकास खण्डों में नियुक्त निर्वाचन अधिकारी सम्बन्धित रिक्त ग्रापं सदस्यों के पदों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का पूर्ण विवरण देते हुए अपने स्तर से सार्वजनिक सूचना 16 फरवरी को निर्गत करेंगे। इस चुनाव कार्यक्रम की जानकारी ग्राम पंचायत में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय आदि सूचना पट्टों में यह कार्यक्रम प्रदर्शित किये जायेंगे। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। कहा कि उपचुनाव से जुड़ी सभी गतिविधियां कोविड-19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न होगी।

## साइबर सेल से फ्रॉड हुए 63500 रुपये वापस दिलाए

**चंदौली।** साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल चन्दौली द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 63500 रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वापस दिलाया। पुलिस के मुताबिक सैयदराजा थाना क्षेत्र के मानिकपुर सानी गांव निवासी मुन्शी राम, स्वयं के खाते से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के जरिये 63500 रुपये निकाल लेने के संबंध में पीड़ित द्वारा एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर साइबर सेल चंदौली को घटना को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी व पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रुपए वापस करने का प्रयास किया गया, जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए 16 फरवरी को पीड़ित के शत-प्रतिशत रुपये वापस कराये गए। अपने रुपए वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए साइबर सैल टीम व चन्दौली पुलिस की प्रशंसा की गई।

# सीएमओ ने अमड़ा, सैयदराजा और बरहनी पीएचसी का किया निरीक्षण

**कंदवा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. युगल किशोर राय ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी, सैयदराजा, अमड़ा का औचक निरीक्षण किया। इसमें अस्पताल पर व्याप्त साफ सफाई, उपस्थिति रजिस्टर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य जानकारी लिया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अस्पताल पर निरीक्षण होने पर स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कम्प मचा रहा।

पीएचसी बरहनी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी युगल किशोर राय के अचानक से पहुंचने से स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण में उपस्थिति रजिस्टर व अस्पताल पर प्रसूति गृह व उपलब्ध उपकरणों की जांच पड़ताल किया।दवाओं की उपलब्धता जांच पड़ताल कर अस्पताल पर साफ-सफाई रखने पर विशेष बल दिया गया। वहीं अमड़ा, सैयदराजा पर भी निरीक्षण कर दवा का स्टॉक व चिकित्सकों व कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। कहा कि अस्पताल पर आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत परेशानी नहीं होनी चाहिए। अन्यथा शिकायत मिलने पर आवश्यक व कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल पर मरीजों का समुचित इलाज किया जाए। इस मौके पर द्वितीय प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. गौरव नंदन, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सूर्यप्रकाश, डा.एसपी त्यागी, संजय, विनय, रोशन, संतोष, तेज प्रताप भारती, विनय, छोटे, सुदामा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।


पीएचसी के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का जायजा लेते सीएमओ।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

शहाबगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की को भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने विशुनपुरा पुल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिक किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने आरोपी लड़के के खिलाफ बारह फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जूट गयी। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी युवक को विशुनपुरा पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# कालेश्वर महादेव मंदिर पर तैयारी में जुटा प्रशासन

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** 18 फरवरी को महाशिवरात्रि है। चतुर्भुजपुर स्थित स्वयं भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर हजारों लोग जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिये आते है। शिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्री और मेला को लेकर एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने मंदिर पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात करने की जानकारी दिया।

चतुर्भुजपुर कस्बा में स्वयं भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर शिव बारात व मेला को लेकर पुलिस और तहसील प्रशासन अलर्ट है। एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने मंदिर व मेला स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मेला व मंदिर और शिव बारात में एसडीएम के साथ दो सीओ, सादे वेश में पुलिस के साथ एंटी रोमियों टीम, चार एसओ, 25 एसआई, 100 कांस्टेबल, एक पलाटून पीएससी, फायर बिग्रेड की वाहन, मेटल डिटेक्टर और बम डिस्पोजल टीम लगाया जायेगा।

मंदिर पर बैरकेटिंग के साथ आरपीएफ व जीआरपी पुलिस प्लेटफार्म सुरक्षा के लिये तैनात रहेगा। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से बताया कि महाशिवरात्रि पर चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। सीसी कैमरे की निगरानी में जलाभिषेक व कंट्रोल रूम बनाया जायेगा।


महाशिवरात्री मेला को लेकर मंदिर सुरक्षा को लेकर एसडीएम व सीओ जानकारी लेते हुए

## होली के मद्देनजर रेलवे ने चलाई तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

**डीडीयू नगर।** आगामी पर्व होली को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा होली स्पेशल तीन जोड़ी ट्रेनें चलाई गई हैं, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे जंक्शन से होकर गुजरेंगी। इस दौरान डीडीयू मंडल रेल प्रशासन ने बताया है कि तीन जोड़ी ट्रेनें पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे जंक्शन से गुजरेंगी, जबकि सात जोड़ी ट्रेनों को वाया गोरखपुर चलाया जाएगा। जानकारी के अनुसार आनंद विहार जयनगर स्पेशल एक्सप्रेस को 3, 6 और 10 मार्च को आनंद विहार से 10:30 बजे चलाया जाएगा, जो अगले दिन दोपहर में 15:15 पर जयनगर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन 4 मार्च 8 मार्च और 11 मार्च को जयनगर से वापस आनंद विहार के लिए आएगी। यह ट्रेन जयनगर से शाम 5:00 बजे खुलेगी और अगले दिन रात 7:55 पर आनंद विहार पहुंचेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के अलावा बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी जैसे स्टेशनों पर रुकेगी।

# जीवन रक्षक दवाओं के प्रतिबंध को न्यायालय ने हटाया

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कई जीवन रक्षक दवाओं की असीमित मात्रा में बिक्री पर, फार्मा कंपनियों व दवा विक्रेताओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस कारण मुक्त व्यापार करने में परेशानी आने लगीं थी और कई जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता पर प्रश्चिन्ह लग गया था, इस क्रम में 'कैमिस्ट्स एंड' ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा उच्च न्यायालय में सरकार के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद प्रतिबंधात्मक आदेश पर 15 फरवरी को रोक लगा दिया गया हैं। उक्त जानकारी सीडीएफ यूपी के महासचिव सुरेश गुप्ता ने दी है। उन्होंने बताया की कई जीवन रक्षक दवाइयों के व्यापार में सरकार द्वारा लगाए गए असीमित मात्रा की बिक्री प्रतिबंध से हार्ट, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन सहित कई बीमारियों की दवाओं में सुलभ उपलब्धता नहीं हो पा रही थीं। न्यायालय द्वारा प्रतिबंधक आदेश पर रोक लगाए जाने से फार्मा कंपनियों को व दवा व्यापारियों को व्यापार में सुविधा मिलेगी। वहीं जरूरतमंद व मरीजों को सुगमतापूर्वक ये जीवन रक्षक दवाइयां प्राप्त हो सकेंगी। प्रतिबंध में उत्पन्न स्थिति व उच्च न्यायालय के आदेश के बारे में पूछने पर कैमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला चंदौली के अध्यक्ष दिनेश जायसवाल व जिला महामंत्री रोहिताश पाल का कहना हैं कि कई जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता पर व्यवधान उत्पन्न हो गया था। न्यायालय के आदेश से लोगों को सुगमतापूर्वक दवाइयां मिल सकेंगी। इस आशय की जानकारी चंदौली जिला महामंत्री सीडीए रोहिताश पाल ने दी है।

# पठन-पाठन के साथ समाज व राष्ट्रसेवा में दें योगदान: राजकिशोर



**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राथमिक विद्यालय सेमरा कुशही के परिसर में गुरुवार को मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डीएलडब्ल्यू, वाराणसी राजकिशोर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके के किया। उन्होंने शिविर के स्वयंसेवी छात्र छात्राओं को पठन-पाठन में गंभीर रहने के साथ-साथ समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान गुरु प्रसाद ने समाज सेवा के कार्यों में छात्र छात्राओं को बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.रमेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं कार्यों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए निस्वार्थ मानव सेवा एवं समाजसेवा के माध्यम से छात्र छात्राओं को उनके व्यक्तित्व का विकास करने की अपील किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. पंकज कुमार शुक्ल द्वारा विशेष शिविर के सातों दिन के क्रियाकलाप की रूपरेखा प्रस्तुत की गइ। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर शीतला प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक कर्मचारी एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चहनियां ब्लॉक में नियुक्त सचिव के रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश

**चहनियां।** चहनियां खण्ड विकास कार्यालय पर नियुक्त सचिव बाबूलाल के रवैये से ग्रामीण त्रस्त है। जब भी कोई इनसे कार्य कराने के लिए जाता है तो बैरंग लौटकर आता है। यही नहीं शौचालय पर तैनात एक केयर टेकर को मानदेय के लिए दौड़ा रहे है। प्रमुख ने बुधवार की मीटिंग में सचिव को कड़ी फटकार भी लगायी थी। चहनियां स्थित खण्ड विकास कार्यालय पर नियुक्त सचिव बाबूलाल के रवैये से ग्रामीण त्रस्त है। जब भी कोई कार्य कराने के लिए कार्यालय या फिर पंचायत भवन पर जाता है तो उसे कोई न कोई बहाना करके दौड़ाते है, जो कोई भी सुविधा शुल्क दे देता है तो उसका काम जल्द हो जाता है। हाल ही में महुआरी खास में सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर के पद पर तैनात रेनू का विगत पांच महीने से तनख्वाह नहीं मिल रहा है। जब इसकी शिकायत प्रधान सत्येंद्र सिंह मिन्टू से किया तो तत्काल सचिव के पास भेजा तो खाते में पैसे नहीं होने का बहाना बनाकर वापस भेज दिया। महिला ने इसकी लिखित शिकायत ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल किया। बुधवार को बैठक में प्रमुख ने सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल तनख्वाह देने का निर्देश दिया।

# दानापुर ने सोनपुर मंडल को दी शिकस्त

**डीडीयू नगर।** रेलवे मंडल द्वारा गुरुवार को यूरोपियन कॉलोनी स्थित मंडलीय रेलवे क्रीड़ा संकुल बाकले ग्राउंड पर पूर्व मध्य रेल अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने उद्घाटन मैच के दौरान टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेल अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी के साथ दर्शक उपस्थित रहे। डीडीयू मंडल क्रीड़ा संघ, के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता 16 से 21 फरवरी, तक चलेगी। जिसमे पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों की टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। गुरुवार को उद्घाटन मैच सोनपुर मंडल और दानापुर मंडल के बीच खेला गया। पहले टॉस जीतकर सोनपुर मंडल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 181 रन बनाए। सोनपुर मंडल टीम की ओर से पवन कुमार ने 37 गेंदों में सर्वाधिक 52 रन बनाए। दूसरे राउंड में दानापुर मंडल की टीम ने 19 ओवर 4 गेंदों में ही 3 विकेट पर 185 रन बनाकर लक्ष्य पार कर लिया। उद्घाटन मैच में दानापुर मंडल की टीम 7 विकेट से विजयी रही। दानापुर मंडल की ओर से केशव कुमार ने 52 गेंदों में सर्वाधिक 82 रन बनाए तथा रोहित राज ने 29 गेंदों में 62 रन की पारी खेली।


मैच के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथिगण।

## लॉन से चोरी हुई बाइक के साथ तीन किशोर गिरफ्तार

**सकलडीहा।** क्षेत्र के डेढ़ावल चैकी स्थित लॉन से तीन दिन पूर्व एक बाइक चोरी हो गयी थी। कोतवाली पुलिस ने चोरी की मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी गयी थी। गुरूवार को दोपहर में चोरी की बाइक सहित तीन किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। कोतवाली पुलिस अन्य चोरी हुई बाइकों की तलाश में जुट गयी है। डेढ़ावल स्थित एक लॉन पर तीन दिन पूर्व मिजार्पुर जनपद के अहरौरा थाना के इमिलिया गांव निवासी रामदहल शादी समारोह में आया हुआ था। लॉन के बाहर पैशन प्रो गाड़ी खड़ाकर शादी समारोह में चला गया था। लौटते समय लॉन के बाहर खड़ी बाइक चोरी होगयी। घटना के बाद पीड़ित की ओर से कोतवाली में बाईक चोरी होने की मुकदमा दर्ज कराया गया था। कोतवाली पुलिस ने रमरेपुर पुलिया के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान तीन किशोर को बाइक के साथ पकड़ा।

## संक्षेप

### चंदौली के प्रशांत ने एकल व टीम स्पर्धा में जीता गोल्ड



**चंदौली।** नेशनल मास्टर्स गेम्स के निशानेबाजी प्रतियोगिता में एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में झारखंड को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों के द्वारा बड़े पैमाने पर पदक जीतने पर लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे है। वाराणसी के विद्यापीठ में विगत 11 से 14 फरवरी तक चले 5वें नेशनल मास्टर गेम्स प्रतियोगिता में 21 राज्यों के ढाई हजार खिलाड़ियों ने शूटिंग, बैडमिंटन, वालीबाल, दौड़, वेटलिफ्टिंग जैसे कुल 14 खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। साथ ही अपने हुनर का जलवा बिखेरने का हर संभव प्रयास किया। परन्तु इसमें 30 से 40 आयु वर्ग दस मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में एकल प्रतिस्पर्धा व टीम प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करके चंदौली के प्रशांत कुमार चौरसिया ने दो स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 400 में से 370 अंक हासिल किया। निशानेबाजों के उपलब्धि पर जनपद के लोग काफी उत्साहित है। प्रशांत ने बताया कि अतिपिछड़े जनपद में खिलाड़ियों के लिए संसाधनों का अभाव है। इसको लेकर अफसरों और जनप्रतिनिधियों को पहल करने की जरूरत है। क्योकि संसाधनों के विकसित होने के बाद ही हम युवाओं की प्रतिभाओं को निखार सकेंगे।

### मन्दिर में चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने चोर को दौड़ाया

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैलावर चैकी अंतर्गत पक्खोपुर में मां काली मन्दिर में बुधवार की रात चोरों ने मन्दिर में घुसकर चोरी का प्रयास किया। किन्तु ग्रामीणों की सक्रियता से चोर भाग खड़े हुए। चार दिन पूर्व चोरों ने इसी मन्दिर से ताला तोड़कर 15 हजार का साउंड बॉक्स उठा ले गये थे। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने के बाद भी पुलिस मन्दिर पर हाल चाल लेने नहीं गयी। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है। कैलावर पुलिस चैकी अंतर्गत पक्खोपुर में मां काली का मन्दिर है। बुधवार रात चोरों ने मन्दिर में घुसकर ताला तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच ग्रामीणों ने चोरों को देख हो हल्ला मचाने लगे। रात्रि में चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया किन्तु अंधेरे का फायदा उठाकर चोर फरार हो गये। 12 फरवरी की रात्रि में चोरों ने इसी मन्दिर का ताला तोड़कर अंदर रखे 15 हजार का साउंड व मशीन गायब कर दिया था। ग्रामीणों ने कैलावर पुलिस चैकी पर इसकी लिखित तहरीर दिया था, किन्तु मन्दिर में एक दिन भी पुलिस पूछताछ करने भी नहीं गयी। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार आस्था को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे है। आस्था से जुड़ी मन्दिर में चोरी होने पर एक दिन भी चैकी इंचार्ज नहीं आये। विगत कई महीनों से यहाँ जमे हुए है।

### भाजपाइयों ने मटकुट्टा में किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**चंदौली।** क्षेत्र के मटकुट्टा रेलवे उपरगामी सेतु लोकार्पण कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण जिलाध्यक्ष भाजपा अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपाइयों ने किया। कार्यक्रम में रेलवे उपरगामी सेतु का लोकार्पण सहित छह उपरगामी सेतु का शिलायंस 17 फरवरी को केंद्रीय मंत्री व सांसद चंदौली डॉ महेंद्रनाथ पांडेय के हाथों से किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि इस उपरगामी सेतु का क्षेत्रों को अत्यंत जरूरी था जो आज के बाद मंत्री के प्रयास से सफल हो रहा है। मंत्री के नेतृत्व में चंदौली विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस दौरान राणा प्रताप सिंह, शिवराज सिंह, अभिमन्यु सिंह, शिव शंकर पटेल, संजय पाण्डेय, कुंजबिहारी पांडेय, जैनेन्द्र राम सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### जन-जन तक पहुंचेगा विकास का प्रकाश : रमेश जायसवाल



**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के जरखोर में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से सड़क का स्थानीय ग्रामीणों से शिलान्यास का शिलान्यास कराया। इससे गदगद ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार कोई ऐसा विधायक आया है जो स्वयं सड़कों का शिलान्यास ना कर स्थानीय बुजुर्गों से करवा रहा है यह हम सभी गांववासियों का सम्मान है। इसी कड़ी में विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दूंगा चाहे। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल करने का प्रयास किया जा रहा है। धान खरीद में पारदर्शिता व सुगमता के साथ गेहूं की फसलों की सिंचाई को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। जनता की जो भी मांग होगी उसके अनुरूप विकास कार्यों को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा, ताकि जन-जन तक विकास का प्रकाश पहुंच सके। इस अवसर पर जरखोर ग्राम प्रधान अजय सिंह, अशोक सिंह, सुनील चौहान, संजय कन्नौजिया उपस्थित रहे।

### रेलवे क्वार्टर में नकदी सहित लाखों की चोरी



**डीडीयू नगर।** कोतवाली अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी स्थित रेलवे क्वार्टर निवासी कामेश्वरनाथ तिवारी के घर से बुधवार की रात हौसला बुलंद चोरों ने नकदी सहित लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार रेलवे क्वार्टर निवासी कामेश्वरनाथ तिवारी अपने भतीजे के शादी में गांव गए हुए थे जिसका फायदा उठाकर चोर घर के पीछे लगे खिड़की को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। जब भुक्तभोगी शादी संपन्न कर लौटे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। इस बाबत भुक्तभोगी ने बताया कि अलमारी में लगभग 50 हजार नगद, दो सोने का झुमका, तीन जोड़ा पायल व 10 जोड़ा बिछिया चोर अपने साथ ले गए। वह इसकी सूचना भुक्तभोगी द्वारा थाने में दे दी गई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### ग्रामीण क्षेत्र में अनुमति लेकर कर सकते हैं नीलगाय का शिकार

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में वनरोज एवं जंगली सुअरो द्वारा कृषकों के फसलों को क्षति होने से रोकने हेतु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान वनरोज (नीलगाय) एवम जंगली सुअरो के नियमानुसार उनमूलन हेतु पीड़ित कृषकों के आवेदन पत्र कृषि अधिकारी के माध्यम से एकत्रित करा कर खण्ड विकास अधिकारी या वन क्षेत्राधिकारी को प्रस्तुत किये जाने के सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया। वनाधिकारी दिनेश सिंह द्वारा बताया गया कि इच्छुक व्यक्ति जिनके पास लाइसेंसी रायफल अथवा 12 बोर बंदूक होगा उनको परमिशन दिया जाएगा। इनका शिकार वन क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेगा। इनका शिकार ग्रामीण क्षेत्रों में ही किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जिनके पास लाइसेंसी राइफल या बंदूक हो ऐसे पात्र व्यक्ति जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से वनरोज व जंगली सूअर से अपने खेत खलिहान को मुक्त कराने व फसलों की सुरक्षा हेतु आवेदन कर सकते है। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक करते डीडीओ।

# स्पोर्ट्स

### चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्बोरान और यासुताका

चेन्नई। अमेरिका के निकोलस मोरेनो डी अल्बोरान ने यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल के एकल मुकाबले में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चुन सीन सेंग को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में जापान के यासुताका उचियामा ने भी डालीबोर स्वर्सिना को 6-1, 6-7 (10), 6-4 से क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया। ऑस्ट्रेलिया के डेन स्वीनी ने क्वालीफायर जेम्स मैककेबे को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं युगल में भारत के सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद की जोड़ी ने यू सिओ सू और क्रिस्टोफर रुंगकट पर जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। वहीं रामकुमार रामनाथन और विष्णु वर्धन की जोड़ी को कोरिया के जी सुंग नाम और मिन क्यू सोंग के हाथों हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मुकाबले में जीवन नेदुनचेजियान और श्रीराम बालाजी की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने फ्रेडरिक फरेरा सिल्वा और डी अल्बोरान को 6-4,7-5 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

## दूसरा टेस्ट आज से : जीत की दावेदार है टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से यहां शुरू होगा। भारतीय टीम इस मैच में जीत के साथ ही सीरीज में अपनी बढ़त को बढ़ना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच को जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। पहले मैच में भारतीय टीम ने एक पारी और 132 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं दूसरे ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम भी पहले टेस्ट की हार से उबर कर इस मैच में उतरेगी। वहीं अगर आंकडों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में हावी रहेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के पिछले चार साल के भारत दौरों पर नजर डाली जाए तो उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा है। गत 14 साल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे पर 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें उसे केवल एक मैच में जीत मिली। वह भी साल 2016-17 में उसे पुणे टेस्ट में जीत मिली थी। उसके बाद से ही उसे भारत में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। साल 2008-9 से लेकर 2017-18 के बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम भारतीय धरती पर लगातार चार टेस्ट सीरीज हारी है। भारतीय टीम की चिंता सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का खराब फार्म है। वह पहले टेस्ट में रन नहीं बना पाये थे। इसके बाद भी भारतीय टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अपने करियर का 100वां टेस्ट खेलेंगे। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ दें तो अन्य बल्लेबाज शुरूआती टेस्ट में रन नहीं बना पाये। ऐसे में अन्य बल्लेबाजों को भी दूसरे टेस्ट में रन बनाने होंगे। । राहुल के अलावा विराट कोहली भी पहले टेस्ट में नाकाम रहे थे। इसलिये कोहली इस बार नाथन लियोन और टॉड मर्फी का कैस सामना करते हैं यह देखना होगा। नागपुर में ऑस्ट्रेलियाई टीम को समेटने का काम अक्षर पटेल और जडेजा की जोड़ी ने किया था। कोटला की पिच जामथा की तुलना में थोड़ी धीमी हो सकती है जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रक्षात्मक होने के साथ बीच में आक्रामकता भी दिखानी होगी। वहीं अय्यर ने पीठ के निचले हिस्से में चोट के बाद अपना रिहैब पूरा कर लिया है और मौजूदा टीम प्रबंधन के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होने से पहले अच्छा प्रदर्शन कर रहा था तो उसे अंतिम एकादश में अपनी जगह वापस मिल जाएगी। बल्कि द्रविड़ ने कहा था, अगर अय्यर पांच दिवसीय टेस्ट का कार्यभार संभाल लेते हैं तो वह टीम में शामिल हो सकते हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव के मामले में अय्यर की जगह शामिल करने से कहीं ज्यादा भारत उन्हें मध्य क्रम में खिलाना चाहता है क्योंकि कोना भरत अच्छे विकेटकीपर हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। मैदान में एक तरफ छोटी बाउंड्री है ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कप्तान पैट कमिंस नाथन लियोन को गेंदबाजी कराने में सतर्क रहेंगे क्योंकि लेग साइड की बाउंड्री मुश्किल से 60 मीटर होगी। ऑस्ट्रेलियई टीम मैट कुहनेमैन के रूप में एक अतिरिक्त बाएं हाथ का स्पिनर लाने के बाद यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या आस्ट्रेलिया तीन स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है या नहीं। मिचेल स्टार्क अगर फिट होते हैं तो स्कॉट बोलैंड की जगह शामिल किये जा सकते हैं।

**भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), रविचंद्रन अश्विन, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, विराट कोहली, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल, उमेश यादव सूर्यकुमार यादव
**ऑस्ट्रेलियाई टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), एश्टन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैथ्यू कुहनमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, लांस मौरिस, टॉड मर्फी, मैट रेनेशॉ, मिचेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर।

## पुजारा ने दशक में कई अहम पारियां खेलीं : द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना 100वें टेस्ट मैच खेलेंगे। द्रविड के अनुसार पिछले एक दशक में पुजारा ने इस लंबे प्रारूप में कई अहम पारियों खेली हैं और हमें उम्मीद है कि ये सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। इस बल्लेबाजी ने साल 2010 में अपना पहला टेस्ट खेला था। उसके बाद से ही उन्होंने अबतक 99 टेस्ट मैच खेलते हुए 44.1 की औसत से 7021 रन बनाये हैं। द्रविड़ ने कहा, ह्यह्ययह एक क्रिकेटर के लिये सौवां टेस्ट खेलना बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इसके लिये आपके पास अच्छी प्रतिभा होनी चाहिये। 100 टेस्ट मैच खेलना बहुत कुछ दिखाता है। यह आपकी श्रेष्ठता, फिटनेस मजबूती, उतार-चढ़ाव को सहने की क्षमता आदि दिखाता है। जब आप 100 टेस्ट खेलते हैं तो यह तय है कि करियर में उतार-चढ़ाव भी आये होंगे। आपको जीत-हार का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही कई तरह की गेंदबाजी भी देखनी होती है। उन्होंने कहा, वह टीम के बड़े ही चहेते खिलाड़ी हैं। हम सबको खुशी होती है कि वह 100 टेस्ट मैच खेले हैं। उम्मीद है कि वह आगे भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे, जैसा कि वह करते आये हैं। अगर आप पिछले 10-15 सालों में देखें तो पुजारा ने कई ऐसी महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं जिससे भारत को मैच में और कई शृंखलाओं में जीत मिली है।

## युवती ने गंगा में लगाई छलांग पुलिस सक्रियता से बची जान

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के तीरगांवा पुल पर गुरुवार की दोपहर में राजापुर माहपुर की रहने वाली युवती कुमारी श्वेता ने गंगा में छलांग लगा दी। पुल पर सैदपुर कोतवाली के दो सिपाहियों ने तत्काल नाव व गोताखोर की मदद से युवती की जान बचायी।

परिजनों ने सिपाहियों को धन्यबाद दिया। बताते हैं कि गाजीपुर जनपद के सैदपुर कोतवाली अंतर्गत राजापुर माहपुर की रहने वाली कुमारी श्वेता दोपहर में अपनी स्कूटी बलुआ थाना क्षेत्र के तीरगांवा पुल पर खड़ा करके गंगा में छलांग लगा दी। पुल पर बलुआ-सैदपुर बार्डर पर तैनात हेड कांस्टेबल केशव निषाद व कृपाशंकर सिंह नजारा देख तत्काल सक्रियता दिखाते हुए नावों को गोताखोर के साथ उतारा। कुछ ही देर में लड़की को सकुशल निकालकर परिजनों को सौंप दिया और उसे उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल ले गए। सिपाहियों की सक्रियता से जान बचाने पर परिजनों ने धन्यबाद दिया।



टेम्पो में बैठाकर युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाती पुलिस।

### एनएसएस कैंप के समापन पर जागरूकता रैली

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। सातवें दिवस के शिविर के अंतर्गत सर्वप्रथम शिविर स्थल पर, स्वच्छता कार्य, योगाभ्यास एवं लक्ष्य जीत के अभ्यास के पश्चात सभी स्वयंसेविका विश्वविद्यालय परिसर पर प्रशासनिक भवन पहुंची तत्पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली निकाली। रैली मुख्यतः सुरक्षा स्वच्छता, जी-20, पर्यावरण संचेतना, राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर केंद्रित रही। रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में स्वयं सेविकाओं की रैली मानविकी संकाय होते हुए भारत माता मंदिर परिसर तक गई जहां रैली के समापन पर कुलानुशासक द्वारा स्वयं सेविकाओं के संबोधित करते हुए उन्हें सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने व आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

## पीएचसी शहाबगंज में जमा मलबे से हो रही परेशानी



**शहाबगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में जमा मलबा नसबंदी शिविर में आने वाली महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी निलेश मालवीय ने ठेकेदार को मलबा हटाने के लिए शिकायत भी दर्ज कराया। वाबजूद मलबा नहीं हटाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी निकासी के लिए सीवर का निर्माण क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया गया। कार्य कराने की जिम्मेदारी ठेकेदार संतोष सिंह को दिया गया। ठेकेदार ने सीवर का निर्माण कार्य सम्पन्न करा दिया। निर्माण करने के दौरान बड़े पैमाने पर मलबा निकला, लेकिन निर्माण कार्य 15 दिन पूर्व पूर्ण हो गया। ठेकेदार ने मलबा हटाने में रुचि नहीं दिखाई, जबकि प्रत्येक गुरुवार को दर्जनों की संख्या में आए महिलाओं का नसबंदी का कार्य सम्पन्न होता है। वहीं नसबंदी से पूर्व व बाद में आराम करने के लिए चारपाई लगाई जाती है। ऐसी दशा में दूरदराज से आने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं एम्बुलेंस को आने जाने में भी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.निलेश मालवीय ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ठेकेदार को कबाड़ हटाने ले कहा गया। लेकिन अभी तक कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई।

## बॉलीवुड न्यूज

### गुम है किसी के प्यार में कलाकारों ने सेट पर मनाया जश्न



**मुंबई।** स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में ने अपने ट्विस्ट और टर्न से दर्शकों को भरपूर एंटरटेन किया है। इस शो में नील भट्ट और आयशा सिंह प्रोटोगोनिस्ट के रोल में हैं, वहीं ऐश्वर्या शर्मा सेकेंड लीड एक्ट्रेस हैं। इस शो को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। शो के आयशा सिंह और नील भट्ट टॉप पांच ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक हैं। हाल ही में इस शो के दो साल पूरे हुए है। इस खास मौके पर सीरियल के सेट्स एक सेलिब्रेशन हुई जहां सीरियल की कास्ट और क्रू से लेकर प्रोडेयूसर्स और डायरेक्टर्स तक सभी मौजूद नजर आए। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोगों को इस रोमांचकारी सफर का हिस्सा बनने के लिए रिवॉर्ड दिया गया जिसमें स्पॉट बॉय से लेकर लाइटमैन, कैमरा क्रू और शो के लीड एक्टर्स समेत निमार्ता या निर्देशक सब शामिल रहें। वहीं सीरियल में एसीपी विराट की भूमिका निभाने वाले अभिनेता नील भट्ट ने शो में अब तक के अपने सफर का आपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दो सालों से गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं। यह शो उन सभी की मदद के बिना संभव नहीं होता, जिन्होंने इस पर काम किया हैं। जब भी अच्छे लोग एक साथ आते हैं, तो रिजल्ट भी अच्छा ही होता है। गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनना एक रोलरकोस्टर राइड रही है। मैंने ये कॉन्ट्रैक्ट 17 मार्च 2020 को कोविड से ठीक पहले साइन किया था और 19 मार्च को लॉकडाउन की घोषणा की गई थी। मेरे मन में इसे लेकर संदेह आ गया था कि क्या यह कभी शुरू हो पाएगा, लेकिन कही न कही मुझे पता था कि कुछ चमत्कार होगा। आखिरकार, जुलाई में मैंने फिर से कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और शो शुरू हो गया। इतने लंबे इंतजार के बावजूद यह इसके लायक था। इस सफर का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात है, और मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया है।

### कुणाल खेमू की पहली फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** कुणाल खेमू जल्दी ही एक्सेल एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित 'मडगांव एक्सप्रेस' के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग हाल में पुरी हो चुकी है जिसे लगभग एक साल के भीतर ही शूट किया गया है। वैसे एक्सेल एंटरटेनमेंट ने दशकों से अपनी दिलचस्प कहानियों के साथ बार बार नए स्टैंडर्ड सेट किया है। अब कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी उनकी फिल्म 'मडगाँव एक्सप्रेस' के साथ उन्होंने लोगों की एक्साटइमेंट लेवल को बढ़ा दिया है। इसकी जानकारी कुणाल खेमू ने अपने सोशल मीडिया पर देते हुए फिल्म की कास्ट, क्रू और इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले बाकी के टीम मेंबर्स की कुछ तस्वीरें शेयर की। 'मडगांव एक्सप्रेस' सिनेमा इंडस्ट्री के कुछ सबसे पावरफुल परफॉर्मरों को एक साथ पेश करती है। इसके साथ ही इसका दिलचस्प टाइटाल ने पहले ही प्रत्याशा को एक लेवल और बढ़ा दिया है और दर्शक फिल्म देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं।बता दें, फरहान अख्तर ने 2001 में दिल चाहता है के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत की थीं। इसके अलावा, जोया अख्तर ने 2009 में लक बाय चांस के साथ अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू किया और अब कुणाल खेमू इसी राह पर चलते हुए एक्सेल के साथ अपने निर्देशन की शानदार शुरूआत करने के लिए तैयारी है। एक्सेल एंटरटेनमेंट, जिसकी सह-स्थापना फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने की थी, ने जेडएमडी, दिल चाहता है, डॉन, डॉन 2 जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को एंटरटेन किया है। फिलहाल प्रोडक्शन हाउस सबसे बहुप्रतीक्षित जी ले जरा के लिए कमर कस रहा है।



## समाज से जुड़ेंगे कैदी, बनेंगे हुनरमंद

**कवायद**

### जिला कारागार में बंद कैदियों को कौशल विकास मिशन के जरिये प्रशिक्षण देने की तैयारी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद के जिला जेल में बंद कैदियों को हुनरमंद बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ेंगे। ताकि वह कारागार के मुक्त होने के बाद रोजी-रोजगार के लिए आत्मनिर्भर बन सकें। आरंभिक चरण में वाराणसी और चंदौली के कुल 54 कैदियों का चयन कर उन्हें कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके बनाए उत्पाद जिला जेल के बाहर और विकास भवन में बिक्री के लिए रखेंगे। उससे प्राप्त लाभांश संबंधित कैदियों को देंगे। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को इस बारे में अपने कार्यालय में बैठक कर विचार-विमर्श किया। जिसमें कारागार की कौशल विकास समिति के लोग उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कैदियों को प्रशिक्षण दे रही संस्था नवोदय तकनीकी शिक्षा समिति को हैंड इंब्रायडरी और जन कल्याण सेवा समिति को आईटी सेक्टर के तहत ऐसे कार्यों की ट्रेनिंग देने का सुझाव दिया जिससे कैदी प्रशिक्षण लेकर हुनर को बढ़ाते हुए अपने जीवन में बदलाव ला सकें। साथ ही जब वह रिहा होकर जेल से बाहर आएं तो वह समाज की मुख्य धारा से जुड़कर अपनी आजीविका चलाने में सक्षम हों।

श्री नागपाल ने कहा कि कारागार में बंद कैदियों को ट्रेनिंग के बाद समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सोसाइटी बनाकर कैदियों द्वारा तैयार उत्पाद बिक्री के लिए विकास भवन एवं जिला कारागार के सामने स्टॉल लगाए जाने की जरूरत है। ताकि उन उत्पादों की बिक्री से प्राप्त लाभ का हिस्सा संबंधित कैदियों को रिहा होने जा सके। इसके लिए सीडीओ ने प्रशिक्षण प्रदाताओं को जल्द से जल्द जिला जेल का भ्रमण कर कैदियों की काउंसिलिंग करते हुए इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों का चयन करने के निर्देश दिये।



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को जेल कौशल विकास समिति के साथ मीटिंग की

### काउंसिलिंग कर होगा चयन

जिला कारागार के कैदियों को कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षित करने के बारे में गुरुवार को हुई सीडीओ की बैठक में तय किया गया कि प्रथम चरण में जेल में बंद वाराणसी एवं चंदौली के 54 कैदियों को चयनित तय सेक्टर में ट्रेनिंग दी जाएगी। मीटिंग में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी, जेल अधीक्षक जिला कारागार चौकाघाट, एडीसीपी (सीएडब्ल्यू), जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन अभिषेक सिंह, काउंसलर कम एमआईएस प्रबंधक अमित कुमार श्रीवास्तव आदि रहे।

## आधा दर्जन व्यापार मंडलों का गठन

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल ने अपने अधीन आधा दर्जन से अधिक और व्यापार मंडलों का गठन किया है। सभी व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए शपथ भी दिलायी गयी। अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा की अध्यक्षता में गठित व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने व्यापारियों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया है। जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष शालिनी खन्ना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती शर्मा व महामंत्री गुड़िया केसरी को बनाया गया है। इसी प्रकार, पूर्वांचल महिला ब्यूटी पार्लर व्यापार मंडल की अध्यक्ष स्वाति गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, महामंत्री संजू सिंह व कोषाध्यक्ष श्वेता कटियार, सारनाथ महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष संगीता चौबे, उपाध्यक्ष कंचन गुप्ता व नीरजा त्रिपाठी, महामंत्री सावित्री दुबे व कोषाध्यक्ष दीपा मिश्रा, वाराणसी चौरसिया व्यापार मंडल का अध्यक्ष सुनील व महामंत्री सुजीत चौरसिया तथा पूर्वांचल उद्योग ठेला पटरी व्यापार मंडल का अध्यक्ष नताशा तनेजा, उपाध्यक्ष माया विश्वकर्मा, महामंत्री प्रीति चौरसिया व कोषाध्यक्ष रितिका को बनाया गया है। जबकि पूर्वांचल युवा ठेला पटरी व ई-रिक्शा व्यापार मंडल का अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव व महामंत्री बबलू अग्रहरि, वाराणसी महिला व्यापार मंडल का अध्यक्ष ईशा अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तूलिका सक्सेना, महामंत्री अर्चिता व कोषाध्यक्ष अंकिता जेटली, वाराणसी अल्पसंख्यक महिला व्यापार मंडल का अध्यक्ष सोनी खान, महामंत्री महजबी बानो व कोषाध्यक्ष खुशरंग हीना, नवापुरा व्यापार मंडल का अध्यक्ष राकेश मौर्य, महामंत्री दीपक गुप्ता व कोषाध्यक्ष संजय खन्ना तथा सारनाथ आशापुर व्यापार मंडल का अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, महामंत्री प्रेम यादव व कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मौर्या को बनाया गया है।

## लक्ष्मण आचार्य के राज्यपाल पद की शपथ लेते ही गूंजा हर-हर महादेव

**हर्ष का माहौल**

### रामनगर के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया

**वाराणसी।** अध्यापक से राज्यपाल बने रामनगर निवासी लक्ष्मण आचार्य ने जब गुरुवार को सिक्किम में शपथ लिया तो हर-हर महादेव के नारों से रामनगर गूंज उठा। हर तरफ हर्ष का माहौल देखते ही बना। शैक्षणिक संस्थानों समेत तमाम लोगों ने उनके शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण देखा और मोबाइल में कैद किया। इस अवसर पर लोगों ने चट्टी, चौराहों, बाजारों, शिक्षण संस्थानों, गली, मोहल्लों में मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण आचाय्र ने काशी को भी याद किया। समारोह में काशी से भी लोग पहुंचे थे। इसमें काशी क्षेत्र के महामंत्री अशोक चौरसिया, खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य नागेंद्र सिंह रघुवंशी, दिलीप पटेल, जितेंद्र लालवानी, डॉ. शोभनाथ यादव, अशोक जायसवाल, मधुकर पांडेय, रितेश पाल, आशीष केशरवानी, गौरव सिंह, अंकुर गुप्ता, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य ने सिक्किम की राजधानी गैंगटॉक के राजभवन में जैसे ही राज्यपाल पद की शपथ ली। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। जश्न मनाने वालों में नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, नितेंद्र किशोर पांडेय, पंकज, नंदलाल चौहान, जितेंद्र पांडेय, अनिल सिंह, पंकज चौरसिया, विक्की सिंह, प्रशांत सिंह, संतोष शर्मा आदि थे।



एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते लोग

## संसद में केवल मंदिर-मस्जिद पर बात क्यों

**बोले गौतम मौर्या**

### युवा संसद में नेता पक्ष और विपक्ष में भारतीय मंदिरों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकास पर हुई बहस

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ युवा संसद के जनमंच में ₹भारतीय मंदिरों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकास₹ पर बहस हुई। जनमंच में नेता सदन और नेता प्रतिपक्षों ने अपनी बात रखी। प्रश्नकाल के दौरान नेता सदन सुब्रह्मण्यम स्वामी (अखिल तिवारी) ने कहा कि भारतीय मंदिर केवल आस्था और पूजन अर्चन का स्थान नहीं, वहां पर अतीत काल से ही गुरुकुल पद्धति से शिक्षा और दीक्षा दी जाती रही है। मंदिरों के विकास होने से आर्थिक विकास होता है। पुराने समय की तरह उत्तर और दक्षिण की सभ्यता और संस्कृति को बढ़ावा देने से ही भारत एक बार फिर विश्व गुरु बन सकता है। वहीं रवि किशन (संकल्प सिंह) ने कहा कि वह भूमि जो प्राचीन विज्ञान का केंद्र है उस भूमि के आगे दुनिया को नतमस्तक होने की जरूरत है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर (आयुष बरनवाल) ने अपने भाषण में कहा कि विदेशों में भारत को एक सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर देखा जाता है। यही कारण है कि 20 में भी हमारा ध्येय वाक्य ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ रखा गया है। बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष कैलाश सत्यार्थी (अभिषेक पांडेय) ने भारतीय मंदिरों को बनाने के बजाए आधुनिक तरीके से बच्चों के लिए स्कूल खोलने और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। हरीश साल्वे (गौरव मिश्रा) ने कहा कि धर्म की परिभाषा में मंदिरों को अच्छे से परिलक्षित नहीं किया गया। हमारे भारतीय संविधान में पंथ निरपेक्ष की बात कही गई है, इसलिए धर्म को पंथ से अलग करें। वहीं हरीश साल्वे ने प्रश्नकाल के दौरान नेता सदन से पूछा कि आप की सरकार काशी को क्योटो बनाना चाहती है। आप अगर क्योटो को देखने काशी में आयेंगे तो काशी को देखने कहा जायेंगे। वहीं फारुख अब्दुल्ला (गौतम मौर्या)ने कहा कि संसद में केवल मंदिर मस्जिद की ही बात क्यों करनी पड़ती है। अगर आपके मंदिर में इतनी सुख शांति मिलती है तो फिर भारत का हैपिनेस इंडेक्स लेवल 36 वां स्थान पर क्यों है? उन्होंने कहा कि आज दलितों को मंदिर से बाहर क्यों फेंका जाता है। जब भारत पंथ निरपेक्ष राज्य है तो बाकी लोग कैसे छूट जा रहे हैं? देवेंद्र फणनवीस ने कहा कि आज मंदिरों का विकास करने से पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। लोग दुनिया के कोने कोने से मंदिरों और स्तूपो को देखने के लिए आते हैं। अगर मंदिरों में पर्यटन बढ़ता है तो आर्थिक विकास भी होता है। अंत में कैलाश सत्यार्थी (अभिषेक पांडेय) के निवेदन करने पर सदन को कल तक के लिए स्थगित किया गया। सदन के सभापति आदर्श चौधरी, उप सभापति जय बैरंगी और राजनीतिक सलाहकार आराध्य शर्मा के नेतृत्व में जनमंच (सदन) को शुक्रवार 9:30 बजे फिर से शुरू करने का आदेश दिया गया।



### छह सदनों में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

काशी विद्यापीठ में आयोजित दो दिवसीय युवा संसद के पहले दिन छह सदनों में अन्य-अन्य मुद्दों पर चर्चाएं हुईं। जिनमें विधानसभा में राज्य सरकार के छह वर्षों के कार्यकाल का विश्लेषण, ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टिज मीट में जम्मू-कश्मीर को राज्य की मान्यता पर विश्लेषण, जनमंच में सदन का मुद्दा रहा भारत में मंदिरों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकास, प्रेस कमिशन में प्रथम व द्वितीय प्रेस आयोग के मद्देनजर भारत में मीडिया की स्वायत्तता, दी नेशनल प्रेस में पत्रकारिता और फोटोग्राफी के मुद्दे पर चर्चा हुई।

# मुबशिर व सौम्या चुने गए कक्षा प्रतिनिधि

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग के आईबीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में एमबीए (फाइनेंस एंड कण्ट्रोल) के प्रथम वर्ष के लिए कक्षा प्रतिनिधि के चयन हेतु विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवीन कौशल तथा बदलते वैश्विक परिवेश में प्रतिस्पर्धात्मक गुणों का संचार करना भी था।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसमें सौम्या सिंह, साक्षी मौर्या, विवेक सिंह, विकास पांडेय, शुभम उपाध्याय, नितेश मिश्रा, किशन मिश्रा, मो. सैयद मुबशिर मेंहदी तथा नागेन्द्र यादव समेत विभाग के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान, विश्वविद्यालय से सम्बंधित जानकारी, भाषण, वाद-विवाद, क्विज, रैपिड फायर व बहु विकल्पीय प्रश्न जैसे विधाओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही छात्रों की उपस्थिति एवं सेशनल टेस्ट के अंक को अंतिम



निर्णय में शामिल किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक भूमिका में श्री सुशील कुमार तथा अबू सालेह रहे। सर्वोच्च अंक पाकर मुबशिर तथा सौम्या अगले दो वर्षों के लिए कक्षा प्रतिनिधि चुनीं गई। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ॰ आलोक गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में स्पर्धात्मक मानसिकता का विकास करना तथा उन्हें बाजार में अपने आप को समयानुकूल गुणों का सृजन करना है। उन्होंने चुने गए प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि कक्षा प्रतिनिधि के चयन में प्रतिभाग करने के लिए सभी छात्रों का धन्यवाद किया। विभाग के शिक्षक सुशील कुमार ने कहा कि कक्षा प्रतिनिधि छात्रों और शिक्षकों के बीच में एक पुल का काम करता है। दोनों वर्गों में सूचनाओं के सम्प्रेषण का माध्यम होता है। इससे इतर छात्र छात्राओं को प्रतिनिधित्व प्रदान करना होता है। संकाय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ इंद्रेश कुमार ने चुने गए प्रतिनिधि को बधाई तथा छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी छात्रों को इस तरह के कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए जिससे उनके वैचारिक एवं व्यवहारिक गुणों में परिपक्वता आती है। संकायाध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी ने भी चुने गये कक्षा प्रतिनिधयों को बधाई दी। कार्क्रम का संचालन विभाग के छात्र ऋचा पाण्डेय तथा विशाल अग्रहरी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शुभम गुप्ता ने किया।

# नैनो टेक्नोलॉजी के शोध को जनमानस में लाने की जरूरत : सुजीत चौरसिया

**उपलब्धि**

**पीयू का प्रतिनिधिमंडल गुरु नानक कॉलेज चेन्नई पहुंचा**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. मानस पांडेय के नेतृत्व में चेन्नई के गुरु नानक ऑटोनोमस कॉलेज में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत इंटर इंस्टीट्यूशनल अकैडमिक एंड अडमिनिस्ट्रेव क्वालिटी इंप्रूवमेंट कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इसमें गुरु नानक कॉलेज के एनसीसी, एनएसएस एनवायरमेंट क्लब स्टूडेंट काउंसिल के बच्चों ने स्वागत किया।

इसके उपरांत उद्घाटन सत्र में प्रो. मानस पांडे ने वीर बहादुर सिंह




पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी की उपलब्धियों और अपने विश्वविद्यालय की विशिष्ट कार्यक्षेत्र शोध एवं डिस्टिंक्टिवेनेस के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया। इसके बाद गुरु नानक कॉलेज की प्रिंसिपल एवं वाइस प्रिंसिपल नोडल ऑफिसर डॉ. डॉली ने सभी प्रकार की उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण किया। डॉ. मनोज पाण्डे ने दोनों संस्थाओं के बीच एमओयू के तहत किये गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत तकनीकी सत्र में पुनीत कुमार धवन के द्वारा नैक क्राइटेरिया एक प्रस्तुतीकरण किया गया। एसएसआर कैसे हमें तैयार करना है, इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तदोपरांत डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा क्राइटेरिया दो से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। क्रैटेरिया तीन के लिए प्रो. प्रदीप कुमार द्वारा क्रैटेरिया 3 की एसएसआर प्रगति के विषय में गहन चर्चा की। मानस पांडे ने शोध एवं उसकी गुणवत्ता पर चर्चा किया। सुजीत कुमार चौरसिया ने कहा कि नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संभावनाएं हैं और कैसे हम उसको अपने शोध के द्वारा जनमानस के उपयोग में लाया जाए उस पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल में प्रो. मानस पांडे, प्रो. प्रो प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. गिरधर मिश्र, डा. पुनीत धवन आलोक कुमार वर्मा, सुजीत कुमार चौरसिया सहित 10 लोग पूर्वांचल विश्वविद्यालय से एवं मनजीत सिंह नायक जनरल सेक्रेटरी गुरु नानक कॉलेज, डॉ. स्वाति पालीवाल आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर गुरु नानक कॉलेज, प्रिंसिपल एमजी रघुनाथन सावित्री स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया तहसील व अस्पताल का निरीक्षण

**दिया निर्देश**

**अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश, तहसील में मची खलबली**

**अधिवक्ताओं से मिलकर सुनी समस्या अधिवक्ताओं ने तहसील में जर्जर भवन व भ्रष्टाचार का उठाया मुद्दा**

**मछलीशहर।** जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने तहसील व अस्पताल का औचक निरीक्षण करने के उपरान्त आवश्यक दिशा निर्देश दिया वहीं अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही का भी निर्देश दिया। उनके निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में खलबली मची रही। अधिवक्ताओं से मिलकर तहसील की समस्याओं से अवगत हुये। अधिवक्ताओं ने तहसील में जर्जर भवन व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

प्रभारी मंत्री सबसे पहले उपजिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचे। कोई कर्मचारी पटल पर उपस्थित न देख तहसीलदार मूसा राम को कार्यवाही का



निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया परीक्षा केंद्र निरीक्षण कार्य में व्यस्त रहने के कारण तहसील में नहीं मिले। सभी न्यायालयों, कार्यालयों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का फोटो लगाने का निर्देश दिये। इसके बाद नायब तहसीलदार सुजानगंज, मुंगरा व कस्बा के न्यायालय में बाहरी कर्मचारी देख विफर गये। उपस्थित पंजिका देखे तो दस में चार कर्मचारी पूरी फरवरी अनुपस्थित रहे। अधिकांश कर्मचारी कार्यालय से नदारत रहे। कार्यवाही का निर्देश दिया। अधिवक्ताओं से मिलकर उनकी समस्या सुनी। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र मणि शुक्ला सहित सभी अधिवक्ताओं ने तहसील के जर्जर भवन व तहसील में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल द्वारा पैमाइश व अन्य कार्य के लिये अवैध धन वसूली का आरोप लगाया तो एसडीएम को कार्यवाही का निर्देश दिया। इस अवसर पर एमएलसी प्रिंन्शु सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह आदि उपस्थित थे।

इसी क्रम में प्रभारी मंत्री दस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच सर्वप्रथम मरीजों के पंजीकरण रजिस्टर चेक किया। इसके बाद दवाइयों की मौजूदगी की जानकारी ले रहे थे तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. विशाल यादव पहुंच गए। प्रभारी मंत्री उन्हें लेकर इमरजेंसी वार्ड में गए जहाँ इमरजेंसी का तैनात कोई भी कर्मचारी या चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने अधीक्षक से इमरजेंसी रजिस्टर मांगा किन्तु काफी समय तक उपलब्ध नहीं हो सका। वह एमलसी बृजेश सिंह को रजिस्टर चेक कर आने को कहा और वे वहाँ से कोरोना वार्ड चेक करने पहुंचे जहां दो कर्मचारी मौजूद मिले जबकि एक गायब मिला। इसके बाद उन्होंने चिकित्सक कक्ष का निरीक्षण किया जहां डॉ. अग्रहरि, डॉ. सिद्दीकी, डॉ. स्वतंत्र कुमार मरीज देखते मौजूद मिले। इसके बाद उन्होंने शौचालय दिखवाया जहाँ भारी गंदगी मिली। गंदगी देख मंत्री अधीक्षक के ऊपर विफर पड़े। उन्होंने स्वंय अधीक्षक को शौचालय में जाने को कहा। इसके बाद वह सीएचसी की दूसरे महले पर जाने लगे जहाँ छत पर जमे पेड़ की जड़ को देखकर अधीक्षक से जल्द जल्द हटवाने का निर्देश दिया। दूसरी मंजिल पर आयुष्मान कार्ड का रजिस्ट्रेशन चेक किया। वहाँ गलत ढंग से लगी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति, डॉ. भीमराव अबेडकर की वीडियोग्राफी कराई।

# बच्चों का बेबाकी से जवाब पाकर प्रसन्न हुए प्रभारी मंत्री

**सिकरारा।** चौपाल कार्यक्रम में पहुंचने से पहले प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने सबसे पहले वहाँ बने डिस्कवरी लैब पहुंचे। वहां स्थापित उपकरण के बारे में बच्चों से जानकारी ली। बच्चों से उपकरणों के बारे में बेबाकी से जानकारी प्राप्त करने पर प्रभारी मंत्री काफी प्रसन्न हुए। लैब में रखे उपकरण दिन रात के बारे में कक्षा पांच की छात्रा स्मिता वर्मा से सवाल पूछा तो उसने बेवाकी से जबाब दिया। कक्षा 5 की छात्रा से ज्वालामुखी के बारे में पूछने पर उसने विस्तार पूर्वक जवाब दिया। इसके साथ ही टेलिस्कोप, माइक्रासकोप, सौरमंडल के बारे में भी सवाल पूछा तो बच्चों ने विधिवत जबाब दिया। प्रधानाध्यापक अमित सिंह से लैब, स्मार्ट क्लास व सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद कक्षा एक के कक्ष में जाकर बच्चों से भी सवाल

**निरीक्षण**

**डिस्कवरी लैब में स्थापित उपकरण के बारे में बच्चों से ली जानकारी**



पूछा। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमित सिंह द्वारा प्रभारी मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, बीइओ आनंद सिंह, एआरपी सुशील उपाध्याय, धीरू सिंह, सुनील यादव मम्मन, अनुपम श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी का संदेश वितरित करते अजय राय

# इंसानियत को शर्मसार करने वाली है कानपुर की घटना : अजय राय

**जौनपुर।** सुजानगंज ब्लॉक में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जनसम्पर्क कर राहुल गाँधी के सन्देश पत्र व बीजेपी सरकार की विफलता का पत्र लोगों को वितरित किया गया।

**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत वितरित किया राहुल गांधी का संदेश**

लोगों को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहाकि प्रदेश व केन्द्र सरकार सिर्फ जुमलेबाजी में आम जनता को गुमराह कर रही है। कानपुर की घटना इन्सानियत को शर्मसार कर रही है। गरीब परिवार पर बुलडोजर की कार्यवाही सत्ता की मंशा को दर्शाता है। दीक्षित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हम कांग्रेस जन सड़क से सदन तक आवाज उठायेंगे। इस अवसर पर पूर्व लोक सभा प्रत्याशी देव व्रत मिश्रा ने कहा की जनपद के सभी गाँव तक राहुल के सन्देश को पहुंचाने का कार्य सभी कार्यकर्ता करें। आने वाला दिन कांग्रेस का है। लोकसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार जरूर बनेगी। हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में प्रदेश सचिव बिजेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज, राकेश उपाध्याय, शेर बहादुर सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# कुत्तों के हमले से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कोठारी गांव में बुधवार को देर शाम एक राष्ट्रीय पक्षी मोर कुत्तों के हमले से घायल हो गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायल मोर को पानी पिलाने के बाद चिकित्सक को बुलाकर प्राथमिक उपचार कराया और वन विभाग को सूचना दिए। बता दें कि उक्त गांव में राष्ट्रीय पक्षी मोर पेड़ पर बैठा था और अचानक नीचे गिर पड़ा। जिसके बाद आवारा कुत्तों ने मोर को घायल कर दिया। जिसे देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राष्ट्रीय पक्षी मोर को उठाया। पानी पिलाने के बाद चिकित्सक और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिकित्सक मौके पर पहुंचे और उसका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद जब ग्रामीणों ने वन विभाग को दूरभाष से सूचना दिया तो वन विभाग के कर्मचारी शाम को गांव में आना उचित नहीं समझा। इतना ही नहीं वन विभाग के गैर जिम्मेदारना रवैया दिखाते हुए ग्रामीणों से कहा कि आप लोग मोर का देखभाल करते रहें सुबह

**लापरवाही**

**सूचना के बाद भी रात भर नहीं पहुंचे वनकर्मी**



कुत्ते के हमले से घायल मोर

आऊंगा जिसे सुनकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं लोग वन विभाग के कर्मियों की लापरवाही की चर्चा करते रहे। वन विभाग कर्मी सुबह आने के बाद घायल मोर को अपने साथ लेकर चले गए। इस दौरान लालचंद यादव, रमाशंकर यादव, राजन यादव, राजबहादुर यादव और उमेश बीडीसी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# पार्टी को मजबूत करने के लिए करना होगा आत्मसात

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सीहीपुर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह और विधायक गण रमेश मिश्रा, रमेश सिंह, आरके पटेल, विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर और बृजेश सिंह प्रिंशु ने संयुक्त रूप से पार्टी के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके उपरांत मुख्य अतिथि को जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण पूर्व प्रदेश महामंत्री, पूर्व सांसद और वर्तमान में विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने किया।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने गरीब, किसान और मजदूरों के लिए जन



पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में योगी सरकार से पहले गुंडाराज कायम था, जिसको अब खत्म किया गया है। माफियाओं को जेल पहुंचाकर उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई हो रही है। कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मसात करना होगा तभी हम संगठन के हित में चिंतन कर सकते हैं और यही चिंतन के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम साढ़े आठ साल पूरे हो गये हैं और ये साढ़े आठ साल देश के लिए बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के इस उपलब्धि को चर्चा के माध्यम से

**बैठक**

**केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से किया आह्वान**

घर घर पहुंचाने का आह्वान किया। आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। आभार जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, ई अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, अजय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, विजय लक्ष्मी साहू, महिला आयोग की सदस्य शशि मौर्य, अंजना श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख गण सुनील यादव मम्मन, विनय सिंह, धीरू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सिंद्धार्थ राय, मोर्चा के जिलाध्यक्ष गण नरेन्द्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, अजय सरोज, मेराज हैदर आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप



निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी

### एसपी ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का दिलाया भरोसा

**खेतासराय।** एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा बुधवार की शाम अचानक खेतासराय पहुंचे। पूरे कस्बे का उन्होंने पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। एसपी सायं पौने आठ बजे पुलिस बूथ पर पहुंचे। जहां पहले से सीओ चोब सिंह पुलिस के साथ मौजूद थे। पुलिस बूथ पर पहुंचने पर एसपी कार से उतर गए। यहां से पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण करने लगे। साथ में चल रहे थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की। नगर भ्रमण के बाद वह वापस जौनपुर की तरफ लौट गए। उनके जाने के बाद थानाध्यक्ष ने राहत की सांस ली।

### शाहगंज महोत्सव टला

**शाहगंज।** नगर के रामलीला मैदान पर आगामी छह मार्च को सामूहिक विवाह तथा शाहगंज महोत्सव के आयोजन होना था। फिलहाल वह टल चुका है। विधायक रमेश सिंह ने बताया कि आगामी 6 मार्च को आयोजित शाहगंज महोत्सव एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधानसभा सत्र प्रारम्भ होने के चलते टाल दिया गया है। आगामी तिथि आने वाले दिनों में तय होगा।

### कुत्ता काटने से बालक की हुई मौत

**खुटहन।** क्षेत्र के पटैला गांव में गुरुवार को एक 15 वर्षीय बालक की रैबीज बीमारी से मौत हो गयी। मनहूस खबर सुन स्वजनों में कोहराम मच गया। बताते है कि गॉव निवासी जाबिर अंसारी के छः पुत्र/पुत्रियों में अमान अंसारी सबसे बड़ा था। उसे दो सप्ताह पूर्व में एक कुत्ते ने काट लिया था। परिवार के लोग उसे एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवा रहे थे परंतु, गुरुवार को अचानक अमान की तबियत खराब होने लगी। आनन फानन में स्वजन उसे लेकर अस्पताल गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जवान बेटे की अल्पायु में ही मौत से स्वजनों को गहरा सदमा लगा है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृत बालक अमान अंसारी ग्रामीण विकास इंटर कॉलेज पटेला मखदुमपुर में कक्षा 9 का छात्र था।

### खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे चोर

**गौराबादशाहपुर।** नवागत थानाध्यक्ष को सलामी देते हुए बेखौफ चोरों ने खिड़की के रास्ते ग्रिल काटकर घर में प्रवेश करने के उपरांत घर में रखे लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवरात तथा 65 हजार रुपए नकद रुपए चुराकर चंपत हो गए। घटना के बाद फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बमैंला गांव में बुधवार की रात किसी समय गांव निवासी सैयद गुलाम जमा के घर के पीछे की खिड़की की ग्रिल काटकर चोर घर में प्रवेश कर गए। भुक्तभोगी के अनुसार एक सोने का हार, एक सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठी, चांदी के कई जेवर सहित घर में रखा हुआ 65 हजार रुपए नकद चोर लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को अगले दिन सुबह हो पाई। भुक्तभोगी ने थाने पर तहरीर दी है।

**लाखों के जेवरात सहित 65 हजार रुपये नकद चुराये**

# शिक्षिका माधुरी जायसवाल को मिला ओवर अचीवर अवार्ड

**जौनपुर।** जिले के सिकरारा ब्लाक क्षेत्र के इब्राहिमाबाद कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका माधुरी जायसवाल ने अनेकों बार सम्मान प्राप्त कर सिर्फ क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का गौरव प्रदेश में बढ़ाया है। उनके शिक्षण कौशल से सिर्फ छात्र ही नहीं अभिभावक भी गदगद हैं।

अमेरिकी संस्था सत्यमेव जयते यूएसए जो भारत के सरकारी स्कूल के गरीब बच्चों को आगे लाने के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करके उनकी मदद पिछले कुछ वर्षों से लगातार करती आ रही है जिससे उनका उत्साहवर्धन हो और वो अपना भविष्य संवार सकें तथा इन स्कूलों में अपनी मेहनत, ईमानदारी से गरीब बच्चों का भविष्य संवारने वाले बेहतरीन कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित करती आई हैं जिससे वो और बढ़िया कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकें। संस्था के संस्थापक ओम वर्मा ने कहा कि हमें ऐसे अध्यापकों को आगे लाना चाहिए जो सही अर्थों में सरकारी शिक्षा की बेहतरी के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपोजिट विद्यालय इब्राहिमाबाद की

**सम्मान**

**शिक्षण कौशल के लिए 23 बार किया जा चुका है सम्मानित**

**गदगद हैं इब्राहिमाबाद के छात्र व उनके अभिभावक**



शिक्षिका माधुरी जायसवाल के अद्भुत विज्ञान शिक्षण कौशल को काफी समय से मॉनीटर करने और उनके कार्यों को देखने के उपरांत उनकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए संस्था उन्हें ओवर अचीवर एवार्ड से सम्मानित करते हुए गर्व का अनुभव करती है। माधुरी जायसवाल ने कहा कि शिक्षा देना उनका पेशा नहीं बल्कि पैशन है और वो सदैव इसी प्रकार कार्य करती रहेंगी। बता दें कि उनकी इन्हीं कार्यशैली के चलते अब तक 23 बार सम्मानित किया जा चुका है।

## परीक्षा देने जा रहे छात्र की वाहन के धक्के से मौत


**केराकत।** क्षेत्र के बजरंगनगर कोइलारी मार्ग पर बराभनपुर सोनहवा पोखरा के पास अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी सवार 18 वर्षीय इंटर के छात्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बराभनपुर गांव निवासी 18 वर्षीय लालू सरोज पुत्र कल्लू पड़ोस के 16 वर्षीय आकाश पुत्र रामकुबेर जो प्रथम पाली में भौरा से हाई स्कूल का परीक्षा देकर वापस आया था, के साथ स्कूटी से कोइलारी इंटर की परीक्षा देने दूसरी पाली में जा रहा था कि बिपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से धक्का लग गया जिसमें स्कूटी चालक लालू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तो वही आकाश को हल्की चोटें आई है जिसका इलाज सीएचसी डोभी पर कराया गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई है। अनूप, निम्बी दो भाई व माता सुमित्रा देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

# दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी

**चंदवक।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित भगवान बाराह कोटि तीर्थ धाम परिसर स्थित श्री दुग्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर महाशिवरात्रि के दिन लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी है। साफ सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था अच्छी तरह से की गई है। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान दिया गया है।



गौरतलब हो कि आदिगंगा गोमती तट पर स्थित रामगढ़ गांव में स्थित श्री बाराह कोटि तीर्थ धाम परिसर में स्थित श्री दुग्धेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है तथा इस दिन मेला भी लगता है। श्री दुग्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर की साफ सफाई और सजावट का काम लगभग पूरा हो चुका है। पुजारी पंडित पंकज दास ने बताया कि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस स्थान की महत्ता का प्रसंग पौराणिक आख्यानों में पाया जाता है। द्वापर युग में पांडवों ने अज्ञातवास के समय इस स्थान पर निवास करके मां गोमती, दुग्धेश्वर महादेव, श्रीबाराह जी, हनुमान जी का दर्शन पूजन किया था। महाभारत के वन पर्वत में यह स्थान वर्णित है।

# पात्र लाभार्थियों तक पहुंचायें सरकार की योजनाओं का लाभ : राज्यमंत्री

**चौपाल**

### जन चौपाल में ग्रामवासियों की सुनी समस्या, दी योजनाओं की जानकारी



ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश दिनेश प्रताप सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर, सिकरारा में जन चौपाल का आयोजन करते हुए शासन की मंशा अनुरूप आम जनमानस की समस्याओं को सुना और शासन/प्रशासन द्वारा आम जनमानस के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को (मनरेगा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से समाज के सभी वर्ग के लिए प्रमुख योजनाएं शुरू की गई है जिसका लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। राज्यमंत्री द्वारा चौपाल में उपस्थित समस्त

अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को अवश्य उपलब्ध कराएं और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें। इस दौरान राज्यमंत्री द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और सरोज, प्रीति, नगीना यादव की गोदभराई की और बच्चों (अनिरुद्ध मिश्रा और मानसी) का अन्नप्राशन कराते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी द्वारा बनाए गए भोज्य पदार्थों को चखा और प्रभारी सीडीपीओ नाहिद खान सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि आंगनबाडी द्वारा 6 माह तक के बच्चो को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जा रहा है। चौपाल में एमएलसी बृजेश सिंह (प्रिंशु), भाजपा अध्यक्ष जौनपुर पुष्पराज सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर माज अख्तर, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, अध्यापक अमित सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्रों का एसडीएम और सीओ ने किया औचक निरीक्षण



**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** यूपी बोर्ड की परीक्षा की जाँच पड़ताल करने उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा और क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने विभिन्न कॉलेजो में जाकर निरीक्षण किया।

उन्होंनें नालदेव कुलदेव इंटर कॉलेज बेलांव, राजाराम इंटर कॉलेज तरियारी, भारत भारती साधना पीठ इंटर कॉलेज पतौरा, शिराजे हिंद इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान साथ अन्य विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहाकि ड्यूटी में लगाए गए सभी कार्मिकों के गले में आई कार्ड जरूर होना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए।

इस दौरान उपजिलाकारी ने और क्षेत्राधिकारी ने सीसीटीवी रूम में जाकर देखा और सभी विद्यालय के अध्यापक को दिशा आवश्यक निर्देश दिया।

## संक्षेप

### डीएम ने लिया बोर्ड परीक्षाओं का जायजा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के साथ गुरूवार से प्रारम्भ यूपी बोर्ड परीक्षा का विभिन्न कॉलेजों में जाकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टीडी इंटर कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि ड्यूटी लगाए गए सभी कार्मिको के गले में आई कार्ड अवश्य होना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कक्ष में जाकर देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**चंदवक।** क्षेत्र के बजरंगनगर कोइलारी मार्ग पर बराभनपुर सोनहवा पोखरा के पास स्विफ्ट डिजायर कार के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गईं वहीं दूसरा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि बराभनपुर गांव निवासी लालू सरोज (18) पुत्र कल्लू परीक्षा देने आकाश (16) के साथ बाइक से इंटर कॉलेज कोइलारी जा रहा था। बराभनपुर सोनहवा पोखरा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार से धक्का लग गया जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी ले गए जहां डॉक्टरों ने लालू को मृत घोषित कर दिया। आकाश का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन लेकर चालक फरार हो गया।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख नाटे यादव की हार्ट अटैक से मौत

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के बदलापुर गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबूराम यादव उर्फ नाटे यादव की बुधवार की देर शाम को हार्ट अटैक से मौत हो गयी वे 72 वर्ष के थे। उनका कुछ दिन पूर्व दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हार्ट की सर्जरी हुई थी। वे तीन बार सिरकोनी ब्लॉक के प्रमुख रहे। बुधवार की शाम को अपराह्न उनको हार्ट अटैक आ गया। परिवार के लोग उन्हें लेकर तत्काल वाराणसी के एक निजी अस्पताल में गए। वहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुआ। उनकी मौत की सूचना पर भारी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया।

### 123 बच्चों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत पांच विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटर के 123 बच्चों ने हिंदी प्रश्नपत्र की परीक्षा छोड़ दी। किसान इंटर कालेज इटैली गजना में हाई स्कूल में 277 छात्र पंजीकृत हैं जिसमें 20 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी वहीं इंटर में 294 पंजीकृत है जिसमें 12 ने परीक्षा छोड़ी। वहीं सीताराम इंटर कालेज हनुवाडीह में हाई स्कूल में 148 में 3 व इंटर में 316 में 14 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी क्रम में जयराम इंटर कालेज मुर्तजाबाद में हाई स्कूल के 214 में 23, इंटर में 181 में 5 बच्चों ने परीक्षा नहीं दी। गोवर्धन इंटर कालेज में हाईस्कूल के पंजीकृत 202 में 10 तथा इंटर के 170 में 15 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी। इसी प्रकार सुखराम मेमोरियल बालिका इंटर कालेज बगथरी के हाई स्कूल के 292 में 15 व इंटर के 340 में 6 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी।

### हाईस्कूल में 266 तो इंटर में 251 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**चंदवक।** क्षेत्र के आदर्श इंटर कॉलेज रेहारी में हाईस्कूल के 577 में 72, इंटर के 527 में 62, श्री गणेश राय इंटर कॉलेज डोभी के हाईस्कूल के 597 में 94, इंटर के 584 में 96, राष्ट्रीय विद्या मंदिर चंदवक में हाई स्कूल के 597 में 54, इंटर के 604 में 75 व इंटर कॉलेज मढ़ी में हाई स्कूल के 429 में 35 तो इंटर के 301 परीक्षार्थियों में से 6 ने, मथुरा सिंह इंटर कॉलेज कोइलारी हाईस्कूल में 400 में 11 व इंटर में 364 में 12 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी दी।

### दोनों पालियों में 65 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**पवांरा।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से प्रारम्भ हो चुकी है। गुरुवार को हुई परीक्षा में होरिलराव इण्टरमीडिएट कॉलेज कुंवरपुर में सुबह हाईस्कूल की हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 436 परीक्षार्थियों में से 12 अनुपस्थित रहे और दूसरी पाली में इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 501 परीक्षार्थियों में से 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं अशर्फी देवी बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज पवांरा में सुबह हाईस्कूल हिन्दी की परीक्षा में 249 परीक्षार्थियों में से 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और दूसरी पाली की इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा में 126 में से 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# कानपुर की घटना को लेकर लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

**रोष**

### सरकार से परिवार में एक को सरकारी नौकरी व एक करोड़ रुपए का मांगा मुआवजा

**जनसंदेश न्यूज**



कैण्डल मार्च निकालते लोग

**मुंगराबादशाहपुर।** कानपुर देहात में हुए बुलडोजर एक्शन से मां बेटी की हुई मौत को लेकर आक्रोशित युवाओं ने बुधवार की देर शाम को कैंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया। उन्होंने दोषियों को फांसी की सजा व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की।

समाजसेवी अश्वनी तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों लोग क्षेत्र के गांव मधुपुर में स्थित एमपी मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने जुटे और बैठक की। इसके बाद वह हाथ में कैंडल जलाकर एमपी मेमोरियल हॉस्पिटल से नगर में भ्रमण करते हुए मधुपुर चौराहे पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी अश्वनी तिवारी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकार लोगों के ऊपर जुल्म कर रही है। सरकार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। सरकार पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा दें। जनता अब उनकी कार्यशैली को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। कैंडल मार्च में अश्वनी तिवारी, विशाल यादव, सोनू यादव, पवन यादव, धर्मेंद्र यादव, राहुल यादव, शाहिद अंसारी, अरुण मौर्य व विवेक सरोज आदि लोग शामिल रहे।

# चोरों ने गैराज से एक लाख का सामान किया पार

**जनसंदेश न्यूज**



**खेतासराय।** नगर के बारा मोड़ पर स्थित एक गैराज से बुधवार की रात्रि चोरों ने लगभग एक लाख का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक जोगियाना मोहल्ला निवासी फारुख आजम का बारा मोड़ पर एक बड़ा गैराज व गोदाम है। बीती रात चोरों ने दीवार फांद कर ट्रैक्टर की पुल्ली, सरिया, ट्यूबवेल का पंखा, कमानी आदि सामान पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की सुबह परिवार वाले गैराज में गए तो कीमती सामान गायब मिला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इससे पहले नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल में चोरों ने घुसकर हजारों के सामान पर हाथ साफ कर दिया था। शिकायत के बावजूद पुलिस अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

### खराद की दुकान से मोटर चोरी

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित रेलवे फाटक के पास खराद मशीन की दुकान से मोटर चोरी हो गई। सूचना पर पहुंचे जंघई पुलिस चौकी के दीवान ने पास पड़ोस के दुकानदारों से पूछताछ किया। बभनियांव निवासी रामसजीवन विश्वकर्मा की रेलवे फाटक के पास वेल्डिंग की दुकान है। रोज की तरह बुधवार को भी वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पर आए तो दुकान पूर्व की भांति बंद रही किन्तु अंदर देखा तो लोहे का सामान इधर उधर पड़ा था और खराद की मोटर नदारद थी।

# करेंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**खुटहन।** सलेमपुर गांव में गुरुवार को अपने खेत की सिंचाई कर रहा युवक बगल खेत की सुरक्षा हेतु घेरे गये झटका मशीन के करेंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन उपचार हेतु सीएससी ले गए जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक पुत्र फुर्दिल अपनी गेहूं के फसल की सिंचाई कर रहा था। उसके बगल गांव के सुनील यादव का खेत है जिसकी सुरक्षा हेतु वह चारों तरफ बांस बल्ली के सहारे नंगा तार घेरकर झटका मशीन से करेंट प्रवाहित किए हुए हैं। अभिषेक सिंचाई करते समय असंतुलित होकर तार पर गिर गया। अगल बगल खेत में काम कर रहे कुछ किसानों की नजर जब उस पर पड़ी तो वे शोर करने लगे। आपूर्ति बंद कर उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि घटना को लेकर अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## संक्षेप

### निकाय चुनाव को लेकर आप ने कसी कमर, सौंपी जिम्मेदारी

**भदोही।** आम आदमी पार्टी भदोही द्वारा गुरुवार को यूनियन बैंक के सामने सुरियावां, अयोध्यापुरी कालोनी भदोही और यादव प्रतिष्ठान चांदनी चौक नई बाजार भदोही में संगठन के निर्माण को लेकर बैठक जिला अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथी के रूप में जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह से उपस्थित रहे। सभी जगह बैठक के दौरान संगठन विस्तार पर काम किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत सुरियावां के निकाय प्रभारी रोशन अली, नगर पालिका परिषद भदोही के निकाय प्रभारी इजहार अहमद, नगर पंचायत नई बजार के निकाय प्रभारी विनय कुमार बिंद को मनोनित किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह ने कहा कि नगर में नगर पंचायत और पालिका मै फैले व्यापक भ्रष्टचार अगर कोई खतम कर सकता है तो वो पार्टी आम आदमी पार्टी है। जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि बीजेपी नगर पालिका का चुनाव हार रही हैं इसलिये नगर पालिका का चुनाव समय पर नहीं करा रहे हैं। आम आदमी पार्टी नगर पालिका चुनाव मजबूती से लड़ रही और जीत रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मनोज गुप्ता, पंकज कुमार एडवोकेट, इजहर अहमद, विनय बिंद ,नवाज भाई, सादिक अंसारी, चांद भाई राजकुमार सिंह, शिव कुमार मौर्या, राजकुमार सिंह, बैजनाथ सरोज, नईम, धर्मेंद्र कुमार, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बाबा हरिहरनाथ मन्दिर का भ्रमण कर लिया जायजा

**ज्ञानपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने गुरूवार को बाबा हरिहर नाथ धाम मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के शान्तिपूर्ण सम्पादन हेतु शिव मन्दिरों सहित संवेदनशील स्थलों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा विशेष सर्तकता होगी। भीड़-भाड़ वाले सम्भावित स्थलों पर विशेष सर्तकता टीम रहेगी। संवेदनशील व सम्प्रदायिक क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। पर्व के अवसर पर बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व धार्मिक, संवेदनशील स्थलों पर सघन जॉच व तलाशी चेकिंग करायी जाए। जनसुविधाए, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई व विशेष ध्यान रखा जाए। असमाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालो पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवश्यकतानुसार विभिन्न मन्दिरों, स्थलों, मार्गो का समस्त उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से पीस कमेटी की बैठक कर अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में धारा 144 प्रकिया संहिता लागू है। इसका अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बलों को कानून व्यवस्था एवं सम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए महाशिवरात्रि का पर्व शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख शिवमन्दिरों पर कानून व्यवस्था हेतु भी पूर्ण व्यवस्था की गयी है।

### पानी नहीं मिलने से सूख रही किसानों की फसल

**भदोही।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत भवानीपुर गांव में राजकीय नलकूप लगभग पन्द्रह दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे किसानों के गेहूं की फसल पानी के बिना सूख रही है। मिली जानकारी के अनुसार भवानीपुर गांव स्थित राजकीय नलकूप नं 241 का मोटर कई हफ्तों से जल गया है। जिससे किसानों की फसल पानी बिना सूखने के कगार पर पहुंच गया है। क्षेत्रीय किसान प्रभाकर दूबे, बब्लू दूबे, रमाकांत दूबे आदि ने बताया कि नलकूप के खराबी की सूचना नलकूप विभाग को दे दिया गया है फिर भी नलकूप का मोटर नहीं लगाया गया। किसानों ने कहा कि यदि समय से नलकूप का मोटर नहीं लगा तो लगभग 200 बीघा गेहूं की फसलें सूखकर खराब हो जायेगी। इस सम्बन्ध में नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता संजय भारतीय ने बताया कि उक्त नलकूप को शीघ्र हीं ठीक करा दिया जाएगा जिससे किसानों को कोई परेशानी न हो सके।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# यूपीबोर्ड की परीक्षा में सीसीटीवी कैमरे हमेशा रहें अपडेट: डीएम

**परीक्षा**

### यूपीबोर्ड की पहले दिन की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न

### नकल विहीन परीक्षा हेतु केन्द्रो का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**



गिरधरपुर इंटर कालेज में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा वर्ष-2023 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन सुचितापूर्ण व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कन्ट्रोल रूम में जाकर मानीटरिंग सेल से परीक्षाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने द्वितीय पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक बी भारती व जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम ज्ञानपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय के साथ इन्द्रावती इण्टर कालेज गिरधरपुर में औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापक सुजाता यादव के साथ विद्यालय में बने कन्ट्रोल रूम में जाकर संचालित परीक्षा का अवलोकन करते हुए सीटिंग प्लान के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से पूछताछ, एडमिट कार्ड का मिलान आदि किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान छात्र, छात्राओं को तनाव मुक्त होकर धैर्य व संयम के साथ अपनी पूर्व की तैयारी मेहनत के अनुसार परीक्षा देने के लिए प्रेरित भी किया। सीटिंग प्लान में अव्यवस्था दृष्टिगत होने पर जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापक सहित कक्ष निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र भ्रमण स्टैटिक तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट का जायजा लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं से सम्बन्धित किसी भी शिकायत समाधान के लिए डीआईओएस आफिस में ग्रीवांस सेल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन जनपद में बोर्ड परीक्षाएं सुचारू ढ़ग से शान्तिपूर्वक संचालित हुई।

# डीएम के आदेश से जनपद में धारा 144 लागू

**ज्ञानपुर।** 16 फरवरी से चार मार्च तक जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा को नकल विहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने एवं होली के त्यौहार के दृष्टिगत असामाजिक एवं अवांछनीय सत्यों की गतिविधियों एवं उनके कार्य कालापों से शान्ति भंग होने की सम्भावना उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद की सीमा के अन्तर्गत लोक प्रशान्ति एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत धारा 144 लागू करने का आदेश पारित किया हैं। कोई भी व्यक्ति जुलूस अथवा सभा किसी सार्वजनिक स्थान पर जिलाधिकारी कार्यालय व उप जिला मजिस्ट्रेट के पूर्व अनुमति के प्राप्त किये बिना नहीं करेगा, किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा सड़क या गली में पाँच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होगे। यह आदेश धार्मिक स्थल, शव यात्रा एवं विवाह के बारात पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के आस पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग तथा परिसर में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर पे स्कैनर पेजर आईटी गजेट्स आदि इजेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

### सीडीओ ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने गुरुवार को महुआरी गांव का निरीक्षण किया। महुआरी गांव में 17 फरवरी को जन चौपाल का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वर्क हज मंत्री शुक्रवार को जन चौपाल में आएंगे। कार्यक्रम स्थल का मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने सभी विभागों का बैठक कर अपने अपने कार्यों का बुकलेट बनाने को निर्देशित किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल की साफ.सफाई एवं अन्य कार्य का निर्देश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान रमेश मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी संदीप सिंह, लेखपाल मुरली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# केएनपीजी में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कार्यक्रम**

### जी 20 विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**जनसंदेश न्यूज**



केएनपीजी में जिलास्तरीय पड़ोस युवा सांसद कार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्राचार्य

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में गुरूवार को नेहरू युवा केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैश्विक पटल पर भारत का अभ्युदय, जी 20 विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में बताया की वैश्विक पटल पर भारत का बहुत तीव्रता से उन्नयन हो रहा है। विषय की स्थापना नेहरू युवा केंद्र के प्रभारी रामगोपाल चौहान ने किया। वक्ता के रूप में डॉक्टर महेंद्र कुमार ने विकसित देशों के समूह जी-20 में भारत की गरिमामई उपस्थिति पर विस्तार से चर्चा की। डॉ विकास चंद्र ने बताया आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। डॉक्टर रविंद्र कुमार पांडेय ने मोटे अनाज की महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कामिनी वर्मा ने बताया जीवन में स्वस्थ शरीर का बहुत महत्व है। इसे खेल, व्यायाम ,योग व संतुलित भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करके स्वस्थ रखा जा सकता है। छात्र-छात्राओं में उपासना जायसवाल, रोजी बानो ,गरिमा मौर्य ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन आनंद देवा ने किया। इस अवसर पर लेखाकार अदनान उल्ला खान, राम गोपाल चौहान, राम अवध कुशवाहा, डॉक्टर संतोष आर्य, डॉ. प्रीति कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बंद मकान में घुसकर चोरी की घटना का सुरियावां पुलिस ने किया खुलासा

**कार्रवाई**

### घटना में शामिल दो शातिर चोर, चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



घटना में शामिल पकड़े गए दो चोरों को मीडिया के समक्ष पेश करती पुलिस

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र के छतरीपुर गाँव में बंदशुदा मकान में घुसकर चोरी की घटना का सुरियावां पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो शातिर चोरो को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

गौतम कुमार उपाध्याय निवासी छतरीपुर ने पिछले महीने सुरियावां थाना पर सूचना दी थी कि रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंदशुदा मकान में घुसकर बर्तन, कपड़ा आदि चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्समय अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। थाना सुरियावां के पाली चौकी प्रभारी सन्तोष राय की टीम ने मुखबिरी सूचना के आधार पर अभियोग का सफल अनावरण करते हुए चोरी की घटना में शामिल दो चोरों राहुल कुमार दुबे उर्फ नेहाल दुबे पुत्र योगेश कुमार दुबे निवासी बनकट थाना सुरियावां, मोनू सरोज पुत्र रामपति सरोज निवासी कृष्णापुर थाना सुरियावां को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-411 भादवि. की बढ़ोतरी तथा अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मुअसं.-30/2023 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

सफलता प्राप्त करने वाली टीम में चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार राय की टीम में पवन सिंह, रामानन्द, संदीप जितेंद्र यादव आदि लोग शामिल रहें।

# 42 मीटर की इमारत तक पहुंचने की क्षमता



## दबाव नहीं विश्वास से होता है काम: आनंद सिंह राजपूत

रवि प्रकाश सिंह





आनंद सिंह राजपूत
मुख्य अग्निशमन अधिकारी

मौजूदा समय में मल्टीस्टोरी भवनों का चलन है। ऐसे में काशी भी पीछे नहीं और यहां भी ऊंची इमारतों का निर्माण तेजी से हो रहा है। खासकर एक से दो दशक में काफी बदलाव भी हुआ। ऐसे में इन इमारतों में आग से बचाव के उपकरण भी लगे होते हैं अगर नहीं तो दमकल विभाग एनओसी ही नहीं देगा। बावजूद इसके अगर आग लगती है तो मौजूदा समय में 42 मीटर ऊंचे भवन तक पहुंचने का उपकरण वाराणसी फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट के पास है। आनंद सिंह राजपूत कहते हैं कि पहचान काम से मिलती हैं। कार्यालय में कब सुबह से रात हो जाती है, पता नहीं चलता। नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई से तनिक भी गुरेज नहीं करेंगे। दबाव क्या होता है ये उनकी डिक्शनरी में नहीं है। इस समय मुख्य अग्निशमन अधिकारी के तौर पर आनंद सिंह राजपूत वाराणसी की जिम्मेदारी संभाले हैं। जन संदेश टाइम्स से खास मुलाकात में उन्होंने विभाग से जुड़ी जानकारी साझा की।

### बहुमंजिला इमारत में उपकरण तो हैं लेकिन ट्रेंड कर्मी नहीं

बहुमंजिला इमारत में आग से बचाव के लिए उपकरण तो हैं लेकिन प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं होने से हादसों का होना बढ़ जाता है। जबकि प्राथमिक तौर पर बहुमंजिला इमारत के ओनर्स (मालिकों) को चाहिए कि अपने यहां कम से कम आधा दर्जन कर्मचारियों को ट्रेंड रखे ताकि तात्कालिक कार्रवाई हो सके, अगर दमकल को पहुंचने में थोड़ा बहुत विलंब भी हो तो ज्यादा नुकसान से बचा जा सके।

### सबसे पहले मदद को आगे आया अग्निशमन विभाग

बीते दिनों चेतगंज के बागबरियार में निर्माण के दौरान ढहे कच्चे मकान में दो मजूदर दब गये थे और इसमें एक की मौत हो गयी थी। घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचने वालों में आनंद सिंह राजपूत थे और यही नहीं विभाग से स्ट्रेचर भी साथ लेकर गये और अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने बताया कि मानवीय पहल जरूरी है और ऐसे मामलों में मदद के लिए जब भी जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले उनकी टीम सामने मिलेगी।

### नये ड्राफ्ट बनाने में रही अहम भूमिका

अंग्रेजों के जमाने का ऐक्ट समाप्त हुआ और नये ऐक्ट उत्तर प्रदेश अग्निशमन या आपातकाल सेवा के लिए छह सदस्यी कमेटी बनी जिसका ड्राफ्ट तैयार करने की मुख्य जिम्मेदारी आनंद सिंह राजपूत को मिली। हालांकि किन्हीं कारणों से कमेटी की ड्राफ्ट को रोक दिया गया और अब नये सिरे बनाने के इंतजार में मामला पेंडिंग है।

### मैन पॉवर से जूझ रहा विभाग

आनंद सिंह राजपूत बताते हैं कि अग्निशमन विभाग में 17 अधिकारियों की नियुक्ति है जबकि महज तीन अधिकारी काम में है। ये पद रिक्त और इसे भरने के लिए डीजी को पत्र लिखा गया। करीब सात बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है लेकिन अभी कुछ ठोस पहल हुई नहीं। ऐसे में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि वो इसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। वर्तमान में वाराणसी में पांच अग्निशमन स्टेशन हैं जो जिले को संभाले हैं।

# महाशिवरात्रि पर भांग-बूटी संग ठंडई का जलवा



### एक दिन में गटक जाते हैं 75 लाख की ठंडई

### बाजार में तरह-तरह के फ्लेवर वाली ठंडई की भरमार


### सर्वाधिक मांग होती है पिस्ता और केसरिया बादाम वाली की

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। नगरी भोलेनाथ की और मौका उनके विवाह के सालगिरह यानि महाशिवरात्रि पर्व का तो क्या कहने? भांग-बूटी और ठंडई के लिए मशहूर काशी में रहने या बाहर से आने वाले इस हसीन मौके को भुनाने में भला पीछे कहां रहने वाले। काशीवासी हो या फिर बाबा के श्रद्धालु, कमोवेश सभी प्रसाद के रूप में इसे गटकने से परहेज नहीं करते। इस दौरान तो कई घरों में भांग पिसने और ठंडई बनाने का भी चलन सदियों से चला आ रहा है। वहीं, इस पर्व को भुनाने में ठंडई निर्माता भी पीछे नहीं रहते। इस मौके का भरपूर फायदा उठाने के लिए निर्माताओं ने तरह-तरह के फ्लेवर में ठंडई बाजार में उतारा है। बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो आम दिनों की तुलना में अकेले महाशिवरात्रि पर बनारसी हो या फिर पर्यटक-श्रद्धालु 75 लाख से अधिक की ठंडई और भांग-बूटी गटक जाते हैं। महाशिवरात्रि पर भाग-बूटी संग ठंडई का अपना जलवा अलग अंदाज में ही नजर आता है। भोलेनाथ के भक्तों के लिए महाशिवरात्रि किसी त्यौहार से कम नहीं। इस दिन लोग भगवान शिव की पूजा करते हैं, उनके लिए व्रत रखते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाते हैं, जिसमें भांग-बूटी और ठंडई अवश्य शामिल रहता है। इस साल 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। पूरे दिन व्रत रखने के बाद तमाम लोग ठंडई पीकर व्रत खोलते हैं। वैसे तो काशी में भांग-बूटी और ठंडई की मांग बारहों महीने रहती है, लेकिन बात जब बाबा के शादी की सालगिरह की हो तो हर शख्स मगन हो मस्ती में डूब जाना चाहता है। खाने-पीने के शौकीनों के बीच ठंडई खासा मशहूर है। भांग की गोली के साथ बनारसी ठंडई का सेवन का अपना अलग अंदाज है। पिश्ता और केसरिया बादाम वाली ठंडई की मांग भी जबर्दस्त होती है। निर्माताओं ने अबकी बाबा के भक्तों को परोसने के लिए कई फ्लेवर की ठंडई बाजार में उतारी है। इसमें पान रस मिश्रित 'पान ठंडई' लोगों को ललचायेगी। खास यह कि पीने में बनारसी पान का मजा भी मिलेगा। इसके अलावा पिश्ता ठंडई, केसरिया ठंडई भी बाजार में उपलब्ध है। साथ ही गुलाब जल, खस, आरेंज, एस्ट्राबेरी, पाइन एप्पल, लीची, मुल्तान मिट्टी आदि मिश्रित ठंडई भी शौकीनों को अलग तरह का आनंद देने को तैयार है। निर्माताओं और विक्रेताओं की मानें तो आम दिनों की तुलना में महाशिवरात्रि पर भांग-बूटी और ठंडई की डिमांड 10 गुना बढ़ जाती है। वैसे कई शौकीन तो इस दिन घर पर भी ठंडई बनवाते हैं।

### सेहत के लिए फायदेमंद

चिकित्सकों की मानें तो ठंडई का सेवन सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है। ठंडई बनाने में इस्तेमाल होने वाला खसखस गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल जलन से राहत पहुंचाने का काम करता है। ठंडई बनाने में दूध, ड्राय फ्रूट्स का भी यूज होता है। ये सारी ही चीजें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और मिनरल्स से भरपूर होती हैं। जिससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं में आराम मिलता है। ठंडई बनाते वक्त बहुत से लोग इसमें तरबूज और कद्दू का बीज भी मिलाते हैं। जो ठंडई का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शरीर को ताकत और एनर्जी भी देता है। मुंह के छालों की वजह पेट की गड़बड़ी होती है। ठंडई के सेवन से पेट ठंडा रहता है और कब्ज से लेकर गैस, एसिडिटी की प्रॉब्लम भी दूर रहती है। तो इससे छालों की समस्या नहीं होती है।



### घर पर बनाएं शाही ठंडई

**सामग्री** : छोटी चम्मच सौंफ के बीज का पाउडर, छह पीस बादाम, एक छोटी चम्मच तरबूज का बीज, चार इलायची, एक छोटी चम्मच खसखस के बीज, तीन बड़ी चम्मच सूखी गुलाब की पंखुड़ियां, एक कप चीनी, एक चम्मच सौंफ, आठ छोटी चम्मल काली मिर्च मसाला, छह पीस पिस्ता, छह पीस काजू, जरूरत के हिसाब से ठंडा दूध–केसर व पानी। **बनाने की विधि** : सबसे पहले एक बड़ा कटोरा ले। अब इसमें बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस, गुलाब की पंखुड़ियां, मगज के बीज, काली मिर्च, सौंफ, इलायची आदि को इन सभी को डाल दें और इसमें ऊपर से पानी डालकर इन सभी को भीगने के लिए छोड़ दें। अब इसमें थोड़ा सा केसर भी डालना है और इस सारी सामग्री को तीन से चार घंटे के लिए भीगने देना है। जब सारी सामग्री अच्छी तरह से भींग जाए तो इसे मिक्सर जार में पीस कर पतला पेस्ट बना ले। अब एक मस्लिन का कपड़ा या सूती का कपड़ा ले और इसमें इन सारी सामग्रियों को डालें। कपड़े की सहायता से ठंडई को एक बाउल में छान ले। अब कटोरे में ऊपर से चार चम्मच चीनी और दो गिलास ठंडे दूध का डालें और इन सभी को अच्छी तरह से मिला दे। इन सभी सामग्रियों को दो से तीन मिनट तक शेक करके अच्छी तरह से मिलाना है। इस तरह से आप की ठंडई तैयार हो जाती है।

### ऐसे बनाएं पान वाली ठंडई

**सामग्री**: पान के पत्ते दो, चार इलायची, एक बटे चार कप पिस्ता, दो कप दूध, दो चम्मच चीनी आदि। **बनाने की विधि** : सबसे पहले पान के पत्तों को अच्छी तरह धो लें। मिक्सी में इन पत्तों के साथ ही पिस्ता, इलायची, चीनी और आधा कप दूध भी डालें। फिर अच्छी तरह से पीस लें। कुछ भी साबुत नहीं रहना चाहिए वरना ठंडई पीने में फिर मजा नहीं आएगा। इसके बाद इसमें बचा हुआ दूध डालकर भी पीस लें। अब तैयार है लजीज पान की ठंडई।

### ऐसे बनाएं बनारसी ठंडई

बनारसी ठंडई न केवल पीने वालों को स्वाद का एहसास कराती है, बल्कि यह औषधि के तौर पर भी प्रयोग में आती है। इसमें सौंफ, काली मिर्च, पिस्ता, गुलाब की पखुंडियां, काशमी, कूल्फा, तरबूज का बीज, काजू, बादाम, इलायची, गुलकंद, चारोमकज, गुरखैलू, केसर, मरीच, चीनी, मखाना, गुलाब जल, दूध आदि सामग्रियों का प्रयोग होता है। **बनाने की विधि** : इलाचयी दाने, गुलाब की पखुड़ियों, काली मिर्च को छोड़ समस्त सामग्रियों को छह से सात घंटे भिगोना चाहिए। जबकि इलायची दाने, गुलाब की पखुड़ियों और काली मिर्च को अलग से भिगोना होता है। जब बादाम और पिस्ता भींग जाए तो उसके छिलके को छील ले और बड़ा ही बारीक अलग–अलग पीस ले। बची हुई भीगी सामग्री को भी अच्छी तरह पीस लेना चाहिए। इसके बाद दूध, चीनी और पानी का घोल बनाए। इसमें पिसी हुई सारी चीजों को मिला दे और साफ सूती कपड़े पर रखकर हाथ से रगड़ते हुए दूध वाले घोल में छान ले। फिर गुलाब जल में केसर मिलाकर ठंडई में डाल दे। फिर इसे अच्छी तरह फेंट ले। अब बनारसी ठंडई तैयार।

# स्वरा भास्कर ने सपा नेता फहाद अहमद से की शादी



**विवाह बंधन में बंधीं**

### प्रोटेस्ट के कई कार्यक्रमों में रहे हैं साथ

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने शादी कर ली है। पॉलिटिकल एक्टिविस्ट फहाद अहमद संग उन्होंने कोर्ट मैरिज की है। स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने फैंस को बताने की कोशिश की है कि कैसे उनकी लव स्टोरी की शुरूआत हुई थी। कहा जा रहा है कि एक प्रोटेस्ट के दौरान दोनों की पहली बार मुलाकात हुई थी। बता दें कि प्रोटेस्ट के दौरान ही दोनों ने पहली बार एक साथ सेल्फी फोटो भी ली थी। इसके बाद फहाद ने उन्हें अपनी बहन की शादी में इनवाइट भी किया था। इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती का सिलसिला शुरू हो गया था।

वीडियो शेयर करते हुए स्वरा ने लिखा, "कभी-कभी आप किसी ऐसी चीज के लिए दूर-दूर तक खोज करते हैं जो आपके ठीक बगल में होती है। हम प्यार की तलाश में थे, लेकिन हमें पहले दोस्ती मिली और फिर हमने एक दूसरे को पाया। मेरे दिल में आपका स्वागत है फहाद अहमद। थोड़ी अराजक हूं, लेकिन तुम्हारी हूं!"

बता दें कि फहाद राजनीतिक दुनिया से ताल्लुक रखते हैं। वह समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। वह सपा के समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं, स्वरा भास्कर बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। स्वरा ने अपने करियर की शुरूआत संजय लीला भंसाली की फिल्म गुजारिश से की थी। हालांकि उन्हें असली पहचान साल 2011 में आई माधवन और कंगना की फिल्म तनु वेड्स मनु से मिली। इस फिल्म के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक कई फिल्मों दमदार परफॉर्मेंस दीं।

# भारत में दूध के दाम बढ़ने की वजह?



### कंपनियां कह रही हैं, हर चीज में लागत बढ़ गई है

### आमजन में दूध की खपत पहले से ज्यादा हुई है

सवेरे बिना दूध वाली चाय से दिन की शुरूआत करने के बारे में क्या आप सोच सकते हैं? अब भी बहुतेरे हैं जो इस तरह से चाय पीने की सोच भी नहीं सकते। असल में भारत जैसे देश में दूध की खपत बहुत है और बढ़ती आबादी से कीमतों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि लोग दूध की लगातार बढ़ती महंगाई से परेशानी महसूस कर रहे हैं।

दिल्ली में अधिकतर दूध की आपूर्ति करने वाले मदर डेरी ने दिसंबर में दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाए थे। साल 2022 में दूध के दामों में ये पांचवी बढ़ोतरी थी। अब दूसरी दुग्ध आपूर्तिकर्ता कंपनी अमूल ने भी दूध के दाम तीन प्रति लीटर रुपये तक बढ़ा दिए हैं। अमूल ने नवंबर में भी दूध के दाम बढ़ाए थे। दूध के दाम बढ़ने के कारणों के पीछे कंपनियों ने बढ़ी हुई लागत को ज़िम्मेदार बताया है।

भारत में एक औसत भारतीय महीने भर में खाने पर होने वाले कुल खर्चे में से लगभग 20 प्रतिशत दूध पर खर्च करता है। नेशनल सैंपल सर्वे (एनएसएस) के 68वें दौर (2011-12) के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में भारतीय दूध और दुग्ध उत्पादों पर महीने में 116 रुपये खर्च करते हैं। शहरों में ये खर्च और ज्यादा है। शहरों में लोग महीने भर में खाने पर होने वाले 923 रुपये में से 187 रुपये दूध पर खर्च करते हैं। शोध बताते हैं कि पिछले एक दशक में भारत में सभी आय वर्ग के लोगों में दूध का इस्तेमाल बढ़ा है। ऐसे में दूध के बढ़ते दाम उनके लिए परेशानी बन सकते हैं।

सवाल है कि क्यों बढ़ रही हैं दूध की कीमतें। नवंबर 2022 में दूध की थोक मुद्रास्फीति दर 6.03 प्रतिशत तक हो गई थी। जून के बाद ये दूसरी बार है जब थोक मुद्रास्फीति छह प्रतिशत पहुंची थी। बाकी महीनों में ये दर 5.4 प्रतिशत तक रही थी। अक्टूबर 2022 में 8.39 फीसदी की तुलना में समग्र थोक मुद्रास्फीति 5.85 फीसदी तक कम हो गई थी। ऐसे में थोक मुद्रास्फीति नियंत्रित होने के बावजूद दूध में ये बढ़ोतरी होने के पीछे क्या कारण हैं? इसकी दो खास वजहें हैं।

पहला, चारे की कीमतें - चारे का इस्तेमाल पशुओं को खिलाने के लिए होता है। जून 2013 के बाद इसके दाम इस समय सबसे ज्यादा हैं। चारे की थोक मुद्रास्फीति पिछले साल अक्टूबर में 8.85 प्रतिशत थी। वहीं, अगस्त में 25.54 प्रतिशत और सितंबर में 25.23 प्रतिशत थोक मुद्रास्फीती रही थी। दूसरा, बढ़ती मांग - वैश्विक दुग्ध उत्पादन का 23 प्रतिशत भारत में उत्पादित होता है। भारत में लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में काम शुरू हुआ है और इससे वैश्विक स्तर पर दूध की मांग बढ़ गई है। पिछले साल के मुकाबले दूध खरीद दर भी 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़ी है। ये सभी कारणों के चलते दूध के खुदरा दाम बढ़ रहे हैं। पिछले साल नवंबर में मदर डेरी ने बढ़ते दामों के लिए मांग और आपूर्ति में आए अंतर की बात कही थी। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि दूध के दाम बढ़ाने की इसलिए जरूरत है ताकि सही कीमत देकर किसानों को मदद मिल सके और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दूध मिल सके। अमूल ने पिछले साल नवंबर में दाम बढ़ाने पर कहा था कि उनके बढ़ाए दाम कुल मुद्रास्फीति से कम हैं। कंपनी ने कहा था, दो रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाने से एमआरपी में चार प्रतिशत की वृद्धि होती है जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से कम है।

